# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 29 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-42 | पृष्ठ -14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### मेला देखकर लौट रहे 3 दोस्तों की कार दुर्घटना में मौत

**मधेपुरा।** जिले के अरार थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात 12 बजे के बाद ग्वालपारा मेला देख वापस लौट रहे अरार पुल के पास एक कार दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौत हो गई। बताया जाता है कि अरार पुल के समीप चालक का नियंत्रण कार पर से हट गया और कार एक पोल तोड़ते हुए सुरसर नदी में जा गिरी। कार में चार लोग के सवार रहने की बात कही जा रही है एसडीआरएफ की टीम चौथे युवक की तलाश में जुटी है। घटनास्थल पर पहुंच पुलिस ने स्थानीय नागरिकों की मदद से तीनों शवों को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतकों में मधेपुरा स्टेशन चौक वार्ड 23 निवासी घनश्याम कुमार (28), सहरसा जिले के बसनही थाना क्षेत्र के मोकमा निवासी अंकित कुमार (26) और सौर बाजार थाना क्षेत्र के वसंत कुमार (23) हैं।

### इंडिगो विमान की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग सभी यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली :** विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रहे इंडिगो के एक विमान को शनिवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें सवार 161 यात्री और चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। दिल्ली पुलिस के इंडिगो विमान में इंजन फेल होने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

### अयोध्या में मंत्री दयाशंकर के यज्ञ स्थल में लगी आग

**अयोध्या ।** अयोध्या में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के यज्ञ स्थल में शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। एक एकड़ में फैला यज्ञ स्थल कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त यज्ञशाला खाली थी।

### जबलपुर में आठवीं कक्षा में फेल होने पर छात्र ने दी जान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में सिहोरा थाना क्षेत्र के दराची टोला में आठवीं कक्षा में फेल होने से आहत एक 13 वर्षीय छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र मैहर जिले के झुकेही गांव का रहने वाला था और इन दिनों अपने मामा के घर रह रहा था। परीक्षा परिणाम आने के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान था और इसी तनाव में उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

# जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन कर पीएम बोले ये है आपकी अमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह उद्घाटन मैं नहीं कर रहा, मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है।

उद्घाटन यहाँ उपस्थित जनता कर रही है। यह एयरपोर्ट युवाओं के भविष्य को उड़ान देने वाला है, ये आपका भविष्य है और आपका पुरूषार्थ है। मोदी ने कहा कि आज हम विकसित यूपी-विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। यूपी देश के सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। मेरे

## शिलान्यास और उद्घाटन दोनों का मिला सौभाग्य



लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं, एयरपोर्ट का शिलान्यास और उद्घाटन दोनों का सौभाग्य मिला। यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए अनेक नए अवसर लेकर आने वाला है जो विकसित उत्तर प्रदेश का प्रतीक बनेगा। मोदी ने कहा कि आज पूरा विश्व कितना चिंतित है, संकट के इस समय में भी भारत ने अपने विकास को जारी रखा है। पिछले कुछ सप्ताह में ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश का यह चौथा बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसका शिलान्यास या लोकार्पण हुआ है।

## यूपी को मिलेगी नई पहचान और रफ्तार : योगी

**जेवर (एजेंसी) :** जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह एयरपोर्ट नए भारत की बदलती तस्वीर का सशक्त उदाहरण है, इससे यूपी को नई पहचान और रफ्तार मिलेगी। पिछले एक दशक में केंद्र सरकार की नीतियों ने योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर परिणाम भी दिए। वैश्विक अस्थिरता के बावजूद पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को नियंत्रित और सप्लाई चेन को सुचारु बनाए रखना बड़ी उपलब्धि है। कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में सुधार ने राज्य को निवेश के अनुकूल बनाया है। इस परियोजना का शिलान्यास नवंबर 2021 में हुआ और आज पहले चरण का उद्घाटन हो गया जो डबल इंजन सरकार की कार्यशैली को दर्शाता है। योगी ने जेवर एयरपोर्ट को यूपी के ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र बताते हुए कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे, भविष्य में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल वे, गंगा एक्सप्रेसवे, आरआरटीएस, दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल लाइन जैसे नेटवर्क प्रदेश को विकास की एक नई ऊंचाई तक ले जाने का कार्य करेगा।

# सभी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें : नीतीश कुमार

## राजधानी की कई निमार्णाधीन योजनाओं का सीएम ने किया निरीक्षण

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना शहर स्थित विभिन्न निमार्णाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास निर्माण कराये जा रहे लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क (बिहार गौरव पार्क) के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया।

**सैरगाह का किया स्थल निरीक्षण :** इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान के निकट बनाये जा रहे पटना हाट के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक निर्माण कराये जा रहे सैरगाह का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैप के माध्यम से बताया कि सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक सैरगाह की सुविधा होगी, जिसमें यहां आनेवाले लोगों के लिये पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, सिटिंग एरिया, छतरीनुमा स्तंभ सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध होंगी। सीएम ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें, ताकि शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। सभ्यता द्वार से सैरगाह के जुड़ जाने से लोग इसका और अच्छे ढंग से आनंद उठा सकेंगे।

**ये रहे मौजूद :** निरीक्षण के दौरान मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेष पराशर, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, पटना नगर निगम के आयुक्त यशपाल मीणा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### जय प्रकाश नारायण पार्क का निरीक्षण

बांस घाट के पास लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का निर्माण लोकनायक के सम्मान में किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास इस पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से करायें। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा।

**पुराने शवदाह गृह परिसर को भी बेहतर बनायें :** मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित नये मुक्ति धाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य कराया गया है। यहां दाह संस्कार की सुविधाओं के साथ-साथ नागरिक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीएम ने बांस घाट स्थित पुराने शवदाह गृह परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसको भी और बेहतर ढंग से बनायें। जो नया मुक्ति धाम बना है, उसके साथ-साथ इस पुराने शवदाह गृह परिसर में भी सारी सुविधायें उपलब्ध करायें।

### नीतीश कुमार 30 को देंगे एमएलसी पद से इस्तीफा

**13 अप्रैल के बाद छोड़ सकते हैं मुख्यमंत्री की कुर्सी**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में राजनीतिक हलचल के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 30 अप्रैल को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं, जबकि 13 अप्रैल के बाद कभी भी मुख्यमंत्री पद छोड़ सकते हैं। मुख्यमंत्री आवास से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। नीतीश कुमार ने 16 मार्च को राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल की है। नियमों के अनुसार उन्हें 14 दिनों के भीतर इस्तीफा देना होगा। समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने 32 जिलों में 32 जनसभाओं को संबोधित किया, लेकिन कहीं भी राज्यसभा जाने या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का कोई जिक्र नहीं किया।

## पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी का काठमांडू में विरोध



**काठमांडू (एजेंसी) :** पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की शनिवार सुबह हुई गिरफ्तारी के बाद काठमांडू घाटी में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं और नेपाल की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आ गया है।

पुलिस ने शनिवार सुबह ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखाक को पिछले साल सितंबर में हुए तथाकथित जेन जी आंदोलन के दमन से जुड़े हत्या के मामलों में भक्तपुर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद तबीयत बिगड़ने पर ओली को काठमांडू के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओली किडनी प्रत्यारोपण करवा चुके हैं। उनका दो बार किडनी ट्रांसप्लांट भी हो चुका है। ओली की पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के कार्यकताओं ने काठमांडू घाटी में प्रदर्शन करते हुए टायर जलाए और जांच आयोग की रिपोर्ट की प्रतियां फूंक दीं जिसमें ओली, लेखाक और पूर्व पुलिस प्रमुख चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ आपराधिक जांच की सिफारिश की गई थी। प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की अध्यक्षता में हुई नई कैबिनेट की पहली बैठक में शुक्रवार को आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया था। इसके बाद कई जगहों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें भी हुईं, जिनमें कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने भी सरकार के इस कदम पर चिंता जताते हुए कहा कि बिना पर्याप्त कानूनी प्रक्रिया और अध्ययन के इतनी बड़ी कार्रवाई करना देश में अस्थिरता को बढ़ा सकता है।

## रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन



**मुंब (एजेंसी)।** इरेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे मुंबई के चंदनवाड़ी श्मशान घाट में होगा। गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विजयपत सिंघानिया देश की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनी रेमंड ग्रुप के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर रहे हैं। विजयपत 2017 से ही बेटे गौतम सिंघानिया के साथ परिवार और संपत्ति से जुड़े विवाद को लेकर सुर्खियों में थे।

## एक दिन में 54 लाख सिलेंडर डिलीवर किए गए : केंद्र सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करने वाली मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। सरकार ने शनिवार को बताया कि 27 मार्च को 54 लाख से अधिक एलपीजी रिफिल वितरित किए गए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक एलपीजी वितरकों में आपूर्ति की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है। वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड आधारित डिलीवरी को फरवरी 2026 में 53 प्रतिशतसे बढ़ाकर 84 प्रतिशत कर दिया गया है। सभी रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत का 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है।

## सहानुभूति की राजनीति कर रही हैं ममता : शाह

**बंगाल चुनाव 2026**



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पिछले 15 वर्षों से भय, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति चल रही है और आने वाला चुनाव यह तय करेगा कि बंगाल की जनता भय को चुनेगी या भरोसे को। इसके साथ ही अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक विस्तृत आरोप पत्र भी जारी किया। उन्होंने कहा कि, यह किसी एक दल का दस्तावेज नहीं बल्कि बंगाल की जनता की आवाज है, जिसे उनकी पार्टी सामने ला रही है। उन्होंने कहा कि यह आरोप पत्र राज्य सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है। अपने संबोधन में अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सहानुभूति की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमेशा खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा कि कभी चोट लगने का मामला सामने आता है, कभी सिर पर पट्टी बांधकर सहानुभूति लेने की कोशिश होती है, कभी बीमारी का हवाला दिया जाता है और कभी चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब इन बातों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि बंगाल का यह चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं बल्कि राज्य को भय के माहौल से मुक्त कराने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में आम लोगों को जान-माल की सुरक्षा को लेकर डर रहता है, संपत्ति लूटे जाने का भय बना रहता है, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती है और युवाओं को अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है।

## हरियाणा : सड़क हादसे पति-पत्नी की गई जान

**नूंह (एजेंसी)।** दिल्ली-मुंबई हाईवे पर हरियाणा में फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र में दो कारों की भिड़ंत में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। इस हादसे से चार बच्चों के सिर से मां-बाप का साया हमेशा के लिए उठ गया है। कमालपुरा महुवा निवासी दीपेंद्र पत्नी आशा उर्फ अपसरी और परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली जा रहे थे। जैसे ही वे नूंह के फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में चैनल नंबर 68 के पास पहुंचे, उनकी तभी कार का टायर पंचर हो गया। इसके बाद दीपेंद्र ने कार को सड़क किनारे खड़ा किया और पंचर ठीक करवाने लगे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दीपेंद्र व पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस मामले की सभी एंगल से जांच कर रही है।

## स्टेशनों पर भीड़ से निपटने के लिए एआई कैमरे और 'वॉर रूम' : वैष्णव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए कई नए कदम उठाए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम और बेहतर निगरानी जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने लिखित जवाब में बताया कि 76 चिन्हित स्टेशनों पर स्थायी यात्री होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे ताकि प्लेटफॉर्म पर भीड़ कम की जा सके। इन क्षेत्रों में बैठने की सुविधा, पीने का पानी, शौचालय, टिकट काउंटर, सूचना बोर्ड और सुरक्षा जांच जैसी सुविधाएं होंगी, ताकि पीक समय में भीड़ को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ऐसा होल्डिंग एरिया पहले ही शुरू किया जा चुका है, जहां अतिरिक्त टिकट काउंटर, ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन सूचना बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, बैगेज स्कैनर, मेटल डिटेक्टर, बेहतर लाइटिंग, पावर बैकअप, आरओ पानी और अलग-अलग शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।



मंत्री ने कहा कि अन्य स्टेशनों पर भी ऐसी सुविधाएं विकसित करने का काम अलग-अलग चरणों में जारी है। यात्रियों की आवाजाही को बेहतर बनाने के लिए एक्सेस कंट्रोल सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसके तहत केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही सीधे प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति होगी। जिन यात्रियों के पास टिकट नहीं होगा या वेटिंग लिस्ट में होंगे, उन्हें बाहर बने होल्डिंग एरिया में रखा जाएगा। रेलवे ने भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए 12 मीटर और 6 मीटर चौड़े नए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) डिजाइन भी तैयार किए हैं, जिन्हें स्टेशनों पर लगाया जाएगा।

## केरल में प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहा यूडीएफ : राहुल गांधी

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी) :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में अपनी पार्टी की संभावनाओं को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) राज्य में 100 सीटों के साथ प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहा है।



केरल में 140 विधानसभा सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदान होना है और भीषण गर्मी के बीच चुनाव प्रचार चरम पर है। यह बयान राहुल गांधी ने कन्नूर से कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन और उनके परिवार से मुलाकात के बाद दिया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। इस मुलाकात को पार्टी के भीतर एकजुटता का संदेश देने की कोशिश वाला माना जा रहा है। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी ने सुधाकरन की राजनीतिक यात्रा की सराहना करते हुए उन्हें सच्चा कांग्रेसी सिपाही बताया, जो हर चुनौती और हर परीक्षा में मजबूती से खड़े रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उपमुख्य पार्षद ने किया सर्जरी अस्पताल का उद्घाटन



**फतुहा।** फतुहा-दनियावां रोड के फोरलेन आरओबी के पास शनिवार को कृष्णा सर्जरी अस्पताल का शुभारंभ किया गया। अस्पताल का उद्घाटन नप की मुख्य पार्षद अंजनी कुमारी ने फीता काटकर किया। अस्पताल के फाउंडर सर्जन डॉ. किसलय कांत ने बताया कि अब यहां के मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसी भी रोग का इलाज यहां कम से कम खर्च पर किया जाएगा। बहुत जल्द आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भी यहां इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### आसनसोल एक्सप्रेस पर पथराव करने वाले दो गिरफ्तार



**फतुहा।** दानापुर रेल मंडल के फतुहा स्टेशन के पास गुरुवार को ट्रेन संख्या 12362 आसनसोल-मुबंई सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर हुए पथराव के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवकों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। गुरुवार दोपहर लगभग 1.30 बजे, जब आसनसोल सुपरफास्ट एक्सप्रेस फतुहा पहुंचने वाली थी, तभी शरारती तत्वों ने ट्रेन पर भारी पथराव शुरू कर दिया। इस अचानक हुए हमले से कोच के भीतर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और अपनी जान बचाने के लिए लोग सीटों के नीचे दुबक गए। पत्थरबाजी के कारण ट्रेन की खिड़कियों और दरवाजों के शीशे चकनाचूर हो गए। इस घटना के चलते ट्रेन करीब 20 मिनट तक (13.36 से 13.56 बजे तक) फतुहा स्टेशन पर खड़ी रही, जिससे रेल परिचालन भी बाधित हुआ। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ पोस्ट फतुहा में रेल अधिनियम की धारा 153 के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच की जिम्मेदारी उप निरीक्षक रवि रंजन को दी गयी थी।

### आरपीएफ ने शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार



**फतुहा।** स्टेशन पर दो लोगों को रेल चेकिंग स्टाफ ने शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के पास से करीब छत्तीस हजार रुपए और करीब 35 लीटर शराब बरामद की गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दौलतपुर निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सीपीआईएम ने युवकों पर हमले की निंदा की

**पटना।** सीपीआई (एम) के राज्य सचिव ललन चौधरी एवं राज्य सचिव मंडल सदस्य श्याम भारती ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर दरभंगा के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के भद् हर पंचायत नदियामी गांव में चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित आर्केस्ट्रा देखकर घर लौट रहे युवकों पर हुए जानलेवा हमले की तीव्र निंदा की है। पार्टी नेताओं ने कहा कि इस जघन्य घटना में भद्हर पंचायत के महरी गांव निवासी युवक मिथिलेश तांती की अपराधियों ने निर्मम हत्या कर दी, जबकि संतोष तांती को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, जिनका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। नेताओं ने कहा कि यह घटना राज्य में कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति को उजागर करती है तथा समाज के कमजोर तबकों, विशेषकर दलित समुदाय की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस एवं प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण निर्दोष दलित युवक की जान चली गयी।

### अनुपमा यादव और अक्षरा सिंह सहित कई कलाकारों की प्रस्तुति के साथ पटना में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव एक से

**पटना।** हिंदू सेवा ट्रस्ट बिहार के तत्वावधान में इस वर्ष राजधानी पटना में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मुख्य संस्थापक दीपक कुमार अग्रवाल ने आज यहां बताया कि कार्यक्रम के तहत एक अप्रैल को कंकड़बाग टेम्पो स्टैंड चौराहा पर एक हजार से अधिक हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया जाएगा। दो अप्रैल को सुबह हनुमान भक्त रक्तदान कर मानवता और देश सेवा का संकल्प दोहराएंगे। साथ ही मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। यह कैंप और रक्तदान शिविर सुबह आठ बजे से दिन के बारह बजे तक चलेगा। शाम में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रख्यात गायिका अनुपमा यादव, निशा उपाध्याय, मनीषा श्रीवास्तव, सिने अभिनेत्री अक्षरा सिंह, रितेश पांडेय, आनंद मोहन पांडेय, विनोद गवार और दीपक तिवारी सहित कई नामचीन भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस वर्ष पहली बार हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर पटना के विभिन्न मोहल्लों और मंदिरों से भक्तों की टोली शोभायात्रा निकालकर कंकड़बाग टेम्पो स्टैंड पहुंचेगी, जहां भजन संध्या में शामिल होने के साथ ध्वजारोहण भी किया जाएगा।

### उत्कृट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से किया सम्मानित



**पटना।** हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य समारोह में शनिवार को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह आयोजन 70वें रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित रहे। सोनपुर मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। महाप्रबंधक ने बेस्ट कोचिंग डिपो शील्ड, यांत्रिक विभाग बेस्ट ट्रेन सेट शेड (उ्व) शील्ड झ्र यांत्रिक विभाग, गैर-किराया राजस्व (ठत्रृफ) शील्ड झ्र वाणिज्य विभाग, ब्रिज मैनेजमेंट शील्ड इंजीनियरिंग विभाग, कानूनी दक्षता शील्ड विभाग जनसंपर्क शील्ड मीडिया से उत्कृष्ट समन्वय हेतु विशेष रूप से, सोनपुर मंडल के जनसंपर्क विभाग को कार्तिक पूर्णिमा एवं सोनपुर हरिहर क्षेत्र मेला के दौरान उत्कृष्ट मीडिया समन्वय एवं जनसंपर्क गतिविधियों के लिए पांचों मंडलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का सम्मान प्राप्त हुआ।

# धमकी देने वाले हड़ताली राजस्व अधिकारियों पर होगी प्राथमिकी

नवसंदेश ब्यूरो

## हड़ताली राजस्व अधिकारियों पर और सख्त हुई सरकार

**पटना।** राज्य के हड़ताली अंचल अधिकारियों (सीओ) और राजस्व अधिकारियों (आरओ) द्वारा कथित दबाव और धमकी की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि काम पर लौटे अधिकारियों को धमकाने या बाधा पहुंचाने वाले किसी भी संघ नेता या पदाधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था से कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। काम पर लौटे ईमानदार अधिकारियों को धमकाना न केवल कायरता है, बल्कि यह गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके खिलाफ भारतीय न्याय



विजय कुमार सिन्हा

संहिता और आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सरकार स्पष्ट कर देना चाहती है कि जो लोग डर और दबाव के जरिए राजस्व व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश कर

**काम पर लौटे अधिकारियों को डराने की कोशिश पड़ेगी भारी**

**बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई का**

रहे हैं, उनके लिए बिहार में कोई जगह नहीं है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें जेल भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। जो अधिकारी सरकार के साथ आए हैं उन्हें सुरक्षा और सम्मान देने की हम सबकी जिम्मेवारी है। जो इस्तीफा देकर चुनाव लड़े हैं, वे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके भी कार्यों की जांच कराई जाएगी। सरकार पूरी नजर बनाए हुए है। गंभीर आरोप वाले किसी भी हाल में नहीं बचेंगे।

वहीं विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। सरकार ने इसे न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन, बल्कि आपराधिक कृत्य माना है।

### सोशल मीडिया पर दी जा रही धमकियों पर सख्ती

विभाग को मिली शिकायतों के अनुसार, हड़ताल पर गए कुछ अधिकारी काम कर रहे अपने सहयोगियों को व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमका रहे हैं और सोशल मीडिया पर 'नेमिंग एंड शेमिंग' कर मानसिक दबाव बना रहे हैं। विभाग ने इसे सरकारी कार्य में बाधा डालने की गंभीर कोशिश करार दिया है।

### इन धाराओं में होगी कार्रवाई

प्रधान सचिव ने निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 132, 351, 352, 126, 127, 349, 350 और 195 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। इसके साथ ही आईटी एक्ट, 2000 की धारा 67 के तहत भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### संघ पर बढ़ता दबाव, लौटने लगे अधिकारी

सरकारी सख्ती के बाद हड़ताल कर रहे अधिकारियों के बीच दबाव बढ़ने लगा है। विभागीय जानकारी के अनुसार अब तक 24 अधिकारी काम पर लौट चुके हैं। पहले ही गैर-हड़ताली अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देकर कामकाज जारी रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई करें और इसकी रिपोर्ट विभाग को भेजें।



राजधानी पटना के बांस घाट पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।



चैती नवरात्रा के मौके पर पटना सिटी स्थित एक पंडाल में सिंदूर से होली खेलतीं महिलाएं।।

## प्रेम विवाह : परिवार और प्यार की कहानी ने बढ़ाई उत्सुकता

**भोजपुरी फिल्म का ट्रेलर रिलीज**

**सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू और काजल राघवानी की जोड़ी एक बार फिर दिखेगी बड़े पर्दे पर**

**पटना (एनएसबी)।** भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के लिए बहुप्रतीक्षित फिल्म 'प्रेम विवाह' का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर चर्चा का विषय बन गया है। एसआरके म्यूजिक प्रा लि प्रस्तुत इस फिल्म में सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू और चर्चित अभिनेत्री काजल राघवानी की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर रोमांस, पारिवारिक भावनाओं और सामाजिक संदेश के साथ नजर आने वाली है। ट्रेलर में प्रेम, रिश्तों, पारिवारिक टकराव और भावनात्मक उतार-चढ़ाव का ऐसा मिश्रण देखने को मिला है, जिसने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

फिल्म 'प्रेम विवाह' के ट्रेलर में जहां एक ओर कल्लू और काजल राघवानी की दमदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर कहानी में पारिवारिक मान-सम्मान, सामाजिक सोच और रिश्तों की अहमियत को भी खूबसूरती से पिरोया गया है। ट्रेलर में रोमांस, इमोशन, कमेडी और ड्रामा का संतुलित मेल दिखाई दे रहा है, जो इसे एक सम्पूर्ण पारिवारिक मनोरंजन फिल्म बनाता है। फिल्म में समर्थ चतुर्वेदी, संजय पांडेय, रीना रानी, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवल, अनीता रावत समेत कई कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और सह-निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं, जबकि निर्देशन की कमान संजय श्रीवास्तव ने संभाली है। निर्माता रौशन सिंह ने ट्रेलर को लेकर कहा कि ष्प्रेम विवाह' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि रिश्तों, प्रेम, परिवार और सामाजिक मूल्यों से जुड़ी एक खूबसूरत कहानी है। हमें पूरा विश्वास है कि इसका ट्रेलर दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। इस फिल्म को हमने पूरी ईमानदारी और भव्यता के साथ बनाया है, ताकि भोजपुरी दर्शकों को एक साफ-सुथरी, पारिवारिक और मनोरंजक फिल्म मिल सके। अरविंद अकेला कल्लू और काजल राघवानी की जोड़ी के साथ पूरी टीम ने शानदार काम किया है। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद देंगे।

निर्देशक संजय श्रीवास्तव ने कहा कि 'प्रेम विवाह' एक ऐसी फिल्म है, जिसमें प्यार, परिवार, भावनाएं और समाज की सच्चाई एक साथ देखने को मिलेगा। हमने कोशिश की है कि दर्शकों को एक ऐसी कहानी दें, जिससे वे खुद को जोड़ सकें। ट्रेलर फिल्म की सिर्फ एक झलक है, असली भावनात्मक और मनोरंजक सफर तो पूरी फिल्म में देखने को मिलेगा। अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि ष्यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। 'प्रेम विवाह' में दर्शकों को मेरा एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा। कहानी बहुत खूबसूरत है और इसमें मनोरंजन के साथ-साथ एक मजबूत संदेश भी है। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर की तरह फिल्म को भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा।

अभिनेत्री काजल राघवानी ने कहा कि प्रेम विवाह बेहद प्यारी और पारिवारिक फिल्म है। इस फिल्म में मेरा किरदार बहुत खास और भावनात्मक है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक इस कहानी और हमारे काम को जरूर पसंद करेंगे। ट्रेलर को देखकर जो प्यार मिल रहा है, वह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है।ष फिल्म की कहानी प्राण नाथ ने लिखी है, जो ट्रेलर से ही काफी प्रभावशाली और दर्शकों से जुड़ने वाली प्रतीत हो रही है। फिल्म का संगीत भी इसकी बड़ी ताकत माना जा रहा है, जिसे प्रियांशु सिंह, रौशन सिंह, आर आर पंकज और सरगम आकाश ने तैयार किया है। वहीं गीतों को सुमित सिंह चंद्रवंशी, आशुतोष तिवारी, मनोज भावुक, छोटू यादव और अन्य गीतकारों ने लिखा है। तकनीकी पक्ष की बात करें तो फिल्म की सिनेमैटोग्राफी सिद्धार्थ सिंह, एडिटिंग जितेंद्र सिंह 'जीतू', कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी और बैकग्राउंड स्कोर असलम सुरती ने किया है। ट्रेलर रिलीज के बाद दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और माना जा रहा है कि 'प्रेम विवाह' भोजपुरी सिनेमा की एक और बड़ी पारिवारिक हिट साबित हो सकती है। फिल्म के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी पीआरओ रंजन सिन्हा संभाल रहे हैं।

## अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का करें नियमित पर्यवेक्षण : जिलाधिकारी

**पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखने का सभी संबंधित एसडीओ और एसडीपीओ को निदेश**

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर पटना शहर में मार्च माह के अग्रिम कैलेण्डर के अनुसार आज उन्नीसवें दिन भी अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। यहां प्रस्तावित अडिट भवन के तीनों तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 200 झंडा, 70 बैनर 20 पोस्टर एवं 40 से 45 झोपड़ी हटाए गए।

पाटलिपुत्र अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहत्त्ठ मंदिरी काठ पुल से बांस घाट काली मंदिर, पुलिस लाईन होते हुए पुराना म्युजियम, कोतवाली थाना तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 स्टैण्डनुमा बोर्ड, सड़क किनारे से फल दुकान, गोलगप्पा दुकान, सब्जी दुकान इत्यादि को हटाया गया तथा 1 चार चक्का ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अभियान के दौरान 25,000 रुपए जुर्माना वसूला गया।

## मगही महोत्सव भाषा, संस्कृति और लोक जीवन का जीवंत उत्सव : प्रेम

**पटना (एनएसबी)।** मगही कनेक्शन के तत्वावधान में दो दिवसीय मगही महोत्सव 2.0 का शुभारंभ शनिवार को बापू टावर में हुआ। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर इसका शुभारंभ किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि मगही महोत्सव के सांस्कृतिक पर्व के अवसर पर हम सभी एकत्रित हुए हैं। यह हमारी पहचान, हमारी जड़ों और समृद्ध विरासत का प्रतीक है। मगही महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि भाषा, संस्कृति, परंपराओं और लोक जीवन का जीवंत उत्सव है। मैं पहले संस्करण में भी इसका हिस्सा बना था, और आज यहां आकर मुझे मगध के सांस्कृतिक गौरवबोध से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यह विदित है कि बिहार की प्रमुख भाषाओं में मगही का महत्वपूर्ण स्थान है, जो अपनी मिठास और समृद्ध विरासत को समेटे है। इसे शिक्षा, साहित्य और दैनिक जीवन में स्थान देने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा तथा नई पीढ़ी को इसके प्रति जागरूक करना होगा। यह महोत्सव भाषा और संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आंदोलन भी है।

पटना की मेयर सीता साहू ने मगही भाषा को समृद्ध भाषा कहा। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम भी भाषा और संस्कृति को प्रोत्साहित करने में जुटा है। महोत्सव के पहले दिन की शुरुआत के मौके मगध के इतिहास और पर्यटन से जुड़े चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई, यह आज भी जारी रहेगा।

### सुतल सइयां के जगावे कोयलिया हो तोरी मीठी बोलिया'

इसके पूर्व गया घराने की गायिकी से इसका शुभारंभ हुआ। पंडित सतीश शर्मा ने राग भैरवी, ठुमरी में अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही पंडित सतीश ने चैती गीत सुनाया। इसके बोल थे, सुतल सइयां के जगावे कोयलिया हो तोरी मीठी बोलिया...। इसके अलावा रसे रसे सावन रस बुंदिया...क़जरी का गायन कत्र दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मगही भाषा को अकादमिक क्षेत्र में भी बेहतर बनाना होगा'

महोत्सव के पहले सत्र में मगही भाषा के उत्थान : चुनौतियां और समाधान विषय पर चर्चा हुई। इस सत्र में धनंजय श्रीवास्तव (संपादक, मगही पत्रिका), डॉ. दिलीप कुमार (अध्यक्ष, मगही विभाग, पटना कलेज), डॉ. किरण कुमारी शर्मा (व्याख्याता, मगही विभाग, मगध विवि, बोधगया) ने अपने विचार साझा किए। प्राध्यापक डॉ. किरण कुमारी शर्मा ने कहा कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को मगही भाषा और इसकी पढ़ाई की दिशा में सकारात्मक पहल करना होगा। इसे आत्मसात करना होगा। मगही भाषा या इसकी पढ़ाई रोजगारपरक भी है बस ध्यान देने की जरूरत है। वार्तालाप में पृथ्वीराज सिंह (लेखक) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनकी किताब मगह देस है कंचनपुरी का लोकार्पण भी किया गया। इस सत्र का संचालन डॉ. उज्ज्वल ने किया।

द्वितीय सत्र में मगध की संस्कृति व परंपरा विषय पर चर्चा हुई, जिसमें डीएन सिन्हा (पूर्व अधीक्षण पुरातत्वविद, एएसआई), वरिष्ठ पत्रकार समी अहमद और संस्कृतिकर्मी निराला ने अपने विचार रखे। सिन्हा ने कहा कि राज्य ही नहीं बल्कि देश भर में मगध की सभ्य संस्कृति एवं परम्परा का जनक रहा है।

# शिक्षा, विज्ञान और आध्यात्मिक मूल्यों से ही संभव है उज्ज्वल भविष्य : एसडीपीओ





श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषणा सह सम्मान समारोह में एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी एवं आकर्षक वेश भूषा में स्कूल के बच्चे।

**बिरौल (एनएसबी)।** सुपौल बाजार डुमरी रोड स्थित सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषणा सह सम्मान समारोह हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया तथा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिरौल श्री प्रभाकर तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में कुल 154 मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ग्रेजुएशन गाउन, टोपी, मेडल, सर्टिफिकेट, कॉपी सेट, बुक सेट एवं प्रोत्साहन स्वरूप पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विशिष्ट मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

सम्मानित प्रमुख मेधावी छात्र-छात्राओं में हेमंत कुमार, आशीष कुमार, श्रेया सिंह, प्रांशु कुमार साह, रजनीश कुमार, दिव्यांशु कुमार, प्रियंका कुमारी, मोहन कुमार, दिव्या चौधरी, तिवाकर झा, अनुराधा, मणिकांत कुमार, शौरिश गुप्ता सहित अन्य विद्यार्थी शामिल रहे। वहीं जूनियर सेक्शन के सर्वश्रेष्ठ अनुशासित छात्र के रूप में गोलू गुड़िया तथा सीनियर सेक्शन में सोमिल को सम्मानित किया गया।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री प्रभाकर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। जब शिक्षा के साथ विज्ञान की सोच और आध्यात्मिक मूल्यों का समन्वय होता है, तभी एक संतुलित, सक्षम और सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण संभव होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे ज्ञान के साथ संस्कार और अनुशासन को भी अपने जीवन में अपनाएं।ह्व उन्होंने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुव्यवस्थित वातावरण के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की।विद्यालय के चेयरमैन श्री गणेश चौधरी ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त आधार है, जो बच्चों को सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुंचाती है। हमारा उद्देश्य केवल पाठ्य ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें एक आदर्श नागरिक बनाना है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री नवलेश चौधरी, निदेशक श्री बृजेश चौधरी, मैनेजर श्री पुरुषोत्तम चौधरी एवं शिक्षक राम रतन सहित समस्त शिक्षकगण की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को सफल एवं यादगार बनाया।

## अन्टौर गांव में अखंड नवाह संकीर्तन का हुआ समापन

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के अन्टौर गांव में नौ दिनों तक आयोजित अखंड नवाह संकीर्तन का समापन शनिवार को हवन, आरती और पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने अग्नि में आहुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन के साथ विश्व कल्याण की कामना भी की गई।

नौ दिनों तक चले इस संकीर्तन में ह्लजय सियाराम, जय जय सियाराम, गौरी शंकर जय हनुमान जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होते रहे। अंतिम दिन पंडितों द्वारा विशेष हवन और मंत्रोच्चारण का आयोजन किया गया। इस अखंड नवाह संकीर्तन की शुरूआत 19 मार्च, गुरुवार को हुई थी, जिसका समापन 28 मार्च को किया गया। इस धार्मिक आयोजन का संकल्प महंत श्याम सुंदर दास ने लिया था।

संकीर्तन के लिए कुशेश्वरस्थान के नारायणपुर गांव से कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। इस आयोजन में कुशेश्वरस्थान की मंडली के धीरज, सुमन, विक्रम, ललित, उगण सहित कुल 12 सदस्य शामिल थे। वहीं अन्टौर गांव से श्रवण कुमार, गणेश कुमार, प्रवीण भारती समेत कई अन्य लोग भी कीर्तन में भागीदार बने। पूरे कार्यक्रम के दौरान अन्टौर गांव के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## देश नफरत से नहीं मोहब्बत से विकसित होगा : डॉ मुन्ना खान

**13 वर्षों से अधिक समय से रामनवमी पर श्रद्धालुओं की सेवा करते आ रहे सामाजिक कार्यकर्ता**

**दरभंगा (एनएसबी)।** रामनवमी पर्व पर पिछले 13 सालो से भी अधिक वर्षो से सामाजिक कार्यकर्त्ता व वार्ड 29 के पूर्व पार्षद, डॉ. मुन्ना खान की ओर से इस बार भी रामनवमी पर मदयान डेंटल क्लिनिक पर फ्री मेडिकल शिविर और लोगो के लिए पीने के पानी और शरबत की व्यवस्था की गई थी।

कोई मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, जम्मू न जाने कहां-कहां से अपने घर पर्व मनाने आए तो कोई वर्षो बाद अपने घर आया और रामननवमी के जुलुस में चल रहे व परिवार के लोगों महिलाओ व अन्य लोगो ने खान चौक पर ऐसी गंगा-जमुना तहजीब वाली व्यवस्था देखकर कहा समाज में इस तरह के कार्य अच्छा होता है और सभी एक दूसरे के पर्व त्योहारों का इसी तरह से सम्मान करते रहे। डॉ मुन्ना खान ने कहा बहुत अच्छा लगता है हम और हमारे साथी मिलकर इस कार्य को अंजाम दिए। राम जी त्याग बलिदान,मयार्दा पुरुषोत्तम, समर्पण प्रेम के लिए जाने जाते है हमें उनके आर्दश को जीवन में अपना चाहिए उन्होंने सभी से प्रेम करने और साथ रहने का संदेश दिया है। वहीं घायलों को त्वरित उपचार के लिए डॉ. समद खान, डॉ. वारिस स्वास्थ्य कमीर्यों की टीम मौजूद थी जहां कहीं घायलों का उपचार किया। वही डॉ० मुन्ना खान के युवा साथी खान चौक से होकर गुजरने वाले अखरियों, खिलाड़ियों एवं झांकियों का भव्य स्वागत किया, जहां कांग्रेस के युवा पप्पू वादी नेता डॉ० मुन्ना खान खुद से आम जनों को शरबत और पानी बनंटते नजर आए।



शरबत बांटते डॉ मुन्ना खान।

## संक्षिप्त खबरें

### केवटी विधायक ने विभिन्न विद्यालयों में प्रबंध समिति की बैठक में लिया भाग

**केवटी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को स्थानीय विधायक ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कई विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मझिगामा, असराहा एवं छतवन में आयोजित विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकों में भाग लिया। बैठकों के दौरान विधायक ने विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति, बुनियादी सुविधाओं, छात्र उपस्थिति तथा शिक्षकों की उपलब्धता की



समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। विधायक ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाना प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी संबंधित पक्षों—शिक्षक, अभिभावक एवं समिति सदस्य—को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों और अभिभावकों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव विधायक के समक्ष रखे। विधायक ने आश्वासन दिया कि सभी उचित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, प्रबंध समिति के सदस्य एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ का सम्मान समारोह अब 4 अप्रैल को : आर के दत्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ एवं नासवी का जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह 29 मार्च को दरभंगा के हराही तालाब के निकट बहुउदेशीय भवन में होने वाली थी, जिसे किसी कारणवश आगे बढ़ाया गया है। इसकी जानकारी देते हुए संघ के मुख्य संरक्षक आर के दत्ता ने बताया की यह सूचना दी जाती है सभी संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों को 29 मार्च को होने वाले सम्मान समारोह अब आगामी 4 अप्रैल को आयोजित होगी। उन्होंने बताया की नासवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिह के निदेर्शानुसार 29 मार्च के बजाय अब 4 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा।

### रेड क्रॉस सोसाइटी के प्राथमिक उपचार शिविर में 200 मरीज लाभान्वित : डॉ आरबी खेतान

**दरभंगा (एनएसबी)।** मानवता सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा द्वारा रामनवमी के दिन 27 मार्च, 2026 को शोभा यात्रा मे शामिल श्रद्धालुओं के सेवार्थ राज्य प्रतिनिधि डाक्टर राम बाबु खेतान के नेतृत्व में और मैनेजिंग कमिटी के सदस्य सुनील कुमार सिंह, आशीष सर्राफ एवं सदस्य राजकुमार पासवान तथा गौरव जालान के संयोजकत्व में मशरफ बाजार स्थित गामी डिपार्टमेंटल स्टोर्स के सामने निःशुल्क 'फर्स्ट एड




मंच पर उपस्थित डॉ आर बी खेतान,तरुण मिश्रा एवं अन्य।

सेंटर'(प्राथमिक उपचार) एवं निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था की गई जिसमें लगभग 200 मरीज लाभान्वित हुए। संरक्षक आतम सराफ, लता खेतान एवं कमरे आलम ने बताया कि ऐसी सेवा रेड क्रॉस दरभंगा पिछले कई सालों से करती आ रही है। इस सेवा कार्य में सदस्य सिकंदर, तरुण कुमार मिश्रा, अन्नू सराफ, अंकित पोद्दार काफी सक्रिय रहे और आसपास के लोगों की भूमिका भी सराहनीय रही।

# लोकसभा में गूंजा मिथिला क्षेत्र में बंद पड़ी औद्योगिक इकाईयां चालू करने का मसला

**मिथिला क्षेत्र से पलायन को रोकने के लिए बंद पड़े औद्योगिक इकाईयों का चालू किया जाना आवश्यक : गोपाल जी ठाकुर**

**दरभंगा (एनएसबी)।** मिथिला क्षेत्र के दरभंगा मधुबनी समस्तीपुर सहित अन्य जिला में वर्षो से बंद पड़े औद्योगिक इकाईयों का मुद्दा लोकसभा में जोरदार से उठाई गई तथा इन बंद पड़े औद्योगिक इकाईयों को चालू करने के लिए सदन में विस्तार से चर्चा की गई।

शुक्रवार को देर संध्या दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा में शून्यकाल (जीरो आवर्स) के दौरान इस मुद्दे पर मुखर होते हुए कहा कि मिथिला क्षेत्र में पूर्ववर्ती सरकार के गलत नीतियों के कारण कई दशकों से बंद पड़े औद्योगिक इकाई को पुनः चालू किया जाए ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन हो सके और पलायन की समस्या का समाधान हो सके। सांसद डा ठाकुर ने सदन में चर्चा के क्रम में इन मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि व्यापक स्तर पर रोजगार देने वाली इस क्षेत्र के 1914 में स्थापित लोहट एवं रैयाम चीनी मील एवं 1933 में स्थापित सकरी चीनी मील तथा 1982-86 में स्थापित पंडौल का सूता फैक्ट्री, 1958 में स्थापित दरभंगा का अशोक पेपर मील, 1922 में स्थापित समस्तीपुर का जुट मील सहित कई अन्य ऐसे कल कारखाने थे जिसके द्वारा मिथिला क्षेत्र रोजगार के मामले में बहुत हद तक आत्मनिर्भर था लेकिन कांग्रेस राजद की पूर्ववर्ती सरकारों के गलत नीतियों के कारण 1996-97 के बाद एक एक कर इन सभी औद्योगिक इकाइयों को बंद कर दिया गया जिसके कारण यहां के लोगों को रोजगार के लिए पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा।

सांसद डा ठाकुर ने सदन में इन औद्योगिक इकाइयों को चालू किए जाने तथा नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार से शीघ्र पहल करने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि मिथिला क्षेत्र में मखाना आधारित उद्योग, पेंटिंग आधारित शिल्प उद्योग, रेलवे से संबंधित औद्योगिक संभावनाओं के लिए केंद्र सरकार अपने स्तर से पहल शुरू करे ताकि रोजगार सृजन की व्यवस्था हो एवं इस क्षेत्र से हो रहे पलायन पर विराम लगे।

सांसद डा ठाकुर ने लोकसभा में चर्चा के दौरान मैथिली भाषा को सम्मान दिए जाने के लिए देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी ने मिथिला की मातृभाषा मैथिली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया तथा वर्तमान पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में सीबीएसई पाठ्यक्रम में शामिल कर इसे छात्र छात्राओं के लिए पढ़ाई का माध्यम बनाया एवं संविधान का विमोचन कर इसे न्यायिक कार्यों में शामिल किया जिसके लिए मोदी सरकार की जितनी सराहना की जाए वह कम है। सांसद डा ठाकुर ने अपनी भावनाओं से सदन को अवगत कराते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मिथिला क्षेत्र में बंद पड़े औद्योगिक इकाईयो को पुनः चालू करने के लिए शीघ्र ठोस पहल शुरू किए जाएंगे।

## महिया दुर्गा मंदिर में नौ दिनों तक चलने वाले नवाह का समापन

**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के महिया दुर्गा मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नौ दिनों तक चलने वाले नवाह संकीर्तन (अखंड कीर्तन) का भव्य समापन हवन, आरती और पूणार्हुति के साथ समापन शनिवार को सम्पन्न हुआ।

इस दौरान, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने अग्नि को आहुति अर्पित की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन के साथ विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई। नौ दिनों तक चले संकीर्तन में 'जय सीताराम जय जय सीताराम' की धुन पर श्रद्धालु सराबोर होते रहे।अंतिम दिन पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विशेष हवन हुआ, जिसके बाद नारियल, घी और अन्य सामग्री से पूणार्हुति दी गई। समापन के दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के बाहर मेले जैसा लगा रहा। दूर दराज से कई कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। दस दिनों से चल रहे इस नवाह संकीर्तन में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। माहिया गांव का माहौल दस दिनों तक भक्तिमय बना रहा।

हवन के समय काफी संख्या में लोगों ने हवन किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यहां हर कोई अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा था।

## नशे में हंगामा करना पड़ा भारी, भौजाई की शिकायत पर युवक हुआ गिरफ्तार

**मेडिकल जांच में हुई 100 एमजी अल्कोहल की पुष्टि**

**घनश्यामपुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के कोर्थु गांव के टोला तपसी में शनिवार की सुबह शराब के नशे में हंगामा और गाली-गलौज कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई युवक की भौजाई अल्पना की शिकायत पर की गई। गिरफ्तार आरोपी को बाद में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गिरफ्तार युवक की पहचान स्वर्गीय उमेश सदा के पुत्र वकील सदा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह शनिवार सुबह शराब के नशे में घर पर उत्पात मचा रहा था और परिजनों के साथ गाली-गलौज कर रहा था। स्थिति बिगड़ने पर उसकी भौजाई ने पुलिस को सूचना देते हुए लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही घनश्यामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें उसके शरीर में 100 एमजी अल्कोहल की पुष्टि हुई।

थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि भौजाई के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी वकील सदा को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# न्यू एरा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मिथिला क्षेत्र दरभंगा के पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार तिवारी**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा शहर के लहेरिया सराय टावर स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिथिला क्षेत्र दरभंगा के पुलिस उप महानिरीक्षक ( डी आई जी) मनोज कुमार तिवारी उपस्थित थे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार सिन्हा, विद्यालय के प्राचार्य ई. आदित्य प्रकाश एवं विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार सिन्हा मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि डीआईजी मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य है। न्यू एरा पब्लिक स्कूल के द्वारा उनकी अच्छी परवरिश की जा रही है। बच्चों के बीच आकर उन्हें अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि यहां का वातावरण अनुशासित एवं प्रेरणादायक है। इस मौके पर प्राचार्य ई. आदित्य प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह वर्ष विद्यालय के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है। हमारे छात्रों ने शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शिक्षकों की मेहनत और समर्पण के कारण ही छात्र सफलता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को मिथिला पेंटिंग एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।




दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते डीआईजी मनोज कुमार तिवारी, निदेशक, प्राचार्य एवं अन्य।

कार्यक्रम में अभिभावक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मेंहक, मिहिका, आहना, खदीजा,अमायरा,अंश, मायरा, अक्षरा इत्यादि बच्चों ने अपने प्रदर्शन से खूब तालियां बटोरी। शिक्षिका प्रीति कुमारी, स्नेहा मीनाक्षी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। अंकिता एवं माधुरी ने मंच संचालन तथा आरोही ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनहित में पारदर्शिता के साथ सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क का अनुपालन करें सुनिश्चित : एसडीओ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसलिए जनहित में पारदर्शिता के साथ सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने शनिवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में अधिवक्ताओं के साथ नोटरी कार्यों में सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क (राशि) को लेकर आयोजित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उक्त बातें कहीं। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पक्षों को गंभीरता से सुना और स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि, नोटरी से संबंधित कार्यों में निर्धारित नियमों का पालन करते हुए सेवा प्रदान की जाए, ताकि लोगों को सरल एवं सुगम सुविधा मिल सके।ह्व बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि किसी स्तर पर समस्या उत्पन्न होती है, तो प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान किया जाएगा। साथ ही प्रशासन एवं अधिवक्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिवक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनहित सर्वोपरि है और सभी को मिलकर पारदर्शी एवं व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देना चाहिए।

### रामनवमी पर बिथान में निकली भव्य शोभा यात्रा, माँ भवानी की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**बिथान (एनएसबी)।** रामनवमी के पावन अवसर पर स्थानीय बिथान बाजार में भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।शोभा यात्रा की शुरुआत बिथान बाजार स्थित गांधी मैदान से हुई। इसके बाद यात्रा हाई स्कूल रोड, दुर्गा मंदिर रोड, स्टेशन रोड, बड़ी ठाकुरबाड़ी रोड तथा काली मंदिर मार्ग होते हुए नगर का भ्रमण करते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंची। इस दौरान जय श्रीराम और माँ भवानी के जयकारों से पूरा बाजार क्षेत्र गूंज उठा। शोभा यात्रा में माँ भवानी की आकर्षक झांकी विशेष रूप से लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा कई कलाकारों द्वारा करतब भी दिखाए गए, जिसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु भगवा ध्वज के साथ भक्ति में लीन चल रहे थे, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इस आयोजन में पूजा समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। बिथान के बीडीओ एवं थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जगह-जगह पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए थे। वहीं स्थानीय दुकानदारों एवं बाजारवासियों ने भी शोभा यात्रा का स्वागत किया और बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया।



### थाना से फरार महिला पर प्राथमिकी दर्ज, ऑन ड्यूटी महिला पुलिस पर होगी कार्रवाई

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना परिसर से महिला के फरार होने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। ओडी पदाधिकारी प्रेमराज पुरुषोत्तम के बयान के आधार पर फरार महिला उमेश राय की पत्नी रमिता देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं, ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। बताते चलें कि पिछले दिनों पूछताछ के लिए हिरासत में रखी गई महिला मौका पाकर थाना से फरार हो गई थी। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की गई और संबंधित पदाधिकारी का बयान दर्ज किया गया। इस संबंध में डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि, फरार महिला की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। साथ ही, ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाली महिला पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि, इस घटना को गंभीरता से लिया गया है और भविष्य में इस तरह के घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### जनता दरबार में आये चार मामले

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। प्रभारी अंचलाधिकारी अरुण कुमार शर्मा व थाना मुंशी की उपस्थित में आयोजित जनता दरबार के दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों से आये लोगों ने बारी-बारी से अपना पक्ष रखा। आपसी जमीन संबंधित विवादों की सुनवाई करते हुए मामले का निष्पादन कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी अंचलाधिकारी ने बताया कि शनिवार को नये एवं पुराने चार मामले में दो मामले को सुनवाई करते हुए निष्पादन कर दिया गया। वहीं बाकी दो मामले में दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद को सुनवाई करने के लिए अगले शनिवार जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### 18 और 19 अप्रैल को कल्याणपुर में होगा भाकपा माले का जिला सम्मेलन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भाकपा माले के आगामी जिला सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को कल्याणपुर प्रखंड के वासुदेवपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पार्टी का जिला सम्मेलन 18 और 19 अप्रैल को कल्याणपुर के वीरसिंहपुर स्थित चंदा विवाह भवन में आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव उमेश कुमार ने की। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा उपस्थित रहे, जबकि बतौर अतिथि राज्य सचिव कुणाल, केंद्रीय कमिटी सदस्य मंजू प्रकाश, राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और जिला कमिटी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, आयोजन स्थल, अतिथियों के आमंत्रण, प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क अभियान और संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि यह सम्मेलन पार्टी के लिए केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कामरेड कुणाल ने कहा कि जिला सम्मेलन पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने, जनसमस्याओं को धार देने तथा आने वाले समय की राजनीतिक रणनीति तय करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मंच होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए गांव-गांव तक संपर्क अभियान चलाया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सम्मेलन के पूर्व विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि आम जनता की समस्याओं, स्थानीय मुद्दों, किसान-मजदूरों की परेशानियों, बेरोजगारी, महंगाई और विकास से जुड़े सवालों को सम्मेलन में प्रमुखता से उठाया जा सके। इस मौके पर दिनेश कुमार, जीवछ पासवान, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, फूलबाबू सिंह, रंजीत राम, खुर्शीद खैर, हरिकांत झा, महेश कुमार, फिरोजा बेगम, लोकेश कुमार सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जनता दरबार में पहुंचे 7 फरियादी, 4 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन, राजस्व एवं अन्य स्थानीय विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में कुल 7 फरियादी अपनी-अपनी शिकायतों को लेकर पहुंचे, जिनमें से 4 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 3 मामलों को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, पुराने लंबित मामले तथा राजस्व से संबंधित विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

# अखंड ज्योत व पाठ के साथ श्याममय हुआ खाटू श्याम बिहारी मंदिर

## समान परिधान व श्रृंगार में सजी 61 महिलाएं हुई शामिल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के गोला रोड स्थित खाटू श्याम बिहारी मंदिर में शनिवार को अखण्ड ज्योत व पाठ के साथ तीन दिवसीय 59वां श्री श्याम महोत्सव शुरू हो गया। इस दौरान पाठ वाचक और श्रद्धालु महिलाओं के समवेत पाठ और कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति से पूरा खाटू श्याम मंदिर श्याममय हो गया। राजस्थान से पधारे रतनगढ के कृष्णानंद महाराज व प्रदीप पारुल आत्रे ने श्याम अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन साथ विधिवत पाठ आरम्भ कराया। इस पाठ में एक समान परिधान व श्रृंगार में सजी 61 महिलाएं में शामिल हुई। उल्लेखनीय है कि, पाठ में शामिल श्रद्धालुओं को पंजीयन के उपरांत मंदिर की ओर से एक समान परिधान प्रदान किए गए थे।

पाठ के बीच बीच में लखनऊ की रुद्राक्ष एवं रुद्र महाकाली इवेंट के कलाकारों की टोली ने भक्ति परक गीत, नृत्य और भाव नाटिका की प्रस्तुति से समां बांध दिया। अखंड ज्योत है अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया के उच्चारण से शुरू हुआ श्याम पाठ संग गीत, नृत्य व नाटिका का क्रम देर शाम तक चलता रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान सूरजगढ़ धाम से पधारे हजारीमल इन्द्रोलिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



पाठ कराते आचार्य, कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार व पाठ में शामिल महिलाएं।

वहीं आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सचिव निर्मल केडिया, वरिष्ठ सदस्य सुनील अग्रवाल, पंकज सिंघी, आनंद संथालिया, राजेश अग्रवाल, महेंद्र केडिया व मनोज काबरा, बसंत संथालिया, श्याम भूत, दीपू मोदी, राजेश अग्रवाल, जयप्रकाश भूत, रूपेश सोनी, अनिकेत अग्रवाल, माधव संथालिया, राकेश अग्रवाल, दिनेश केडिया, नयन सर्राफ, रितेश अग्रवाल, राधे बोहरा, सुमीत खंडेलवाल आदि व्यवस्था में तन्मयता और समर्पित भाव से लगातार व्यस्त दिखे थे। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी भोला अग्रवाल ने बताया कि, ह्वदूसरे दिन रविवार को शहर में निशान शोभायात्रा व सिगड़ी यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओ के साथ बच्चे भी शामिल होंगे। मंदिर परिसर से निकलने के बाद शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए मंदिर पहुंच समाप्त होगी।ह्व उन्होंने बताया कि, ह्वशोभायात्रा को लेकर सारी तैयारी शनिवार को पूरी कर ली गयी है।ह्व श्री अग्रवाल ने बताया कि, ह्वरास्ते में शोभायात्रा का श्रद्धालुओं की ओर से स्वागत भी किया जाएगा। 30 मार्च को महाभण्डारे के साथ इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा। इसी दिन फूलों की होली का भव्य आयोजन भी किया जाएगा।

# समस्तीपुर जिलाधिकारी ने की 'हीटवेव' एवं 'मॉनसून पूर्व' तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा, दिए कड़े निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आगामी गर्मी के मौसम में हीट वेव (लू) से बचाव और मॉनसून पूर्व एहतियाती तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला प्रशासन की तत्परता और आम जनमानस की सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया।




बैठक को संबोधित करते डीएम व अन्य।

**बैठक के प्रमुख बिंदु और निर्देश:**

**लू (हीट बेव) से बचाव एवं स्वास्थ्य प्रबंधन:** जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि, बढ़ते तापमान को देखते हुए जिले के सभी सार्वजनिक स्थानों, यथा— बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और प्रमुख बाजारों में शुद्ध पेयजल (प्याऊ) की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में श्री कुशवाहा ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, अनुमंडल व रेफरल अस्पतालों और सदर अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, जीवन रक्षक दवाएं और 'हीट वेव वार्ड' की व्यवस्था सुनिश्चित करें। **कार्य समय में बदलाव:** श्रम विभाग को निर्माण स्थलों पर कार्य करने वाले मजदूरों के लिए कार्य समय में बदलाव और कार्यस्थल पर छायादार स्थान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। **मॉनसून पूर्व की तैयारियाँ:** आगामी मॉनसून के दौरान बाढ़ और जलजमाव की चुनौतियों से निपटने के लिए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए, **तटबंध एवं नाला सफाई:** नगर निगम और संबंधित विभाग को शहरी क्षेत्रों में नालों की सफाई का कार्य ससमय पूर्ण करने तथा जल संसाधन विभाग को संवेदनशील तटबंधों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। राहत सामग्री एवं संसाधनः नावों का पंजीकरण, गोताखोरों की सूची और लाइफ जैकेट जैसे उपकरणों की भौतिक जांच कर उन्हें क्रियाशील रखने का आदेश दिया गया। जन-जागरूकता अभियानः इस क्रम में, जिलाधिकारी ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया, माइकिंग और विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को लू से बचने के उपायों के बारे में जागरूक किया जाए। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील किया कि गर्मी बढ़ने पर दोपहर के समय अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें, निकलना आवश्यक हो तो खुद को अच्छी तरह से ढक कर निकलें और अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें।

**जिलाधिकारी का संदेश:**

बैठक के अंत में श्री कुशवाहा ने कहा कि "आपदा प्रबंधन में 'रिस्पॉन्स' से अधिक महत्वपूर्ण 'प्रीवेंशन' (बचाव) है। इसलिए सभी अधिकारी प्रो-एक्टिव मोड में रहें। फील्ड स्तर पर तैनात अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में आम जनता को कोई असुविधा न हो। लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

# आदर्श पंचायत बनेगा निकसपुर पंचायत : संजू सक्सेना

## पंचायत सरकार भवन के लिए किया भूमि पूजन

**मोरवा (एनएसबी)।** आदर्श पंचायत बनाया जाएगा। निकसपुर पंचायत का सर्वांगीण विकास कर उक्त बातें कहीं प्रखंड के निकसपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन के लिए भूमि पूजन समारोह को सम्बोधित करते हुए पंचायत की महिला मुखिया संजू सक्सेना ने। मुखिया रहा है ताकि पंचायत के मतदाताओं एवं आम जनों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो। पंचायत में पंचायत सरकार में भवन नहीं बनने से लोगों में मायूसी छाई थी । लेकिन अब 2 करोड़ से अधिक की लागत से अति शीघ्र पंचायत सरकार भवन बन जाने से पंचायत में



संजू सक्सेना ने जानकारी दिया की पंचायत के सभी वार्डों में आवश्यकता के अनुसार सड़क, गली नाली, नल जल इत्यादि का समुचित ध्यान दिया गया है। पंचायत सरकार भवन के लिए आवश्यक भूमि शीघ्र उपलब्ध नहीं होने के कारण बहुत पहले पंचायत सरकार भवन नहीं बन सका था। चंदौली हाट के निकट पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो जाने के बाद अब अच्छे से पंचायत सरकार भवन बनाया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि पंचायत में जितने भी विकास के काम हैं सभी को अति शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा

अब बाकी सारी कमी पूरी हो जाएगी।प्रखंड के उप प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश कुमार शर्मा के द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण कीमत पहल शुरू किए जाने पर हर्ष प्रकट किया गया। इस अवसर पर मुखिया संजू सक्सेना के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच एवं पंचोपचार पूजन के द्वारा भूमि पूजन तथा नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। मौके पर उप मुखिया पुष्पा कुमारी, विकास कुमार चौधरी, संजीव कुमार सिंह, त्रिपाठी जी,अमीरचंद पासवान सहित आज का पंचायत प्रतिनिधि एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### भरण-पोषण से जुड़े मामलों का होगा त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन : एसडीओ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शनिवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में भरण-पोषण से संबंधित मामलों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें विशेष रूप से वृद्ध माता-पिता एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की भरण पोषण से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित व्यक्तियों से क्रमवार उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, समाज के कमजोर एवं असहाय वर्गों को समय पर न्याय एवं सहायता प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। भरण-पोषण से जुड़े मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" श्री कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस तरह के सभी मामलों का शीघ्र निपटारा करते हुए पीड़ितों को अविलंब राहत प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रखने के इस प्रयास की सराहना की तथा अनुमंडल पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राजकीय मेला बाबा केवल धाम में शराब बेचने वाले व्यक्ति की पहचान कर शीघ्र होगी कार्रवाई : शैलेश कुमार

**मोरवा (एनएसबी)।** राजकीय रामनवमी मेला बाबा केवल धाम इंद्रवाड़ा में खुलेआम शराब बिकने का वीडियो वायरल होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आई है। इस बाबत हलई थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि, वायरल वीडियो की जांच की जा रही है, दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि डीएम रौशन कुशवाहा, एसपी अरविंद प्रताप सिंह, पटोरी डीएसपी बी के मेधावी के नेतृत्व में मेला शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। शराबबंदी होने के बावजूद शराब बेचे जाने का वीडियो वायरल होने से मेले की बदनामी हुई है। विदित हो कि विगत 30 से 40 वर्षों से रामनवमी मेला इंद्रवाड़ा, शराब और मांस का मेला होने के लिए बदनाम था। जब से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में शराबबंदी लागू की गई है , तब से स्थानीय पुलिस के द्वारा मेला क्षेत्र में भी पूरी तरह शराबबंदी का पालन किया जा रहा है। इसके बावजूद शराब माफियाओं के द्वारा शराब का कारोबार लगातार जारी है। शराब माफिया के साथ मुठभेड़ में एक हवलदार अनिल कुमार सिंह की जान बाबा केवल स्थान में ही जा चुकी है। जबकि निर्दोष थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का स्थानांतरित कर दिया गया था। मेले के दौरान ही 7 साल पूर्व पटोरी डीएसपी के साथ भी मारपीट की जा चुकी है। मेला क्षेत्र में पुलिस द्वारा शराब बिक्री का विरोध किए जाने पर दर्जनों बार पुलिस के साथ मारपीट की गई है।

# बच्चों की अभिरुचि और प्रतिभा के अनुरूप उन्हें अवसर देना सर्वांगीण शिक्षा का लक्ष्य : दीपक मंडल

## राज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित फूड फेस्टिवल में बच्चों ने विविध व्यंजनों से रिझाया, सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम 2026 के तहत सीखे कथक की बारीकियां

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के मथुरापुर स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल परिसर में शनिवार की उत्सवों माहौल में हुई। एक तरफ स्कूल का कोनाझकोना बच्चों के हर्ष किलोल और कहकहों से गुंजायमान था तो दूसरी तरफ विविध व्यंजनों की खुश्बू लोगों को बरबस ही अपनी ओर खींच रहे थे। अवसर था राज इंटरनेशनल स्कूल में हर वर्ष की तरह आयोजित फूड फेस्टिवल का। जी हां! शनिवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूल परिसर में शानदार व जायकेदार फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम निदेशक दीपक मंडल ने आगत अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत अभिनन्दन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सदस्य सह सोशल मजिस्ट्रेट जुबेनाइल जस्टिस बोर्ड निर्भय कुमार सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, स्कूल की निदेशक निशा राज, प्राचार्य डॉ. उज्जवल रतन सिन्हा और विशाल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर फूड फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री मंडल ने कहा कि, बच्चों की अभिरुचि और प्रतिभा के अनुरूप उनका मार्गदर्शन और शैक्षणिक पाठ्यचर्या तैयार करना सर्वांगीण शिक्षा का लक्ष्य है। ऐसे में इस तरह के आयोजनों से एक तरफ बच्चों की अभिरुचि और प्रतिभा को चिन्हित करने में मदद मिलती है वहीं दूसरी तरफ कक्षा के उबाऊ माहौल से अलग उत्सव जैसा माहौल पा कर बच्चे मनोवैज्ञानिक रूप से रिचार्ज हो जाते हैं। जिससे वे अगले कुछ दिनों तक नई ऊर्जा के साथ तन्मयता से पढ़ाई करते हैं। इस फेस्टिवल में बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के मुख्य पकवान तैयार कर परोसे। जिसका अतिथियों व अभिभावकों ने चटखारे ले ले कर स्वाद लिया और जम कर प्रशंसा की। इसी दौरान कला संस्कृति एवं युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कला संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती जूही ने भारतीय कला एवं संस्कृति के समृद्ध विरासत खास कर मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा व पहचान को समझने और सहेजने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा हमारी कला संस्कृति पॉवर बैंक की तरह है जो कुछ ही पल में तमाम तरह के थकान, अवसाद आदि से निजात दिला कर हमें रिचार्ज कर देते हैं। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कत्थक गुरु लक्ष्मण कुमार ने बच्चों को शास्त्रीय नृत्य की जानकारी दी तथा कथक नृत्य की सामान्य बारीकियां सीखा कर बच्चों को जागरूक किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि नृत्य वास्तव में स्वरझतालझलय बद्ध व्यायाम भी है। इस अवसर पर मौजूद बच्चों के अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की।





## संक्षिप्त खबरें

### भक्तों ने नम आंखों से किया माता दुर्गा का विसर्जन

**मधुबनी (एनएसबी)।** नौ दिनों तक भगवती दुर्गा के नौ स्वरूप के पूजा उपरांत विजया दशमी के दिन भक्तों ने किया दुर्गा प्रतिमा विसर्जन। जिसको लेकर भक्तों के आंखे नम देखी गई। भक्त विसर्जन यात्रा के दौरान लोग अपने घर और छत के ऊपर से फूल माता दुर्गा के ऊपर पुष्प वर्षा किया साथ ही अगले वर्ष पुनः आने हेतु प्रार्थना किया। इससे पूर्व भक्तों ने अपराजिता पूजा और जयंती धारण किया, स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि चैत्र (वसंत) नवरात्र अपराजिता पूजा का महत्व विजयादशमी (दशहरा) पर सर्वोच्च है, जो अजेय शक्ति, साहस, और नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा का प्रतीक है। इस दिन, विशेषकर दोपहर में, मां दुर्गा के अपराजिता रूप की पूजा (जिसका अर्थ है कभी न हारने वाली) जीवन में सफलता, सुख-समृद्धि और शत्रुओं पर विजय दिलाने वाली मानी जाती है।पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान राम ने रावण पर विजय पाने से पहले अपराजिता देवी की पूजा की थी, इसलिए इसे सफलता का आधार माना जाता है। भगवती अपराजिता माता दुर्गा का ही एक परम शक्तिशाली रूप हैं, जिनका अर्थ है "वह जिसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता"। वे विजय, अजेय शक्ति और हर प्रकार के भय व शत्रुओं के नाश की देवी मानी जाती हैं। उन्हें विशेष रूप से विजयदशमी (दशहरे) पर पूजा जाता है । शास्त्रों और वास्तु शास्त्र में अपराजिता के पौधे को अत्यंत पवित्र और सुख-समृद्धि दायक माना गया है, जिसे 'विष्णुकांता' भी कहते हैं। यह नीले फूल वाला पौधा माता लक्ष्मी को प्रिय है और सकारात्मक ऊर्जा लाता है। इसे घर में उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) दिशा में लगाना सर्वोत्तम माना जाता है, जो तरक्की और धन वृद्धि के लिए शुभ है।



### विभिन्न विभागों के टॉप टेन योजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, दिए आवश्यक निदेश

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों के टॉप टेन योजनाओं की समीक्षा की गयी।बैठक में लघु जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल मधुबनी एवं झंझारपुर तथा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल जयनगर के दस प्रमुख योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। लघु जल संसाधन विभाग के जल-जीवन-हरियाली एवं हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम अंतर्गत करहरवा चेक डैम का निर्माण, रैय चंदा चेक डैम का निर्माण, महथौर गोट चेक डैम का निर्माण, इटहर चेक डैम निर्माण सहित अन्य योजनाओं के कार्य प्रारंभ होने एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी।तत्पश्चात लोक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में पंचायती राज विभाग अंतर्गत छूटे हुए टोलों के लिए नए जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु प्रखंडवार एवं स्थलवार समीक्षा की गयी।विद्युत आपूर्ति प्रमंडल जयनगर के अंतर्गत प्रखंडवार कृषि विद्युत कनेक्शन, स्मार्ट मीटर प्रतिवेदन आदि की समीक्षा की गयी। बैठक में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नितेश पाठक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### डीजल पेट्रोल के लिए पंपों पर उपभोक्ताओं की भीड़

**खजौली (एनएसबी)।** खजौली प्रखंड कार्यालय के बगल स्थित दिनेश किसान सेवा पेट्रोल पंप पर शनिवार की सुबह से ही डीजल की आपूर्ति पूरी तरह बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी हुई। वहीं पेट्रोल भी सीमित मात्रा में दिए जाने के कारण वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। जानकारी अनुसार सुबह से ही डीजल लेने पहुंचे ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के चालक बिना डीजल लिए ही खाली हाथ लौटते नजर आए। स्थानीय लोगों ने पेट्रोल एवं डीजल की जमाखोरी तथा कालाबाजारी की आशंका भी जताई है। लोगों का कहना है। कि अचानक आपूर्ति बंद होने से खेती-बारी, परिवहन एवं दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। डीजल लेने पहुंचे रामबाबू यादव,दिनेश कुमार, अमित कुमार, मोहन राय ने बताया कि पम्प पर डीजल बिल्कुल उपलब्ध नहीं है। जबकि पेट्रोल भी सीमित मात्रा में दिया जा रहा है। इससे आम लोगों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं पेट्रोल पंप के नोजल कर्मी ने बताया कि ऊपर से डीजल की आपूर्ति नहीं होने के कारण शनिवार सुबह से डीजल नोजल बंद रखा गया है। उपलब्ध स्टॉक कम होने के कारण पेट्रोल भी सीमित मात्रा में दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द पेट्रोल एवं डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। ताकि आमलोगों का आवश्यक कार्य प्रभावित न हों।



### प्रोफेसर शिवनाथ मेहता का निधन. क्षेत्र में शोक की लहर

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सोहॉस गॉव निवासी महान विभूति समाजवादी नेता एवं प्रखर वक्ता प्रोफेसर शिवनाथ मेहता का निधन शनिवार को हो गया. वे 72 साल के थे. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गये. उनका एकलौता पुत्र ब्रिटेंश कुमार मुखिया रह चुके हैं. एवं पुत्रवधु शिक्षिका हैं. उनके निधन से समाजसेवियों बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर है.शोक व्यक्त करने वालों में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, अधिवक्ता वैद्यनाथ प्रसाद ,कुशेश्वर प्रसाद कुशवाहा, डा जगदीश दास, राज्य सभा सांसद. डा. फैयाज अहमद. बिधायक. आशिफ अहमद. राजद प्रखंड अध्यक्ष. जय जय राम यादव.मुखिया जीवछ देवी.समाजसेवी सूरज यादव. पवन कुमार यादव. पूर्व मुखिया रेणु देवी, लाल बाबू सिंह ,संतोष कुमार सिंह, रमाकांत सिंह,जगदेव महतो,रामविलास सिंह, गंगाधर साहु, गंगाप्रसाद यादव,मुकेश कुमार सिंह , रामस्वार्थ महतो ,जद यू नेत्री सीमा मंडल, विनोद कुमार यादव, जुगल प्रसाद सिंह जगजीवन सिंह,सत्यनारायण सिंह,जयशंकर प्रसाद सिंह मदन सहनी और अन्य लोग शामिल हैं!

### सीनेट चुनाव में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय सीनेट चुनाव को लेकर शनिवार सुबह से ही मतदान केंद्र पर चहल पहल बनी रही। सीनेट चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सहरसा में भी विभिन्न महाविद्यालयों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। आर एम कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा शांति पूर्ण वातावरण में अपना मतदान किया। मतदान करने वालों में डॉ ललित नारायण मिश्र, डॉ राजीव कुमार झा, डॉ आशुतोष कुमार झा, डॉ इन्द्रकांत झा, डॉ उर्मिला अरोड़ा, डॉ कविता कुमारी, डॉ शुभ्रा पांडेय, डॉ



प्रतिभा कपाही, डॉ पूजा कुमारी, डॉ लक्ष्मी कुमार कर्ण, डॉ संजय कुमार, डॉ किरण मिश्रा, डॉ रामानंद रमण, डॉ विनिता चैहान, डॉ गोपाल साहु, डॉ अपर्णा कुमारी, डॉ चंदन किशोर, डॉ भगवती प्रसाद, डॉ पिंकी कुमारी, डॉ मोनिका कुमारी, नंद किशोर झा, आशुतोष पाण्डेय, आलोक कुमार झा सहित अन्य शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं के आजीविका संवर्धन की आधारशिला : डॉ. धनंजय

**लदनियां (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं के आजीविका संवर्धन की आधारशिला है। यह महिलाओं को स्वाभिमान के साथ अपना रोजगार शुरू करने का एक छोटा सा प्रयास भी है। उक्त बातें जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉ० धनंजय कुमार ने कही। उन्होंने इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी परिवार के एक महिला सदस्य को अपनी पसंद की रोजगार प्रारंभ करने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में प्रथम किस्त में दस हजार की राशि दी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की सभी परिवार में एक महिला को महिला उद्यमी के रूप में स्थापित करना है। इस योजना में सफल महिला उद्यमी को अपने रोजगार बढ़ाने हेतु अधिकतम दो लाख दस हजार तक की राशि दी जा सकती है। इसके लिए 6 माह बाद रोजगार का आकलन किया जाएगा। इसके बाद ही अगली किस्त की राशि दी जाएगी। महिलाओं के उत्पादों की बिक्री हेतु राज्य भर में हाट बाजार भी विकसित किया जाना है। इस योजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ महिलाओं की स्थिति पहले से ज्यादा मजबूत होगी बल्कि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के बेहतर अवसर भी मिलेंगे।इस योजना के



महिलाओं की समूह ।

अंतर्गत लदनिया में अब तक तैतालिस हजार एक सौ पंचानबे जीविका दीदियों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। पांच चरणों में दो लाख दस हजार तक की राशि दी जानी है। इसके लिए इसमें सदस्य को भी अपना अंशदान देना होगा। प्रथम चरण में तैतालिस हजार एक सौ पनचानवे सदस्यों को डीबीटी के माध्यम से दस हजार की राशि प्राप्त हो चुकी है। द्वितीय चरण में व्यवसाय के विस्तार हेतु बीस हजार की राशि दी जाएगी तथा इसमें लाभार्थी को पांच हजार का अंशदान देना होगा। तृतीय चरण में व्यवसाय के विस्तार हेतु चालीस हजार की राशि दी जाएगी साथ ही लाभार्थी को अपना भी अंशदान दस हजार भी देना होगा। चतुर्थ चरण में व्यवसाय को स्थायित्व प्रदान करने हेतु अस्सी हजार दी जाएगी जिसमें लाभार्थी का अंशदान बीस हजार होगा। पंचम एवं अंतिम चरण में ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग हेतु साठ हजार दी जानी है।

सर्वप्रथम मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के सभी लाभार्थी को लोकोस एप में प्रविष्टि किया जाना है। इसके बाद सभी लाभार्थी का प्रशिक्षण होगा। इस प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थी अपने चुने हुए रोजगार को अच्छी तरह से बता पाएंगे। रोजगार शुरू करने और उसको आगे बढ़ाने में आने वाली समस्याओं पर अपनी समझ विकसित कर पाएंगे। साथ ही इस योजना के जरिए कैसे वह अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं, इस पर भी अपनी समझ विकसित कर पाएंगे। प्रशिक्षण के बाद सभी लाभार्थी का मोबाइल एप के माध्यम से सर्वे होगा। इसके बाद ही द्वितीय किस्त का आवेदन मांगा जाएगा। परंतु सरकार, सरकारी कर्मी के कथनि और करनी में फर्क है। जीविका दीदियों की एक बड़ी संख्या ने बताया है कि विधानसभा चुनाव के मध्य नजर सरकार ने जीविका दीदियों के खाते में दस हजार रुपए डालकर सार्वजनिक मंच से कहा था कि प्रत्येक जीविका से जुड़ी परिवार को स्वरोजगार के लिए दो लाख रुपए दिए जाएंगे परंतु अब प्रत्येक इंटोलमेंट पर राशि वापसी की बात हो रही है। इधर नाम नहीं छापने के सर्त पर जीविका दीदियों ने बताया है कि 1800 से अधिक दीदियों के खाते में राशि दस हजार नहीं आया है। जबकि फर्म रजिस्ट्रेशन एवं भूगतान के लिए भेजने के नाम पर सरकार एवं दीदियों दोनों से राशि वसूली गई है। इधर कई समूहों के दीदियों ने समूह सदस्य से राशि वसूली कर वर्षो से बैंक खाते में जमा नहीं किया है, जिसके कारण भी लोगों को रोजगार हेतु बैंक लाभ एवं स्वरोजगार हेतु मिलने वाली राशि से वंचित होना पड़ रहा है। विभाग के द्वारा समूह में बैठकर जीविका दीदियों की बातों को सुन ने का समय नहीं है।ये ही कारण है कि अधिकारी या जवाबदेह अधिकारी का नियंत्रण जीविका समूह पर नहीं है।

# डी.बी. कॉलेज, जयनगर में शिक्षक संघ का पुनर्गठन, सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव

**जयनगर (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की अंगीभूत इकाई डी.बी. कॉलेज, जयनगर में शिक्षक संघ का पुनर्गठन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक संघ के निवर्तमान सचिव डॉ. संजय कुमार पासवान की अध्यक्षता में महाविद्यालय के सभी स्थायी शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की महाविद्यालय इकाई के रूप में नए शिक्षक संघ का गठन करना था।बैठक के दौरान सभी पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सहमति के साथ सम्पन्न हुई। विशेष बात यह रही कि सभी पदों पर उम्मीदवारों का चयन सर्वसम्मति से किया गया और चुनाव निर्विरोध रहा, जिससे शिक्षकों के बीच आपसी एकजुटता और सामंजस्य का स्पष्ट संदेश मिला।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. ओम कुमार सिंह को शिक्षक संघ का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, मनोविज्ञान विभाग के डॉ. अरविन्द कुमार राय को उपाध्यक्ष, भौतिकी विभाग के डॉ. चंदन कुमार को सचिव, मैथिली विभाग के डॉ. श्याम रूप चौधरी को कोषाध्यक्ष तथा रसायन शास्त्र विभाग के डॉ. नीरज सागर को उपसचिव के पद पर निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही शिक्षक संघ के संचालन और गतिविधियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए सात सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।इस पूरी प्रक्रिया में गणित विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ. भोलानाथ ठाकुर ने पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और चुनाव को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया।



चुनाव के बाद शिक्षकों की उपस्थिति।

बैठक का माहौल काफी उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रहा। इस दौरान महाविद्यालय के कई वरिष्ठ और प्रतिष्ठित शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें हिन्दी विभाग के डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह, दर्शनशास्त्र विभाग की डॉ. सिंकु कुमारी, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. रामप्रवेश कुमार निराला तथा अंग्रेजी विभाग के डॉ. राजेश ठाकुर शामिल रहे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हितों की रक्षा, शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने तथा महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस पुनर्गठन से शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है, जो आने वाले समय में शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# रोजगार, विकास और आत्मनिर्भर मधुबनी की ओर ऐतिहासिक कदम : माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी के विधायक माधव आनंद ने कहा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र 36, मधुबनी, अंतर्गत मधुबनी के पंडौल औद्योगिक क्षेत्र में सावी ग्लोबल फैशन द्वारा लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित टेक्सटाइल एवं लेदर फैक्ट्री के भव्य उद्घाटन शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य संजय झा और मैं माधव आनंद ने फीता काट कर उद्घाटन किया और कार्यक्रम का संचालन कर मुझे अत्यंत हर्ष और गर्व की अनुभूति हुई। मधुबनी के विधायक माधव आनंद ने कहा कि यह केवल एक उद्योग का उद्घाटन नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर उद्घाटनकर्ता उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही यह बहुत ही बड़ी बात है। साथ ही मुख्य अतिथि जेडीयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह , राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन , तथा मंत्री अरूण शंकर प्रसाद, एमएलसी घनश्याम ठाकुर, बेनीपट्टी विधायक विनोद नारायण झा , मधुबनी के मेयर अरुण राय सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गौरवपूर्ण बना दिया। माधव आनंद ने कहा कि मधुबनी में रोजगार की नई किरणः दिखाई देने लगी है! इस उद्योग के प्रारंभ होने से स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। अब हमारे नौजवानों को रोजगार की तलाश में बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी — वे अपने ही क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। मधुबनी विधायक माधव आनंद ने कहा कि मधुबनी का विकास को मिलेगी नई रफ्तार,स्थानीय अर्थव्यवस्था होगी मजबूत,छोटे व्यापारियों एवं कारीगरों को मिलेगा बढ़ावा,क्षेत्र में औद्योगिक माहौल का तेजी से विस्तार होगा!







# शांतिपूर्ण वातावरण में चैती नवरात्रा का हुआ समापन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के महादेव मंदिर स्थान जगवन, बिस्फी, मोईन चौक बिस्फी, नाहस खंगरैठा,नाहस पश्चिम सहीत विभिन्न क्षेत्र में 9 दिवसीय चैती नवरात्रा शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हो गया. शनिवार को माता अपराजिता की पूजा के साथ हवन एवं शोभायात्रा निकाली गई. चैती दुर्गा पूजा का आयोजन से प्रखंड क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा. श्री नवदुर्गा जनकल्याण सेवा समिति जगवन द्वारा महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित पूजा स्थल पर विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन की गई. दुर्गा सप्तशती पाठ के द्वारा हवन की गई. हवन के बाद कुमारी बटूक एवं ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं के द्वारा गाजियाबाद के साथ दुर्गा जी की जय हर हर महादेव जय श्री राम के नारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई एवं जल में विसर्जन किया गया इस मौके पर समिति के सदस्य पवन मिश्रा, नरेश लाल यादव, विजय लाल यादव, दिनेश यादव, सुमन मिश्रा, दानी रावत, रामबाबू मंडल, लालबाबू मंडल, सिकंदर, रवि मंडल, रामकुमार शाह, अश्विनी कुमार सरोज, संजय कुमार मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे.



# बलिराजगढ़ के उत्खनन होने से मिथिलावासी अपने समृद्धशाली इतिहास होंगे परिचित : राज्यसभा सदस्य सह जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना मंडल, पटना के संरक्षित तथा मधुबनी जिला अंतर्गत स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्थल बलिराजगढ़ के उत्खनन कार्य का शुभारंभ शनिवार को माननीय, सांसद एवं अध्यक्ष, संसदीय स्थायी समिति( परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति), संजय कुमार झा के द्वारा कुदाल चलाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सांसद सह अध्यक्ष, संसदीय स्थायी समिति, श्री संजय कुमार झा ने कहा कि बलिराजगढ़ का उत्खनन कार्य मिथिला की प्राचीन सभ्यता, सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक महत्व को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस स्थल से प्राप्त होने वाले पुरातात्विक साक्ष्य न केवल मिथिला क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को उजागर करेंगे,

**वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया शुभारंभ**



उद्घाटन करते।

बल्कि शोध एवं अकादमिक अध्ययन के नए आयाम भी स्थापित करेंगे।

*इस पहल से मधुबनी जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय रोजगार सृजन, आर्थिक सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचना के विकास को बल मिलेगा। साथ ही, मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि बहुत पहले ही बलिराजगढ़ का खुदाई होना चाहिए था। विजयादशमी के अवसर पर उत्खनन कार्य प्रारंभ होना शुभ संकेत है। खुदाई कार्य मे इस बार किसी प्रकार की कमजोरी नही बरती जायेगी।इस बार बलिराजगढ़ के उत्खनन से मिथिला के इतिहास का पता अवश्य लगाया जायेगा। पूर्व में इस क्षेत्र से जो सामान मिला है, वह विदेह काल का प्रतीत होता है। बलिराजगढ़ क्षेत्र 176 एकड़ में फैला है, लगभग तीन किलोमीटर में बना चहारदीवारी उस समय के कार्य कुशलता को दशार्ता है। पूर्व में खुदाई होने पर पानी का स्तर ऊपर आ जाता था, इस बार पुरातत्व विभाग की टीम नीचे तक खुदाई कर पता लगाने की कोशिश करेगा। यदि खुदाई में सामग्री मिला तो उसे संरक्षित करने तथा इस स्थल पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां विशिष्ट संग्रहालय की व्यवस्था की जायेगी।

उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बलिराजगढ़ के उत्खनन से हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के जैसे कि इतिहास निकल सामने आएगा। जिससे बलिराजगढ़ को देश ही नही दुनिया भर से लोग मिथिला के प्राचीन रहन-सहन, खान-पान आदि के बारे में देखने आएंगे और यह पर्यटन का केंद्र बनेगा। वर्तमान समय मे पर्यटन के क्षेत्र से बढ़िया कोई क्षेत्र नही है, जो कम लागत में अधिक-से-अधिक रोजगार देता है।इस अवसर पर माननीय सांसद, झंझारपुर, श्री रामप्रीत मंडल के द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बलिराजगढ़ के उत्खनन कार्य के प्रारंभ होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त किए।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ अभिषेक कुमार ने किया।इस अवसर पर माननीय विधायक, बाबूबरही, मीना कामत, जिलाधिकारी, आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार, डॉ हरिओम शरण, अधीक्षक, पुरातत्व विभाग सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में सुरक्षा को मिला नया बलः अहियापुर के नाका बाजार समिति में टीओपी का हुआ शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने को लेकर अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नाका बाजार समिति में टाउन आउट पोस्ट का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टीओपी का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और त्वरित पुलिसिंग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कई पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक भी की, जिसमें अपराध नियंत्रण और पुलिस सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि अहियापुर थाना अंतर्गत नाका बाजार समिति क्षेत्र में इस टीओपी के शुरू होने से स्थानीय लोगों को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। वहीं एसएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से इस तरह की पहल लगातार जारी रहेगी।



### भारत सांस्कृतिक जागरण का देश है, भौगोलिक लालच का नहीं : प्रो दिनेशचंद्र राय

राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच द्वारा दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन 5.0 (2026) के एक अकादमिक सत्र की अध्यक्षता करते हुए बोले बिहार विवि के कुलपति

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन 5.0 (2026)' के एक महत्वपूर्ण अकादमिक सत्र की अध्यक्षता की। दिल्ली विश्वविद्यालय में 27-28 मार्च 2026 को आयोजित हुई ह्यसंस्कृति, जलवायु और इतिहासः 'विशाल भारत से सबक' विषय पर आधारित इस सम्मेलन में ईरान से दक्षिण-पूर्व एशिया तक की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत पर गहन चर्चा हुई। प्रो राय की अध्यक्षता में हुए 'विशाल भारत और वैश्विक संवाद' विषयक महत्वपूर्ण सत्र में उच्चस्तरीय विद्वानों और प्रख्यात अकादमिक हस्तियों ने विषय पर गहन बौद्धिक चर्चा की। अध्यक्षीय भाषण में प्रो दिनेशचंद्र राय ने कहा कि भारतीय विचार संतुलन, समन्वय और सह-अस्तित्व का है। भारत ने विश्व को अहिंसा, योग और आयुर्वेद की अनमोल देन दी है। भारत सांस्कृतिक जागरण का देश है, भौगोलिक लालच का नहीं। प्राचीन भारतीय सभ्यता हमें पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक सद्भाव और ऐतिहासिक निरंतरता के गहरे सबक सिखाती है। ये मूल्य आज की वैश्विक चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, सांस्कृतिक संघर्ष और पर्यावरणीय असंतुलन के समाधान में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। सम्मेलन के मुख्य संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य इंद्रेश कुमार थे। अन्य संरक्षकों में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं। समापन सत्र को केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया। विश्वविद्यालय के अकादमिक समुदाय और एलुमनी एसोसिएशन ने कुलपति प्रो. राय की इस अकादमिक उपलब्धि पर सम्मान व्यक्त किया।



### कुढ़नी में आंगनबाड़ी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ने महिलाओं का किया हौसला अफजाई

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कुढ़नी प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर सभागार में शनिवार को आंगनवाड़ी संघ की प्रखंड अध्यक्ष चंद्रलेखा के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुढ़नी के विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि आज उन्हें गर्व महसूस हो रहा है कि नारी शक्ति तेजी से आत्मनिर्भर बन रही है। साथ हीं समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रही है।उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण देश और समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरधारी लाल, बाल विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी, अमित कुमार, निरंजन कुमार, आंगनवाड़ी सेविका सारिका कुमारी के साथ साथ सुपरवाइजर, सेविका और सहायिका गण उपस्थित थी।



### एसकेजे लॉ कॉलेज में भव्य 'इंडक्शन प्रोग्राम' का आयोजनः नवागंतुक छात्रों का हुआ स्वागत

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नगर के गन्नीपुर स्थित एसकेजे लॉ कॉलेज में शनिवार को सत्र 2025-26 के एलएलबी पार्ट-1 एवं बीए एलएलबी पार्ट-1 के नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष एस के मिश्रा और सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महाविद्यालय के निदेशक जयंत कुमार ने संस्थान की 1948 से चली आ रही गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत और शैक्षणिक विकास की यात्रा से छात्रों को अवगत कराया। वहीं प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने सभी नए छात्रों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य वक्ता के रूप में अध्यक्ष एस के मिश्रा ने छात्रों को ज्ञान, कौशल और अनुशासन को अपने जीवन का आधार बनाने की सलाह दी और विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से उच्चतम लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज की सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा ने छात्रों को समय के सदुपयोग और अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्थान छात्रों की हर समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। वहीं प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार ने न्यायिक सेवाओं में सफल पूर्ववर्ती छात्रों का उदाहरण देते हुए नवागंतुकों को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मिहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। समारोह में अनुशासन और नियमितता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले सत्र में 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों को अध्यक्ष एवं सचिव ने 5-5 हजार रुपए का चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। इसके उपरांत, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्वागत गान से समां बांध दिया। इस मौके पर कॉलेज के सभी एकेडमिक इंचार्ज, नैक संयोजक और विभिन्न समितियों के प्रभारियों का परिचय कराया गया। कार्यक्रम में डॉ एस पी चौधरी, डॉ पंकज कुमार, प्रो बी एम आजाद, डा रत्नेश कुमार सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन सिद्धि कुमारी एवं खुशबू कुमारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अजित सिंह एवं नितिज्ञा कुमारी द्वारा किया गया।



# पभोक्ताओं के हित में डीएम ने जारी किया निर्देश : रविवार को भी खुले रहेंगे जिले के सभी खाद्यान्न गोदाम

## आदेश का उल्लंघन करने पर बैंक गारंटी सिक्युरिटी मनी होंगे जब्त,एग्रीमेंट रद्द एवं ब्लैक लिस्टिंग की होगी कठोर कार्रवाई



उपभोक्ताओं को समयबद्ध, खाद्यान्न की नियमित एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर जारी निर्देश के संबंध में जानकारी देते डीएम।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिले में उपभोक्ताओं को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की नियमित एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने खाद्यान्न वितरण प्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदकों के प्रति कड़ा रुख अख्तियार किया है। जिलाधिकारी द्वारा प्रखंडवार खाद्यान्न उठाव की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आने के बाद कि कई स्थानों पर संवेदकों द्वारा निर्धारित समय पर नियमित रूप से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जा रहा है। इस स्थिति को अत्यंत गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उपभोक्ताओं के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने रविवार को भी प्रातः 7 बजे से सभी संबंधित गोदामों को खुला रखने तथा परिवहन अभिकताओं को समय से गोदाम पर वाहन उपलब्ध रखते हुए उठाव करने का सख्त निर्देश दिया है। इसके साथ ही जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को गोदामों पर आवश्यकतानुसार वाहनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी सहायक महाप्रबंधकों एवं आपूर्ति पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि वे स्वयं उपस्थित रहकर खाद्यान्न उठाव की प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी करें और किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने दें।

जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी को भी अपने-अपने अनुमंडलीय क्षेत्र में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण प्रणाली की सघन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि गोदामों से खाद्यान्न का समय पर उठाव कर उसे जन वितरण प्रणाली की दुकानों तक शीघ्र पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों को समय पर नियमित रूप से खाद्यान्न प्राप्त हो सके। वहीं डोर स्टेप डिलीवरी प्रणाली के अंतर्गत कार्यरत सभी परिवहन अभिकताओं को भी सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई संवेदक आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वैसे परिवहन अभिकर्ता को चिन्हित करते हुए उनका 20 लाख रुपये की बैंक गारंटी एवं 30 लाख रुपये की सिक्युरिटी डिपॉजिट जब्त कर ली जायेगी। साथ ही वैसे परिवहन अभिकर्ता का एग्रीमेंट रद्द करते हुए ब्लैकलिस्टिंग की सख्त कार्रवाई की जायेगी। खाद्यान्न की कालाबाजारी को लेकर भी जिलाधिकारी ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कालाबाजारी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। इस संदर्भ में उन्होंने बैंक प्रबंधक, एसएफसी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिया हैं।

**डीएम एसएफसी जिला आपूर्ति पदाधिकारी और दोनों एसडीओ को प्रभावी मॉनिटरिंग कर 31 मार्च तक शत प्रतिशत उठाव सुनिश्चित कराने का दिया गया टास्क**

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत खाद्यान्न के उठाव, परिवहन एवं वितरण की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं मानक अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रणाली का प्रभावी उपयोग कर प्रत्येक चरण की निगरानी की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की तुरंत पहचान कर त्वरित प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। विद्यालयों एवं अन्य लाभार्थी संस्थानों को आपूर्ति किए जाने वाले खाद्यान्न के संदर्भ में भी जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी टीपीडीएस गोदामों से विद्यालयों तक खाद्यान्न आपूर्ति की नियमित निगरानी की जाए। साथ ही मध्याह्न भोजन योजना के तहत उपयोग किए जाने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता एवं मात्रा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना सहित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरित खाद्यान्न सीधे तौर पर बच्चों एवं गरीब वर्ग के पोषण से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या कालाबाजारी को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक के सभी संबंधित अधिकारियों, आपूर्ति तंत्र से जुड़े कर्मियों तथा विद्यालय प्रबंधन समितियों को आगाह करते हुए निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी जाए। विद्यालयों में खाद्यान्न प्राप्ति एवं उपयोग से संबंधित अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ हीं जिलाधिकारी ने परिवहन व्यवस्था, वितरण प्रणाली एवं निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए औचक निरीक्षण, भौतिक सत्यापन व ऑनलाइन मॉनिटरिंग जैसे उपायों को नियमित रूप से अपनाने का निर्देश दिया है।

## कांटी नगर परिषद क्षेत्र में विकास के लिए 1 अरब 52 करोड़ का बजट सर्व समिति से पारित



कांटी नगर परिषद के सामान्य परिषद की बैठक में शामिल क्षेत्रीय विधायक।

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद कार्यालय में शनिवार को सामान्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांटी नगर परिषद क्षेत्र के विकास के लिए पटल पर रखे गए वित्तीय वर्ष 2026- 27 के 1 अरब 52 करोड़ रुपए की बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में वृद्धा आश्रम का निर्माण, सड़क, नाला निर्माण के साथ-साथ पोखर का सौन्दर्यकरण, सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट के साथ साथ अन्य विकास व सौंदर्यीकरण कार्य के अतिरिक्त जिम का टेंडर करने, प्रतिदिन फॉगिंग कराने, साफ सफाई की जिम्मेदारी नई एजेंसी को देने आदि योजनाओं पर भी सहमति व्यक्त की गई। बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों को पूर्ण रूपेण आश्वस्त किया कि नगर परिषद कांटी क्षेत्र के सभी 26 वार्डो में विकास के लिए वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जहां भी उनकी जरूरत होगी वे सदैव मुस्तैदी के साथ खड़े रहेंगे। स्थानीय विधायक ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाए एवं विकास कार्य अब हर हाल में धरातल पर दिखनी चाहिए। साथ ही उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि सरकार व उनकी हमेशा सोच रही है कि समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति को सर्वप्रथम सरकारी योजनाओं का लाभ व सभी सुविधाएं मिले। साथ हीं विकास की रोशनी उन तक आसानी से पहुंच सके। इस मिशन को पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। बैठक में नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, चंदन पांडे सहित उपस्थित सभी पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों के कई मामले को बैठक में रखा। जिसपर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में बीडीओ आनंद कुमार विभूति, ईओ अजय कुमार, मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, उपमुख्य पार्षद अजय कुमार गुप्ता, कांटी पीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुमित संस्कार, सीडीपीओ मीरा कुमारी, सांख्यकी पदाधिकारी रहमत अली, नगर प्रबंधक शक्ति कुमार, सीए मो जावेद अख्तर, नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, चंदन पांडे, विजय राम, शंभू राम, ज्योति गुप्ता, राममोहन पासवान, रामकुमार उर्फ मोनू, संतोष पासवान, अशोक चौधरी, चंचला कुमारी, मेनका कुमारी, नीलू देवी समेत अन्य पार्षद एवं प्रधान सहायक उपस्थित थे।

## छठ्ठी स्मृति दिवस पर श्रद्धा से याद की गई ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** "प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कार्यो का संचालन एवं विशाल करने में राजयोगी दादी जानकी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आजादी के तुरंत बाद जाति प्रथा सहित अनेक सामाजिक परंपराओं के बंधन तोड़ते हुए दादी जानकी जी एक सक्रिय महिला व आध्यात्मिक नेत्री के रूप में उभरी। दादी जी ने संपूर्ण भारतवर्ष का भ्रमण किया और महिलाओं को आत्मसम्मान का पाठ पढ़ाया। साथ हीं उन्हें सिखाया कि वे किस प्रकार अपने समुदाय को नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं। उक्त बातें राजयोगिनी बीके रानी दीदी ने पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी की छठी स्मृति दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बचपन से दादी जी को इस बात की चिंता बनी रहती थी कि वह किस प्रकार दूसरों को जीवन को सुखी बना सकें। बचपन में वे शाकाहार का प्रचार किया करती थी और बीमार लोगों की सेवा के साथ साथ उनका आत्म सम्मान बढ़ाया करती थी। एक महान आध्यात्मिक नेत्री के रूप में विश्व विख्यात दादी जी के जीवन का केंद्र बिंदु था ईश्वरीय कार्य और ईश्वरीय इच्छा के प्रति दिल और दिमाग से संपूर्ण समर्पण। वे मानती थी कि परमात्मा पवित्र प्रेम और दिव्य विवेक के स्रोत हैं और इन्हीं दोनों गुणों को उन्होंने अपने जीवन का आधार बनाया और इसी आध्यात्मिक शक्ति ने उन्हें विश्व भर की आत्माओं के लिए प्रकाश स्तंभ बना दिया। बीके सीता बहन ने कहा कि 21 वर्ष की आयु में दादीजी ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा द्वारा स्थापित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में स्वयं को समर्पित कर दिया.इसी काल में महिलाओं पर थोपी गई बंदिशों को तोड़ा गया तथा स्वतंत्र जीवन जीने की शुरूआत हुई। उन्होंने विदेशों में लाखों लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया कि वह आपस की भेदभाव को भुलाकर मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण जीवन यापन करें।



# पांच दिवसीय नाटय समारोह के पहले दिन आकृति रंग संस्थान ने किया 'नट बख्खों' नाटक का मंचन

**# कलाकार के वैभव और पतन की पीड़ा देख भीग गयी दर्शकों की आंखें**



नट बख्खो नाटक का मंचन करते रंगकर्मी गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला स्कूल मैदान में शुक्रवार की शाम आकृति रंग संस्थान की ओर से आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य मेला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण शाह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण चंद्रा, एसबीआई के पूर्व महाप्रबंधक अरुण कुमार, किलकारी की प्रमंडलीय समन्वयक पूनम कुमारी, नाट्य मेला के संयोजक डॉ संजय सुमन, जिला स्कूल के प्राचार्य जीबू झा, डॉ सुशांत कुमार व आकृति रंग संस्थान के अध्यक्ष अशोक अंदाज ने संयुक्त रूप से किया। सत्यम कुमार सिंह के संचालन में हुई कार्यक्रम के शुरूआत में महोत्सव से पहले रंगकर्मी रॉबिन रंगकर्मी और विजय मित्र को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं पहले दिन आकृति रंग संस्थान द्वारा नट बख्खों नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से कलाकारों ने मंच की चकाचौंध से स्मृतियों के अंधेरे तक के सफर को बखूबी दशार्या। सशक्त अभिनय और निर्देशन ने नाटक को एक ऊंचाई प्रदान की। इसका लेखन, परिकल्पना और निर्देशन डॉ सुनील फेकानिया ने किया था। नट बख्खो महज एक नाटक नहीं, बल्कि रंगमंच की उस क्रूर सच्चाई का दस्तावेज था, जहां तालियों की गड़गड़ाहट और सन्नाटे के बीच की दूरी बहुत कम होती है। इस मार्मिक रंगकथा में कलाकार के वैभव और उसके पतन की ढलान को बड़ी संजीदगी से चित्रित किया गया। नाटक की धुरी दो चरित्रों के इर्द-गिर्द घूमती रही। एक प्रख्यात अभिनेता, जिसके इशारों पर कभी पूरा रंगमंच जीवंत हो उठता था और दूसरा उसका वफादार प्रॉम्प्टर, जो पर्दे के पीछे से उसे शब्द उधार देता था। कहानी उस समय की थी, जब उम्र और विस्मृति ने अभिनेता के चमकते कॅरियर पर ग्रहण लगा दिया। नाटक के दृश्यों में कभी वैभव की पराकाष्ठा और उसके बाद का सन्नाटा बड़ी संजीदगी से प्रस्तुत किया गया।ऊहापोह और मानवीय संवेदना का संघर्ष

'नट बख्खो' कलाकार के उस ऊहापोह को उकेरता है, जहां वह अपने अस्तित्व की तलाश में स्मृतियों से लड़ता है। वह 'प्रॉम्प्टर" जो कभी उसे संवाद याद दिलाता था, अब उसे जीवन जीने का सहारा देने की कोशिश करता है। लेकिन अभिनेता का स्वाभिमान और उसकी टूटन उसे अंधेरी गलियों की ओर धकेलती है। वह कहता है, "मंच पर मरना आसान है, लेकिन मंच से उतरकर रोज थोड़ा-थोड़ा मरना सबसे बड़ी त्रासदी है." यह नाटक इसी त्रासदी को अपनी भाषा बनाता है। उसे अपनी पहचान एक बोझ लगने लगती है, तो वह कलाकार हार मान लेता है और जीवन के इस अभिनय को विराम दे देता है। प्रस्तुति की सबसे बड़ी विशेषता इसका संगीत और गीतों का चयन रहा। फैज अहमद फैज की कालजयी नज्में जब गीतों के रूप में मंच पर गूंजती थी, तो व्ह केवल पृष्ठभूमि संगीत नहीं रह जातीं, बल्कि पात्रों की आत्मा की आवाज बन जाती हैं थी। "मुझसे पहली सी मोहब्बत मेरे महबूब न माँग" या "पास रहो कि बहुत रात जा चुकी है" जैसी पंक्तियां नाटक की भावनात्मक गहनता को उस ऊंचाई पर ले गई। जहां दर्शक खुद को कलाकार के दुख से अलग नहीं कर पाता। सुनील फेकानिया का निर्देशन दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर किया कि क्या एक कलाकार की नियति केवल तालियां हैं या उस सन्नाटे की भी कोई जिम्मेदारी है, जो खेल खत्म होने के बाद पसर जाता है। """"नट बख्खो"""" एक ऐसी ही चीख है जो परदा गिरने के बाद भी कानो में गूंजती रहती है। नाटक में महताब की भूमिका में शेखर सुमन, निकेत की भूमिका में विवेक कुमार, खुशी की भूमिका में कृति भक्ता, तीन बेटियों की भूमिका में शीतल रानी, प्रतिभा रानी, मीनाक्षी, कोरस में ऋचा कुमारी, जीत वर्मन, संचय कुमार, मिहिर मनीष भारती, ऋत्विक वर्मन की भूमिका रही। संगीत ऋषिका पोद्दार, सौरभ आर्या सुमन व आदित्य सुमन का रहा। डॉ संतोष सारंग, विनय, प्रभात कुमार, वीरेन नंदा, यशवंत पराशर, नदीम खान, डॉ अविनाश कुमार, सुजीत कुमार, अशोक अंदाज, डॉ हेमनारायण विश्वकर्मा, कुंदन कुमार व मुकेश कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

## डॉ० भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय राघोपुर बखरी के विज्ञान एवं कला संकाय के टॉपर अभ्यर्थियों को भी किया गया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में शनिवार को मेघा सम्मान सह पीसीएस मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी ने अपनी मेहनत और लगन से न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रौशन किया है। यह सफलता आपके निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है।

उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन इसे अंतिम लक्ष्य न मानते हुए आगे की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें।

जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चयन करें तथा किसी भी निर्णय में जल्दबाजी न करें।

उन्होंने यह भी कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अतः आप सभी अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के उत्थान और देश के विकास में करें ।

जिलाधिकारी ने सभी सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, अपने मूल्यों को न भूलें और हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, एकाग्रता और स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं, वे पूरे मनोयोग एवं अनुशासन के साथ अपनी पढ़ाई करें।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रारंभिक अवस्था से ही लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह देते हुए कहा कि नौवीं कक्षा से ही अपने जीवन का उद्देश्य तय कर लें और उसी दिशा में निरंतर प्रयास करें। उन्होंने भेड़झचाल से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि बिना सोचे-समझे दूसरों का अनुसरण करने के बजाय अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार मार्ग चुनना चाहिए।

**सफल अभ्यर्थियों को डीएम-एसपी ने दी शुभकामनाएं**

**कार्यक्रम में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे जिले के छात्र-छात्राओं को दिया सफलता का मंत्र**

उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संदर्भ में कहा कि किसी भी परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के लिए उसके पाठ्यक्रम की रूपरेखा को भलीभांति समझना और उसे आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। सेल्फ डिसिप्लिन, सेल्फ स्टडी और क्लियर माइंड सफलता की कुंजी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा।

जिलाधिकारी ने आगे कहा कि एकाग्रता और धैर्य के बिना सफलता संभव नहीं है। विद्यार्थियों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि वे किसी भी प्रकार के अनावश्यक दबाव में कार्य न करें, बल्कि समय का सदुपयोग करते हुए सुनियोजित रणनीति के साथ अपनी तैयारी को आगे बढ़ाएं। पुख्ता रणनीति बनाकर ही लक्ष्य की ओर बढ़ें, तभी सफलता सुनिश्चित होगी

उन्होंने यह भी कहा कि सफलता केवल सिविल सर्विसेज तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी भी क्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धि समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक ने भी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल सर्विसेज जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसके लिए मजबूत मानसिकता, अनुशासन और निरंतरता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उसमें धैर्य और आत्मविश्वास सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान कई बार असफलताएं भी मिलती हैं, लेकिन उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है और अगली सफलता के लिए तैयार करती है।

पुलिस अधीक्षक ने समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने दैनिक अध्ययन के लिए एक निश्चित दिनचर्या बनाएं और उसका सख्ती से पालन करें।

कार्यक्रम में इंटरमीडिएट में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही उनके अभिभावक गण को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। जिलाधिकारी के प्रेरणादायक संबोधन से उपस्थित छात्र-छात्राओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त हुई।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृज किशोर पांडे, जिला कल्याणपुर अधिकारी सुभाष चंद्र राजकुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा ऋषभ, डीपीओ कुमार सौरभ, डीपीआरओ कमल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य एसएन झा के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सीतामढ़ी में 108 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार आज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ब्रह्मर्षि सेना (रजि.), सीतामढ़ी के तत्वावधान में 108 बटुकों का सामूहिक शुभ उपनयन संस्कार 29 मार्च 2026 (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन पुनौराधाम स्थित सीता प्रेक्षागृह में संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10:00 बजे से होगी, जबकि रसोई (भोजन) की व्यवस्था दोपहर 12:30 बजे से रहेगी। आयोजकों ने बताया कि उपनयन संस्कार हिंदू धर्म के प्रमुख सोलह संस्कारों में से एक है, जिसके माध्यम से बालकों को वेदाध्ययन और धार्मिक जीवन की दिशा में अग्रसर किया जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। ब्रह्मर्षि सेना ने आम जन से अपील की है कि वे समारोह में पहुंचकर बटुकों को आशीर्वाद दें और आयोजन को सफल बनाएं।

### मुजफ्फरपुर में पुराने विवाद में हुई मारपीट, युवक की मौत, पांच गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** औराई थाना क्षेत्र के अतरार पंचायत अंतर्गत माधोपुर गांव में पुराने विवाद को लेकर मामा भांजे के बीच हुई मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में मृतक आकाश कुमार ठाकुर (26) के पिता आमोद ठाकुर के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुराने विवाद को लेकर उनके बेटे के साथ उसके मामा श्रीराम ठाकुर, उनकी पत्नी, पुत्र एवं पुत्रवधू समेत अन्य लोगों ने हत्या की नीयत से मारपीट की। थानाध्यक्ष हेमलता कुमारी ने बताया कि इस मामले में श्रीराम ठाकुर, ललिता देवी, आशा देवी उर्फ उषा देवी, पार्वती देवी और अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 15 मार्च को गांव में ही आपसी विवाद को लेकर मामा-भांजे के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें आकाश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई।

### इलाज के दौरान घायल युवक की मौत, आक्रोशितों ने शव के साथ किया जाम

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद शनिवार को इलाके में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया तथा प्रशासन से मुआवजे की मांग करने लगे।

मिली जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के भट्टी चौक के समीप शुक्रवार को एक साइकिल सवार युवक अपने घर से किसी आवश्यक कार्य से निकला था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए पहले स्थानीय स्तर पर ले जाया गया, बाद में उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान बरहेता पंचायत के वार्ड संख्या 5 निवासी लालदेव सहनी के 35 वर्षीय पुत्र राम प्रवेश सहनी के रूप में की गई है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक के साथ-साथ आक्रोश फैल गया।

शनिवार को आक्रोशित लोगों ने बरहेता चौक के समीप शव को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बीडीओ देवेंद्र कुमार एवं कल्याणपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया तथा सरकारी प्रावधानों की जानकारी दी। काफी मशक्कत के बाद जाम समाप्त कराया जा सका। बताया गया कि सड़क जाम लगभग एक घंटे तक जारी रहा।

मौके पर बीडीओ ने मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना सहायता योजना के तहत मृतक के परिजनों को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। इसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए और यातायात सामान्य हो सका।

# सीतामढ़ी के 17 प्रखंडों में बनेंगे मॉडल स्कूल

## क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी ने किया निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के आलोक में राज्य भर में उन्नत शिक्षा-उज्जवल भविष्य योजना के तहत प्रत्येक प्रखंड में एक-एक आदर्श विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इन विद्यालयों में नामांकन शुरू कर संचालन सुनिश्चित किया जाए।

जारी आदेश के अनुसार मुख्यालय स्तर पर पदस्थापित अधिकारियों के साथ-साथ सभी प्रमंडलों में तैनात क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों को अपने-अपने आवंटित जिलों में चिन्हित विद्यालयों का निर्धारित मानकों के अनुरूप निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग द्वारा तय इंडिकेटर्स के आधार पर 31 मार्च 2026 तक सभी चयनित विद्यालयों का निरीक्षण कर रिपोर्ट शिक्षा विभाग, पटना को उपलब्ध करानी है।

इसी क्रम में उप निदेशक, शिक्षा विभाग अब्दुस सलाम अंसारी द्वारा सीतामढ़ी जिले में निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अब तक जिले के 15 प्रखंडों में आदर्श विद्यालयों का निरीक्षण पूरा कर लिया है। जानकारी के अनुसार वे पिछले एक सप्ताह से लगातार विभिन्न प्रखंडों का दौरा कर विद्यालयों की भौतिक स्थिति, शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत संरचना एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन मूल्यांकन कर रहे हैं।



एमपी हाई स्कूल में निरीक्षण के दौरान बैठक करते क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी व उपस्थित अन्य।

सीतामढ़ी जिले के कुल 17 प्रखंडों में एक-एक मॉडल स्कूल के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दिशा में चल रहे निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा विद्यालय भवन, कक्षाओं की स्थिति, शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, प्रयोगशाला, पुस्तकालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की जांच की जा रही है, ताकि चयनित विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जा सके।

शनिवार को उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी ने शहर के एमपी हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और निर्धारित मानकों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने

**राज्य भर में उन्नत शिक्षा-उज्जवल भविष्य योजना के तहत प्रत्येक प्रखंड में एक-एक आदर्श विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया तेज**

कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

शिक्षा विभाग के इस पहल से जिले में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। आदर्श विद्यालयों के संचालन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल, आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत होगी। एमपी हाई स्कूल के प्राचार्य बैद्यनाथ बैठा, मो अरमान अली, कमाल अशरफ, सबील अहमद, मो. अंजुम रेजा, नुसरत जहां, निकहत जहां, जितेंद्र माधव, नवीन कुमार, सुबोध कुमार, रामकृपाल प्रसाद, मो. आफताब आलम, दिनेश ठाकुर, आएडी राय, चंदन कुमार ज्योति, शिव शंकर कुमार, मो. मनाजेरूल इस्लाम, कौशर रब्बानी समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# हर हाल में एलपीजी गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करें : डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य रहने के बावजूद मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालकों/प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि हर हाल में होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए तथा आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कालाबाजारी, कृत्रिम कमी उत्पन्न करना या उपभोक्ताओं से अतिरिक्त राशि वसूलना जैसी शिकायतें मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि गैस वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। बुकिंग के अनुसार समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जाए और उपभोक्ताओं के साथ शिष्ट व्यवहार रखा जाए। साथ ही, सभी एजेंसियां अपने स्टॉक एवं वितरण का अद्यतन रिकॉर्ड संधारित रखें, ताकि

**जिलाधिकारी ने की गैस एजेंसी संचालकों/प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक, दिए कई निर्देश**

किसी भी स्तर पर जांच में पारदर्शिता बनी रहे।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से गैस एजेंसियों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि एलपीजी एक आवश्यक सेवा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे आम जनता को प्रभावित करती है।

उन्होंने सभी संचालकों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान गैस संचालकों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कई एजेंसियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी संदीप कुमार, एडीएम आपदा प्रबंधन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपलब्ध थे।

# जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कमल सिंह ने पत्रकारों संग मनाया जन्मदिन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) कमल सिंह ने अपना जन्मदिन पत्रकारों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों के साथ सादगीपूर्ण माहौल में मनाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

पत्रकारों द्वारा मंगाए गए केक को काटकर डीपीआरओ कमल सिंह ने जन्मदिन का उत्सव मनाया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं शुभकामना संदेश भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की।

सहकर्मियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जनसंपर्क विभाग ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

डीपीआरओ कमल सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकारों के अलावा डीपीआरओ कार्यालय के बड़ा बाबू अनिल कुमार, कर्मी माधवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## राम धुन और भक्ति गीतों से गुंजायमान हुआ सुग्गा मंदिर, धूमधाम से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के कठही पुल सब्जी मंडी के समीप नया टोला में श्री राम जानकी सुग्गा मंदिर न्यास समिति द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य राम धुन कार्यक्रम व श्रीराम जन्मोत्सव झांकी का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के भाव में डूबा रहा। कार्यक्रम में महिला मंडली द्वारा भगवान श्रीराम जन्मोत्सव से जुड़े पारंपरिक गीत और सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मीना ठाकुर ने दशरथ के चारो ललनवा, खेलले अंगनवा गीत गाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं कृष्णा शाही ने जन्म लिए रघुराईया, अवध में बाजे बधईरया गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिरस से भर दिया। इसी क्रम में उषा सिंहा के चार-चार प्रगटे ललनवा, भवनवा में बाजे बजनवा



नयाटोला स्थित सुग्गा मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाती महिला मंडली की सदस्यगण।।

और नेहा सिंह के ठुमक ठुमक चलत रामचंद्र, बाजत पैजनिया जैसे राम जन्मोत्सव की बधईया गीत व लोकप्रिय भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम जन्मोत्सव से संबंधित मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर न्यास समिति की सदस्य रंजना सिंह अधिवक्ता, कृष्णा शाही, उषा सिंह, मीना ठाकुर, पुष्पा श्रीवास्तव, नेहा सिंह ठाकुर, अर्चना झा, प्रतिमा देवी, रेखा सिंह, नूतन देवी सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही मधु मंगल ठाकुर, बालेश्वर नारायण सिंह, चितरंजन सिंह, राजू शाही, विजय दास (पुजारी), शशि भूषण मिश्रा और राकेश मंडल समेत अन्य श्रद्धालुओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी रमेश प्रसाद श्रीवास्तव ने दी।

## कर्ज के बोझ से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के रढ़ीयम गांव में कर्ज के बोझ से तंग आकर एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अरुण पासवान (45) हरि पासवान का पुत्र था। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि अरुण शराबी और सनकी मिजाज का था। वह जरूरत से ज्यादा लोगों से कर्ज लेकर फिजूलखर्ची करता था। जब कर्जदाताओं ने पैसे मांगना शुरू किया, तो आजिज होकर उसने शनिवार को फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक की एक पुत्री की शादी हाल ही में हुई थी, जबकि एकमात्र पुत्र है।

# नल-जल योजना में लापरवाही पर निगम सख्त

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहरवासियों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर नगर निगम ने सख्ती बढ़ा दी है। ह्लहर घर नल-जल योजनाह्व के अनुरक्षण एवं संचालन में लापरवाही मिलने पर कार्यपालक अभियंता विजेंद्र कुमार ने वार्ड संख्या 38, 26, 03, 40, 07, 20, 16, 23, 04, 09, 06, 43, 24, 05, 11, 30, 48, 25, 45, 01, 31, 44, 47, 02, 29, 21, 27, 33, 17, 19, 18 एवं 32 के संवेदकों को अलग-अलग पत्र जारी कर अविलंब अनुरक्षण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

जारी पत्र में कहा गया है कि संबंधित वार्डों में पाइपलाइन बिछाने के बाद भी नियमित रखरखाव नहीं किया जा रहा है। कई जगह लीकेज, पाइपलाइन खराबी और जलापूर्ति बाधित होने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे आमलोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम ने इसे गंभीरता से लेते हुए संवेदकों को

**मुजफ्फरपुर नगर निगम के कार्यपालक अभियंता ने कई वार्डों के संवेदकों को भेजा पत्र, तीन दिनों में लाइन मिस्त्री तैनाती का निर्देश**

तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा है। कार्यपालक अभियंता विजेंद्र कुमार ने निर्देश दिया है कि सभी संवेदक अपने-अपने वार्ड में तत्काल अनुरक्षण एवं संचालन कार्य शुरू करें। प्रत्येक वार्ड में लाइन मिस्त्री की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायत मिलने पर तुरंत मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल की जा सके और लोगों को राहत मिल सके। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित लाइन मिस्त्री या कर्मियों का नाम एवं मोबाइल नंबर तीन दिनों के भीतर नगर निगम कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इससे शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा और जलापूर्ति बाधित नहीं होगी।

नगर निगम ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले संवेदकों के अनुरक्षण एवं संचालन मद में भुगतान पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने कहा कि शहरवासियों को नियमित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में नल-जल योजना का रखरखाव सख्ती से सुनिश्चित कराया जा रहा है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी संवेदकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 की ऐतिहासिक कटौती का प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय का किया स्वागत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) में 10 प्रति लीटर की भारी कटौती किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा प्रवक्ता जुनैद खान ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के बावजूद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी की जेब और देश की अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता दी है। 10 की यह बड़ी राहत न केवल महंगाई पर लगाम लगाएगी, बल्कि परिवहन और कृषि क्षेत्र को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस दूरदर्शी और संवेदनशील निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम साबित करता है कि सरकार 'अंत्योदय' के संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस कटौती से मध्यम वर्ग, किसानों और व्यापारियों को सीधे तौर पर लाभ होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार

**रक्सौल।** नेपाल की राजनीति में बड़ा घटना सामने आया है।नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को नेपाल पुलिस ने उनके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई वर्ष 2025 में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और मौतों के मामले में उनकी गिरफ्तारी की गई है। इस मामले में नेपाल के पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी हिरासत में लिया गया है।वर्तमान नेपाल सरकार की ओर से कहा गया है कि यह कदम जांच रिपोर्ट के आधार पर उठाया गया है।विधि सम्मत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जितने भी दोषी व्यक्ति होंगे उन्हें गिरफ्तार कर सजा दिलवाई जाएगी।इस गिरफ्तारी के बाद नेपाल की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

### शर्ट सर्किट से भीषण आग

**कल्याणपुर।** गरीबा पंचायत के वार्ड नंबर 7 में शुक्रवार की रात बिजली के शर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। जिसमें एक नाबालिक लड़की घायल हो गई जबकि पांच बकरियां जलकर मर गई । इस अगलगी की घटना में जयराम साह, बैद्यनाथ शाह, अमरेश शाह, राजेश शाह सहित कुल चार घर जलकर राख हो गया। जिसमें घर में रखे अनाज, कपड़ा, फर्नीचर, नकदी आदि जलकर नष्ट हो गया। इस अगलगी की घटना में जयराम शाह के लड़की के शादी के लिए खरीद के रखे सारे सामान कपड़ा, नकदी, फर्नीचर , अनाज सहित सभी सामान जल के नष्ट हो गया। अगिशामक की गाड़ी व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अगलगी के घटना की पुष्टि करते हुए स्थानीय मुखिया सुभाष भारती ने प्रशासन से मुआवजा की मांग किया है। जबकि कल्याणपुर बीडीओ सह प्रभारी अंचलाधिकारी चन्द्रगुप्त बैठा ने बताया कि आपदा प्रबंधन के तहत जांच कर मुआवजा दिया।

### दो बाइक की टक्कर में एक की मौत

**चकिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदावन चवर में चकिया-केसरिया पथ पर शनिवार को शाम में दो बाइक की भीषण टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव निवासी मो इदरीश के पुत्र मो अजीम के रूप में बताई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया व मृतक के बाइक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना लाई।

### श्री शिव महापुराण की दिव्य कथा का आयोजन

**मोतिहारी।** शहर के अमर छतौनी स्थित ब्रह्मस्थान के समीप लड्डू सिंह बनिहारा के घर के पीछे नौ दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन किया गया है।जो 2 अप्रैल से शुरू होकर 10 अप्रैल तक चलेगा।2 अप्रैल को जलयात्रा के साथ सायंकाल में कथा आरंभ किया जायेगा।इस बावत कथास्थल पर भव्य रुप में पंडाल निर्माण कार्य शुरू है। कथा का आयोजन समिति अध्यक्ष उदय कुमार सिंह उर्फ लड्डू सिंह बनिहारा के नेतृत्व में अयोध्या धाम से पधार रहे आचार्य महंथ श्री रामप्रवेश दास जी महाराज द्वारा किया जायेगा।इस पुनीत कार्य में समिति के सचिव मंजूलाल साह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह सहित अन्य पूजा समिति एवं ग्रामीण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पूजा समिति द्वारा समस्त जनता को इस अवसर पर उपस्थित होकर कथा सूनने एवं पुण्य के भागी बनने की अपील की गयी है।

### अंग्रेजी शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरप्तार

**चकिया।** शहर स्थित बरमदिया रेलवे गुमटी के निकट से पुलिस ने टेंपू से अंग्रेजी शराब के साथ तीन धंधेबाजों को गिरप्तार किया। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान तुरकौलिया थाना क्षेत्र के निमुइया गांव निवासी अंकित कुमार व साहेबगंज थाना क्षेत्र के अमित कुमार तथा हरसिद्धि थाना क्षेत्र के जरमुरारपुर गांव निवासी बिहारी कुमार राम के रूप में हुई है। गस्ती के दौरान उक्त स्थान पर टेंपू चालक पुलिस को देख घबराने लगा। इसी क्रम में पुलिस ने टेंपू का सर्च किया व दो ट्रली बैग तथा एक पिट्ठू बैग की तलाशी ली। जिसमें छुपा कर ले जा रहे रयल स्टेज ब्रांड का 750 एमएल का 28 व रेड लेवल ब्रांड का 750 एमएल का 50 बोतल करीब 58 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि मधु निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरप्तार तीनों कारोबारी को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया है।

# शौर्य स्तम्भ स्थल के विकास पर मंथन, डीआरडीओ की भव्य प्रदर्शनी 15 से 18 अप्रैल को आयोजित होगी

**मोतिहारी(एन एस बी)।** आज शौर्य स्तम्भ स्थल पर सांसद पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह के साथ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के मुख्य अभियंता ड बी के सिंह, डीआरडीओ के अपर निदेशक बृजेश कुमार, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया और इसके विकास पर विचार किया गयासउक्त अवसर पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के चीफ इंजीनियर ने कहा कि सांसद राधा मोहन सिंह के प्रयास से विद्यार्थियों और नौजवानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा 15 से 18 अप्रैल तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के मडल और उत्पाद की प्रदर्शनी महात्मा गांधी अडिटोरियम परिसर में लगाई जायेगी।

उन्होंने कहा कि डीआरडीओ देश की अतिमहत्वपूर्ण संस्था है, जिसकी आपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।सांसद श्री सिंह ने कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा उनके मडल और उत्पाद की प्रदर्शनी एक बड़ा काम है। प्रदर्शनी में ब्रह्मोस मिसाइल, पृथ्वी मिसाइल, आकाश मिसाइल एवं अगि मिसाइल के अतिरिक्तरडार सहित अन्य उत्पाद प्रदर्शनी में शामिल रहेंगे।इससे युवाओं और नौजवानों को प्रेरणा


निरीक्षण करते लोग।

मिलेगी और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वौज्ञानिक बन कर देश की सेवा करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि भविष्य में इन मडल और उत्पादों को स्थायी रूप से कैसे शौर्य स्तम्भ परिसर में लगाया जाएगा, इसकी भी योजना बन रही है। उक्त अवसर पर उप महापौर ड लालबाबू प्रसाद, भाजपा मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, निगम पार्षद संजू निषाद, राय रोहित शर्मा, रोचक झा, ऋषभ झा, दिव्यांशु भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# पकड़ीदयाल में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई

## कार्यपालक सहायक का अनुबंध रद्द, तीन आवास सहायकों पर आर्थिक दंड

**मोतिहारी(एन एस बी)।** प्रखंड पकड़ीदयाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अनियमितताओं के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। प्रमुख श्रीमती पिंकी देवी की शिकायत पर हुई जांच के बाद एक कार्यपालक सहायक का अनुबंध रद्द कर दिया गया है, जबकि तीन आवास कर्मियों पर आर्थिक दंड लगाया गया है।

मामले की जांच निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, डीआरडीए पूर्वी चम्पारण द्वारा की गई। जांच में पाया गया कि कार्यपालक सहायक विनय कुमार द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर जियो टैगिंग एवं सर्वे का कार्य किया गया और लाभुकों से अवैध वसूली भी की गई। उपलब्ध अडियो-वीडियो साक्ष्यों के आधार पर आरोप सही पाए जाने पर उनका अनुबंध रद्द कर दिया गया।इसके अलावा, ग्रामीण आवास


डीडीसी डा. प्रदीप कुमार।

सहायक रवि शंकर कुमार पर सुन्दरपट्टी एवं चोरमा पंचायतों में अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने तथा अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप सिद्ध होने पर दो वर्षो के लिए 15 प्रतिशत मानदेय कटौती का दंड लगाया गया। इसी तरह राजेपुर नवादा पंचायत के आवास सहायक असरारूल हक पर भी अयोग्य लाभुकों को लाभ देने के मामले में दो वर्षो के लिए 15 प्रतिशत मानदेय कटौती की कार्रवाई की गई।वहीं, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक मो राशिद कुमार पर निरीक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में दो वर्षो के लिए 10 प्रतिशत मानदेय कटौती का दंड अधिरोपित किया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# चंपारण एक्सपो 2026 के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र का उद्घाटन

**मोतिहारी(एनएसबी )।** मोतिहारी के टाउन हल में आयोजित चंपारण एक्सपो 2026 का तृतीय दिवस के प्रथम सत्र का भव्य उद्घाटन आज 2 बजे गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तृतीय दिवस के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात के द्वारा सभी स्थलों का अवलोकन किया गया एवं इसकी काफी प्रशंसा की गई एवं भविष्य में ऐसा आयोजन आगे भी करते रहने हेतु प्रेरित किया गयास आज वीरगंज चेंबर अफ कमर्स के एक प्रतिनिधि मंडल के द्वारा भी चंपारण एक्सपो 2026 का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर मोतिहारी चौम्बर अध्यक्ष महेश सिन्हा महासचिव आलोक कुमार, कार्यक्रम संयोजक ड विवेक गौरव,नर्थ बिहार चेंबर अफ कमर्स के श्याम भीमसरिया,सज्जन शर्मा के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किया गयास यह आयोजन मोतिहारी चौंबर अफ कमर्स एवं नर्थ बिहार चौंबर अफ कमर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जो 26 मार्च से 30 मार्च तक चलेगा। एक्सपो में विभिन्न उद्योगों, स्टार्टअप्स एवं स्थानीय उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

सभी अतिथियों को शल और मोमेंट देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मोतिहारी चौंबर के बीरेंद्र जालान, सुधीर अग्रवाल, सुरेश चंद्र, , राजीव विजडम, संजय जायसवाल, रवि ष्ण लोहिया, अनुपम जायसवाल, , सुधांशु रंजन,, ड विवेक गौरव, अनिल अग्रवाल, अनिल बोहरा, के अलावा अन्य चेंबर अफ कमर्स के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में शहरवासी एवं व्यवसायी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव आलोक कुमार ने की।

# मोतिहारी में लगेगी भव्य प्रदर्शनी, 15 से 18 अप्रैल तक शौर्य स्तंभ पर दिखेगी सैन्य तकनीक की ताकत

**मोतिहारी(एन एस बी)।** स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह के पहल पर मोतिहारी के शौर्य स्तंभ पार्क में आगामी 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (क्त्क्०) द्वारा अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।इस प्रदर्शनी के आयोजन को लेकर आज पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने डीआरडीओ के अधिकारियों, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान प्रदर्शनी की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शनी खासतौर पर छात्रों और युवाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की जा रही है, ताकि वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो सकेंस डीआरडीओ के चीफ इंजीनियर ने जानकारी दी कि इस प्रदर्शनी में देश के रक्षा क्षेत्र में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक उपकरणों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें बुलेट प्रूफ जैकेट, हेलमेट, विशेष सैन्य जूते, केमिकल एवं न्यूक्लियर हमलों से बचाव के लिए विशेष सूट समेत कई उन्नत तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा।साथ ही, प्रदर्शनी में डीआरडीओ की महत्वपूर्ण भूमिका को भी दिखाया जाएगा, जिसमें अपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में संगठन के योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा।

इससे छात्रों को न केवल रक्षा तकनीक की जानकारी मिलेगी, बल्कि वे वैज्ञानिकों के कार्यो को समझकर इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और उन्हें देश के रक्षा अनुसंधान एवं तकनीकी विकास से जोड़ना है, ताकि आने वाली पीढ़ी देश की सुरक्षा और प्रगति में अपना योगदान दे सके।

# मोतिहारी सदर अस्पताल में कोर्स का विस्तार : सीएस

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिला स्तर पर उत्ष्ट पठन-पाठन व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन की सराहना की जा रही है। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सदर अस्पताल में क्छठ (डिप्लोमेट अफ नेशनल बोर्ड) कोर्स का विस्तार किया जा रहा है और जल्द ही अन्य विषयों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी।

सिविल सर्जन ने बताया कि इस योजना के लिए केंद्र सरकार को आवश्यक राशि हस्तांतरित कर दी गई है। साथ ही, केंद्र की टीम द्वारा किसी भी समय अस्पताल का निरीक्षण किया जा सकता है। इसे देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी मानकों को


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा हैस उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल परिसर में 50 बेड के अत्याधुनिक आईसीयू का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। इस आईसीयू में क्छठ इमरजेंसी मेडिसिन की पढ़ाई भी कराई जाएगी, जिससे छात्रों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल में विभाग का पूर्ण सहयोग मिल रहा है और केंद्र स्तर से होने वाले निरीक्षण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।क्छठ के निदेशक ड. कुमार अमृतांशु और उनकी पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह जिला ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मोतिहारी सदर अस्पताल में बिहार में सबसे अधिक क्छठ सीटें उपलब्ध हैं, जो इसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच अति निर्धन कन्याओं के पठन-पाठन का एक वर्ष का खर्च उठाएगी शाखा

**रक्सौल(एनएसबी)।** चौत्र रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को भारत विकास परिषद, शाखारक्सौल के तत्वावधान में भव्य कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहर के कोईरिया टोला स्थित शिवनारायण निवास परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती मेनका गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सीमा गुप्ता, किरण गुप्ता, श्वेता रानी, कामिनी सिंह, शकुन्तला देवी, ममता देवी, मीना देवी, बबली सिकारिया, अरुणिमा जायसवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह में कुल 30 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें उपहार प्रदान किए गएस पूजन के क्रम में कन्याओं के चरण पखारे गए, उनका श्रृंगार किया गया तथा मां दुर्गा की आराधना के मंत्रोच्चारण के बीच आरती एवं पूजन संपन्न हुआ। तत्पश्चात सभी कन्याओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया और उन्हें पठन सामग्री, फल एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। इस अवसर पर परिषद के सचिव नरेश कुमार, वित्त सचिव सुनील कुमार एवं महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता ने संयुक्त रूप से विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शाखा अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी एवं सचिव नरेश कुमार ने कन्याओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे समाज और राष्ट्र की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि कन्याएं अबला नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा हैं। महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता ने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि नवरात्र में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी की आराधना के पश्चात हवन एवं कन्या पूजन का विशेष महत्व है। नारी शक्ति स्वरूपा है और भारतीय संस्ति में नारी को देवी का स्थान प्राप्त है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियोंजैसे यौन शोषण, भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न आदिपर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियों का संरक्षण और सम्मान समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से संकल्प लेने का आह्वान कियाबेटी बचायेंगे, तभी सृष्टि बचेगीय बेटियां हैं तो कल है।समाज में बेटियों का सम्मान एवं सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी हैस इस अवसर पर शाखा के संयोजक विजय कुमार साह ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि 'बेटी बचाओबेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत रक्सौल शाखा द्वारा पाँच अति निर्धन कन्याओं के एक शैक्षणिक वर्ष तक के ट्यूशन शुल्क, पुस्तक, कपी, कलम एवं अन्य पठन सामग्री का सम्पूर्ण खर्च वहन किया जाएगास कार्यक्रम को सफल बनाने में संपर्क प्रमुख उमेश सिकारिया, नीतेश कुमार सिंह, सुनील कुमार, मनोज कुमार, अजय कुमार,सुभाष अग्रवाल, सुनील कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, अरविंद जायसवाल, विनोद रौनियार, दिनेश प्रसाद, संतोष कुमार एवं अरूण कुमार सहित परिषद के अनेक सदस्यों का कन्याओं को उपहार भेंट के साथ सराहनीय योगदान रहा।

### एसएसबी का निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 200 मरीजों का इलाज

**रक्सौल(एनएसबी)।** इसशस्त्र सीमा बल की 47वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रक्सौल के ग्राम महदेवा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ।इस दौरान शिविर में 47वीं वाहिनी के कमांडेंट (मेडिकल) ड़ निशिकांत के नेतृत्व में कुल 200 महिला, पुरुष एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों के सामान्य बीमारियों में मौसमी संक्रमण, उच्च रक्तचाप और मधुमेह से संबंधित परामर्श दिया गयास चिकित्सा जांच के दौरान ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की भी जांच की गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उच्च रक्तचाप और मधुमेह से ग्रसित पाए गए। ऐसे मरीजों को नियमित खानपान, योग एवं व्यायाम अपनाने और जीवनशैली में सुधार के लिए विशेष सलाह दी गई।साथ ही उपचार के बाद सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गईं। शिविर में महिला, बुजुर्ग और बच्चों की संख्या अधिक रही। स्थानीय ग्रामीणों ने एसएसबी की इस पहल की सराहना बताया। वही इस मेडिकल टीम में धनलाल साह, गुमान सिंह, बुन्नीलाल यादव, संतोष कुमार यादव, सुभाष चंद, मोतीउर रहमान, राहुल कुमार, रमेशलाल, कमलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चोरी का बोलेरो बरामद, एक गिरफ्तार

**मोतिहारी (एस एन बी )।** पूर्वी चम्पारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक चोरी का बोलेरो वाहन बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी फरार बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि मच्छरगावाँ बनकटवा निवासी दिनेश प्रसाद के घर पर चोरी का बोलेरो वाहन रखा हुआ है। सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस टीम शुक्रवार को करीब 2 बजे उसके घर पहुंची, जहां एक उजले रंग का बोलेरो वाहन खड़ा पाया गयास वाहन की जांच के दौरान उसका नंबर ठत्30श्र1755, चेचिस नंबर ड।1च्स्2ळठज्ञ92थ्94578 एवं इंजन नंबर ळठ94थ्64723 पाया गया। भ्भ्क मशीन से जांच में वाहन का रंग सिल्वर दर्ज मिला, जबकि मौके पर वाहन सफेद रंग का था। संदेह होने पर पुलिस ने भ्भ्क में दर्ज वाहन स्वामी मो असलम से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि उनका वाहन सुरक्षित उनके पास ही है। पूछताछ के दौरान दिनेश प्रसाद ने स्वीकार किया कि उक्त वाहन चोरी का है और उसने इसे गांव के ही कारी प्रसाद से खरीदा था।

### पीपराकोठी में रामनवमी पर शोभायात्रा

**पीपराकोठी ।** शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और स्थानीय युवाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा क्षेत्र श्जय श्रीराम श के नारों से गूंज उठा। शोभायात्रा की शुरुआत मुख्य चौराहे से हुई। यह वाटगंज, बलथरवा, चांदसरैया और बाजार सहित विभिन्न प्रमुख मार्गो से गुजरी। मार्ग में जगह-जगह खड़े श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। शोभायात्रा में शामिल झांकियां और भगवान राम, लक्ष्मण एवं माता सीता के रूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्ति, मर्यादा, सत्य और आदर्श जीवन का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीराम के आदर्शो को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शोभायात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। पुलिस की सतर्कता ने लोगों में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गुंजन प्रकाश, रीतज गुप्ता, राजू सिंह, अजीत कुमार उर्फ बंटी, कामेश्वर चौरसिया, रविन्द्र सहनी, मनीष कुशवाहा, संजय गिरी, राजकुमार सिंह, गुड्डू कुमार, छोटू सिंह और राजन सिंह सहित अनेक स्थानीय लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### 31 मार्च तक एकमुश्त भुगतान योजना का लाभ लें : नगर आयुक्त आशीष कुमार

**मोतिहारी(एन एस बी)।** नगर निगम मोतिहारी में संपत्ति कर से जुड़ी एकमुश्त भुगतान योजना (वन टाइम सेटलमेंट) की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 नजदीक आ गई है। इसको लेकर नगर आयुक्त श्री आशीष कुमार (आईएएस) ने समीक्षा बैठक कर व्यवस्था को और सुढ़ करने के निर्देश दिएस बैठक में उन्होंने सभी 46 वार्डो में बढ़ती होल्डिंगधारियों की भीड़ को देखते हुए कर संग्रहण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ आसानी से ले सकें। उन्होंने सभी कर संग्राहकों, टैक्स दारोगाओं और नगर प्रबंधकों को निर्देशित किया कि कोई भी लाभुक इस योजना से वंचित न रहे।नगर निगम प्रशासन के अनुसार, इस योजना के तहत अब तक 15,368 नए होल्डिंग का सृजन किया जा चुका है। वहीं, होल्डिंग टैक्स के रूप में कुल 8 करोड़ 68 लाख 35 हजार 200 रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी हैस कार्यालय में लगातार योजना का लाभ लेने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ रही है। नगर आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले इस योजना का लाभ उठाकर बकाया कर का निपटारा कर लें।

## संक्षिप्त खबरें

### टेली-लॉ जागरूकता कैम्प का हुआ सफल आयोजन



**सहरसा सदर (एनएसबी)।** जिले के कहरा प्रखंड अंतर्गत सिरादेपट्टी गाँव में आजसीएससी भीएलइ नारायण झा के केंद्र पर टेली-लॉ जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीएससी के जिला प्रबंधक रूपेश रंजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रबंधक रूपेश रंजन ने टेली-लॉ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आसानी से निःशुल्क या सस्ती दरों पर कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों को टेली-लॉ सेवा का लाभ उठाने, इसके उपयोग की प्रक्रिया तथा इसके महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस सेवा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस जागरूकता कैम्प में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी सहायता को सुलभ बनाना एवं लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

### धार्मिक आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा व आध्यात्मिक चेतना का संचारः आलोक रंजन।



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा स्थित बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आलोक रंजन के आवास पर रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य अखंड श्रीरामधुनी संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकत्राओं एवं श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं श्रीराम नाम के संकीर्तन के साथ हुआ। अखंड रामधुनी के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। जिससे उपस्थित श्रद्धालु भक्ति-रस में सराबोर हो उठे। इस अवसर पर आलोक रंजन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ भी दीं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। आयोजन का समापन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर सोनवर्षा विधायक एवं पूर्व मंत्री रतनेश सादा, सिमरी बख्तियारपुर के विधायक संजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक व जदयू के जिला अध्यक्ष गुंजेश्वर साह, भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष रामरतन ऋषिदेव सहित कई गणमान्य स्थिति मौजूद रहे।

### चैती दुर्गा पूजा पर दो दिवसीय मेले का आयोजन, मां दुर्गा की पूजा अर्चना में उमड़ी भीड़



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के तेलियाहाट बाजार स्थित चैती दुर्गा मंदिर में शनिवार की सुबह पट खुलते ही मेला का शुभारंभ हो गया है। आस पास के लोगों ने मां दुर्गा के साथ-साथ अन्य देवी-देवताओं की पुजा अर्चना शुरू कर दिया है। मेला कमिटी के अध्यक्ष पवन कुमार मोदी ने बताया कि आगामी शनिवार एवं रविवार दो दिवसीय मेला का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया है। वहीं मेला के दौरान दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जिसके लिए दूर-दराज के कलाकारों को मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि मेला के आयोजन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटने का अनुमान है। 30 मार्च को प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं मेला कमिटी के अध्यक्ष ने ग्रामीणों से मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। मां दुर्गा की पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। जो पूरे दिनभर सिलसिला जारी रहता है। खासकर महिलाओं की भीड़ सबसे अधिक रहती है। मेला को सफल बनाने में मेला कमिटी के अध्यक्ष सहित सचिव रामप्रकाश चैधरी, कुंदन कुमार सहनी, सत्यनारायण चैधरी, अमित कुमार सहनी, राजन सहनी, शिवा, प्रवेश, विकास, नंदन चैधरी, राजेश, नितीश, किशोर गुप्ता व अन्य जुटें हुए हैं।

### घोड़ा रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधे यादव व धीमी गति चाल में प्रथम स्थान धीरेन्द्र यादव हुए विजेता



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** श्री रामनवमी पूजा समिति पंचवटी चैक द्वारा शनिवार को पटेल मैदान में आयोजित घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र यादव के देख रेख में किया गया।जो क्षेत्र में उत्साह का माहौल लेकर आया। इस प्रतियोगिता में स्थानीय निवासियों और घोड़ा प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।समिति द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देते हैं और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। श्री रामनवमी मेला समिति, पंचवटी, सहरसा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पटेल मैदान, सहरसा में घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नाट्य निर्देशक सह सदस्य कुन्दन वर्मा ने बताया कि समिति के संस्थापक रमेश चंद्र यादव के निर्णायक में बिहार के विभिन्न जिलों से आए घुड़सवार अपने-अपने घोड़ा के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें तेज गति फर्द वाल में प्रथम स्थान राधे यादव, द्वितीय स्थान अमोद यादव, विशेष प्रोत्साहन पपलेश यादव एवं धीमी गति चाल में प्रथम स्थान धीरेन्द्र यादव, द्वितीय स्थान राधे यादव, तृतीय स्थान बबलू यादव, विशेष प्रोत्साहन अजय कुमार ने प्राप्त किया।इस अवसर पर सचिव राम विनय सिंह, सिंडिकेट सदस्य मेजर डॉ गौतम कुमार उपाध्याक्ष राम प्रकाश सिंह संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार सिंह संयुक्त सचिव सचिव मुरारी प्रसाद यादव,राधे यादव, सुभाष यादव संजय वशिष्ठ,सुरेश चंद्र नंदलाल पासवान,श्यामाचरण झा सहित अन्य उपस्थित थे।

### हथियार के बल पर लूटी गई 20 रसोई गैस सिलेंडर बरामद, दो अपराधी गिरफ्तार



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला पुलिस टीम में महज 36 घंटे के भीतर हथियार के बल पर लूटी गई 20 रसोई गैस सिलेंडर को बरामद करने में सफलता हासिल की है। साथ ही मौके से ही दो अपराधी की भी गिरफ्तारी हुई है। हालांकि कुछ अन्य अपराधी पुलिस कार्रवाई में फरार होने में कामयाब रहे। जिसकी भी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जिला के बसनही थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि बीते 26 मार्च को जिला के अतलखा गांव निवासी भोला यादव के पुत्र वीर सिंह पिकअप भान संख्या बीआर 43 जीए 6269 से गैस सिलेंडर के वितरण का कार्य कर रहे थे। वे गैस सिलेंडर वितरण कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान देर शाम लगभग 5:30 बजे थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर पैक्स गोदाम स्थित कलभट के निकट दो बाइक पर सवार चार अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखाकर उनसे रसोई गैस सिलेंडर वितरण से जमा कुल 25 हजार नकद रुपए, उनका मोबाइल फोन और वाहन सहित गैस सिलेंडर की लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद पीड़ित वीर सिंह की शिकायत पर बसनही थाना कांड संख्या 50/26 दर्ज की गई थी।उन्होंने आगे बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी हिमांशु के निर्देश पर अनुसंधान के क्रम में लगातार छापामारी की जा रही थी। इस दौरान मानवीय सूचना, तकनीकी अनुसंधान और आसूचना इकाई के सहयोग से उक्त मामले में शामिल दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिनके निशानदेही पर लूटी गई 20 रसोई गैस सिलेंडर को बरामद किया गया था। हालांकि घटना में शामिल अन्य अपराधी फरार हो गए थे। जिन्हें चिन्हित कर लिया गया है। जिनकी भी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

# सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत, एक कार में चार दोस्त थे सवार

## बिजली के खंभे को तोड़ते हुए 20 फीट ऊंचे पुल से नीचे नदी में जा गिरी, एक लापता है जिसे पुलिस तलाश रही

**सहरसा (एनएसबी)।** सहरसा-मधेपुरा मुख्य मार्ग स्थित अरार घाट पुल पर सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक लापता है। एक्सीडेंट शुक्रवार देर रात हुआ, जब एक कार बिजली के खंभे को तोड़ते हुए लगभग 20 फीट ऊंचे अरार घाट पुल से नीचे नदी में जा गिरी। चारों दोस्त ग्वालपाड़ा से मेला देखकर मधेपुरा लौट रहे थे। घटना स्थल पर मौजूद लोंगो ने षनिवार को बताया कि हादसे से एक घंटे पहले वो सोशल मीडिया पर लाइव थे। करीब 3 मिनट के वीडियो में चारों दोस्त कार में भोजपुरी गाना बजाकर झूमते नजर आ रहे हैं। मृतकों की 28 वर्षीय पहचान घनश्याम कुमार, 26 वर्षीय अंकित कुमार और 23 वर्षीय बसंत कुमार के रूप में हुई है। चैथे शख्स की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। चारों दोस्त कार के अंदर मस्ती करते नजर आ रहे हैं। गाड़ी में फुल साउंड में खेसारी लाल का गाना बज रहा है। जिस पर चारों झूम रहे हैं। हादसे वाली जगह के पास ही एक पान की दुकान है। प्रत्यक्षदर्शी पान दुकानदार राजीव कुमार ने बताया, ह्लकल रात मैं दुकान के अंदर सो रहा था। अचानक से जोरदार टक्कर और कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी। मैं बाहर निकलकर देखा तो 2 पोल और एक दुकान टूटी हुई थी। मैंने मोबाइल की लाइट जलाकर देखा तो नीचे कार गिरी थी। गाड़ी का सिर्फ पिछला हिस्सा नजर आ रहा था, बाकी का पार्ट पानी के अंदर था। सबसे पहले मैंने दुकान के मालिक को फोन किया, फिर डायल 112 को घटना की सूचना दी। नदी में गिरने के बाद कार पूरी तरह से डैमेज हो गई। चारों विंडो ग्लास टूट गए थे। कार का एयर बैग खुला है। दो युवक का शव कार के अंदर ही था। जबकि तीसरे का षव सुबह कार के पास से मिला। वहीं चैथे शख्स का कुछ पता नहीं चला है। हादसे में मारे गए अंकित बीएड और सीटीईटी पास थे। वो मधेपुरा में रहकर बीपीएसपी शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। वहीं बसंत कुमार बीएड सेकेंड इयर का छात्र था। जबकि घनश्याम कुमार कार ड्राइवर था। घनश्याम भाई में अकेला था। दो छोटी बहन की शादी हो चुकी है। घनश्याम की अभी शादी नहीं हुई थी। मधेपुरा भीरखी में रहकर ड्राइवर का काम करता था। चारों आपस में दोस्त थे। घटना की सूचना मिलते ही अरार थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को भी नदी से बाहर निकाल लिया है। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए असर अस्पताल भेज दिया गया है। स्थानीय प्रशासन लापता व्यक्ति की तलाश के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है और मामले की जांच जारी है।



घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़।





तीनों दोस्त का शव।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विधायक व अनुमंडल पदाधिकारी ने सुदर्शन गौतम को किया सम्मानित





प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते विधायक व एसडीओ।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित कला भवन में अनुमंडल स्तरीय तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह का भव्य रूप से समापन हुआ, समापन के मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संकुल समन्वयक सह बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के प्रखंड अध्यक्ष सुदर्शन कुमार गौतम को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया, नाव के सहारे पहुंच कर कोसी तटबंध के भीतर स्थित मध्य विद्यालय रैठी के छात्र-छात्राओं ने लघु नाटक दहेज प्रथा, बाल विवाह और नशा मुक्ति, झिझिया नृत्य, आधी रोटी खाएंगे फिर भी बिटिया को पढ़ाएंगे, लूंगी डांस और देश भक्ति, हास्य प्रहसन के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, दर्शकों ने भी तालियों की गगार्राहट से बच्चों का स्वागत किया। विधायक संजय कुमार सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और कप देकर सम्मानित किया। विधायक संजय सिंह ने कहा कि फरकिया दियारा जैसे सुदूर देहात में सुविधाविहीन जगहों पर दलित-महादलित बच्चों के बीच सुदर्शन गौतम ने शिक्षा का अलख जगाया और बच्चों को प्रतिभावान बनाने काम किए हैं, इसके लिए मैं सुदर्शन गौतम को साधुवाद देता हूं और वहां के छात्र-छात्राओं ने जो अपनी प्रतिभा अनुमंडल स्तरीय कला भवन में दिखाई और दर्शकों का मन मोह लिया, इसके लिए मैं छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम ने विधायक से आग्रह किया कि तटबंध के अंदर बहुत ऐसे विद्यालय हैं जिसके भवन क्षतिग्रस्त हैं, और ना ही चारदीवारी है, ना ही शौचालय की सुविधा है, ऐसी परिस्थिति में छात्र-छात्रों के बीच पठन-पाठन करना बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, ऐसे विद्यालय में अविलंब भवन, चार दिवारी और शौचालय बनवाएं, इस पर विधायक संजय कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि फरकिया दियारा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क की व्यवस्था सुदृढ़ हो, जहां-जहां विद्यालयों में क्षतिग्रस्त भवन है और शौचालय और चारदिवारी की व्यवस्था नहीं है, हम अविलंब बनवाने का काम करेंगे। विधायक और अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा सुदर्शन गौतम और छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने की खबर सुनते ही सलखुआ मुख्यालय समेत पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर फरकिया दियारा में खुशी की लहर, शिक्षक, ग्रामीण और प्रतिनिधि, पदाधिकारीयों ने बधाई दिए।

# तेज बारिश ने नगर निगम खोली पोल, कई इलाकों में जलजमाव की समस्या



**सहरसा (एनएसबी)।** शुक्रवार रात हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मारूफगंज रोड और कहरा रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर 2 फीट तक पानी जमा हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस जलजमाव से आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जलजमाव के कारण मोहल्लों में रहने वाले लोगों को भी आवागमन में कठिनाई हो रही है। वार्ड संख्या 37 के स्थानीय निवासी विलास कुमार ने बताया कि इलाके में बारिश के बिना भी जल निकासी की समस्या रहती है, जो बारिश के बाद और गंभीर हो जाती है। उन्होंने नगर निगम द्वारा बनाई गई नालियों के ऊंचे स्तर को पानी के सही निकास न होने का मुख्य कारण बताया। इस मामले पर सहरसा नगर निगम के नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा ने कहा कि मौसम में बदलाव के कारण अचानक बारिश हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन इलाकों में पानी जमा हुआ है, वहां जल निकासी के लिए सफाई कर्मियों को लगाया जाएगा और स्थिति को जल्द सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने 28 और 29 मार्च को भी बारिश की संभावना जताई है, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। कृषि मौसम वैज्ञानिक रामानंद पटेल के अनुसार, आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 29 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। साथ ही, पूर्वी दिशा से 6 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। लगातार बारिश और कमजोर जल निकासी व्यवस्था ने नगर निगम की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि जल्द ही प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो शहरवासियों को आने वाले दिनों में और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# महागठबंधन का महाधरनाः किसानों को फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की उठाई मांग



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शनिवार को महागठबंधन के बैनर तले स्टेडियम के बाहरी परिसर में एक दिवसीय महाधरना देकर किसानों को फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग किया। राजद जिलाध्यक्ष मो.ताहिर की अध्यक्षता में आयोजित महाधरना में महागठबंधन के हजारों कार्यकत्राओं एवं बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। महाधरना में महिषी विधायक डॉ.गौतम कृष्ण भी शामिल हुए। महागठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला पदाधिकारी को स्मार पत्र सौंप कारवाई की मांग की। धरना को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की आधारशिला है ऐसे में पिछले दिनों तेज आंधी, बारिश से मक्का, गेहूँ आदि फसल बड़े पैमाने बर्बाद हो गई। जिससे अन्नदाता गहरे आर्थिक संकट आ गए। महागठबंधन के नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष आए मोंथा चक्रवाती तूफान में बर्बाद हुए किसानों के फसल के फसल क्षतिपूर्ति का लाभ तत्कालीन प्रशासनिक उदासीनता के चलते नहीं मिल पाया। महिषी विधायक डॉ गौतम कृष्ण ने जिला प्रशासन खासकर जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए रोष व्यक्त किया और किसान विरोधी बताया। महागठबंधन के नेताओं ने जिला प्रशासन, कृषि मंत्री और बिहार सरकार से मांग किया कि किसानों के बर्बाद हुए फसल का उचित मुआवजा शीघ्र दिया जाय। अगर सरकार और प्रशासन किसानों के हित में ठोस कदम उठाकर उसको फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा नहीं मिला तो महागठबंधन पुरे जिले में किसानों को एकजुट कर किसान आंदोलन करने को बाध्य होगी और आर-पार निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। महाधरना को सीपीआई नेता ओमप्रकाश नारायण, राजद प्रदेश महासचिव धनिकलाल मुखिया, सीपीएम नेता गणेश प्रसाद सुमन, माले नेता कुंदन यादव, वकील कुमार यादव, सुबोध कुमार, आईआईपी नेता डॉ.धनोज कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष टुनटुन शर्मा, तेजनारायण यादव, मनोज कुमार मगन, मनोज यादव, सतीश साह, भीम कुमार भारती, विवेक कुमार रिंकू, प्रीतम गुप्ता, गुंजन यादव, दुलारचंद यादव, सुरेंद्र यादव, तंजीम अहमद, पवन यादव ने सम्बोधित किया. महाधरना में हजारों की संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता एवं किसान शामिल हुए।

## सुरक्षित स्थान एवं विशिष्ट दत्तक गृह का डीएम ने किया निरीक्षण

**सहरसा (एनएसबी)।** शनिवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक गृह, सहरसा निरीक्षण क्रम के आवासित शिशुओं के देखरेख हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उक्त अवसर पर संदर्भित स्थल के सुरक्षा हेतु की गई व्यवस्थाओं यथाः सीसीटीवी कार्यशीलता की जांच की गई, पंजी संधारण का अवलोकन किया गया। सभी प्रतिनियुक्त कमीयी को सेवाभाव से निर्धारित कार्यों के सम्यक निर्वहन का निर्देश दिया गया है।

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अहंकारी रवैया समस्या का समाधान निकलने में बाधाः शरद कुमार



प्रदर्शन करते अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य कार्यकारिणी के निर्णयानुसार शनिवार को प्रदर्शन के माध्यम से मांग पत्र का संलेख मुख्य सचिव के नाम जिलाधिकारी द्वारा समर्पित किया गया। महासंघ के जिला मंत्री शरद कुमार के नेतृत्व मे आयोजित प्रदर्शन में उन्होने बताया राजस्व कर्मचारी अपनी वाजिब मांग को लेकर विगत 11 फरवरी से ही सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अहंकारी रवैया समस्या का समाधान निकलने में बाधा है। ज्ञात हो कि, अपनी मांगों को लेकर गत वर्ष भी राजस्व कर्मचारी राज्य व्यापी हड़ताल पर गए थे, जिसमें 02 जून 2025 को बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों तथा अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति के बीच आयोजित वार्ता में मांगों के प्रमुख 15 विंदूओं पर सहमति बनी एवं विभाग द्वारा संबंधित पत्र सं. 353(04)/राव दिनांक 04,06,25 भी जारी किया गया। पुनः मुख्य सचिव, बिहार सरकार की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति द्वारा लोक हित में लिए गए निर्णयों पर विचार विमर्श एवं समन्वय हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही द्वारा संबंधित पत्र सं 437(04) दिनांक 09,07,25 भी जारी किया गया। जिसके क्रम सं 02 के कंडिका एक से पांच तक राजस्व कर्मचारी से संबंधित रहे। प्रदर्शन में महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ललित नारायण मिश्र, बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रमन कुमार, जिला मंत्री समरेंद्र सिंह, सुरज ,प्रियंका भारती बमबम झा ,राजस्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार झा, नीरज कुमार, जिला मंत्री सर्वण कुमार, चितेन्द्र नारायण,जवाहर मुख्या, बरुण कुमार, अमित कुमार, अविनाश कुमार, पुष्कर कुमार, प्रेम राज राज किशोर,अली राजा,मणीकांत, रघुवर कुमार दीपक, अनुपम, दिलीप कुमार,स्वास्थ्य संघ के जिला संयोजक कुमार प्रियांशु सिंह नंदकुमार खां, सुरेश यादव, रामचंद्र प्रसाद मंडल, अमित भारद्वाज, संतोष यादव, रुपेश यादव, रंजीत, पीएचडी संघ के बच्चा सिंह सहित विभिन्न संवर्ग विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# रामनवमी सामाजिक समरसता और आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश देती हैः महापौर बेन प्रिया



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर मुख्यालय स्थित बटराहा के प्राचीन बजरंगबली मंदिर में रामनवमी महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम की महापौर बेन प्रिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बन गया और जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा।इस अवसर पर महापौर बेन प्रिया ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश देने वाला महोत्सव है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें सत्य, मयार्दा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है। आज के समय में समाज को इन्हीं मूल्यों की सबसे अधिक आवश्यकता है। महापौर ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और एकता मजबूत होती है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हमारी सांस्कृतिक विरासत जीवित रहती है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से महापौर बेन प्रिया को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। इस सम्मान के लिए महापौर ने आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे नगर निगम और शहरवासियों का है।

## रामनवमी में गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी झलक

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा का किया स्वागत

**सुपौल (एनएसबी)** । रामनवमी के पावन अवसर पर सुपौल शहर में आपसी भाईचारा और सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिला। जहां एक ओर पूरे शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, वहीं दूसरी ओर विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिलकर इस पर्व को और भी खास बना दिया। खास बात ये है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी आगे बढ़कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया, जिससे सामाजिक एकता का मजबूत संदेश देखा गया।

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजर रही इस भव्य शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान हिंदू समुदाय के लोगों द्वारा श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए जगह-जगह सरबत, फ्रूटी और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पूरे उत्साह और गर्मजोशी के साथ शोभा यात्रा का स्वागत किया। सुपौल नगर परिषद क्षेत्र के गनीमत चौक और हुसैन चौक पर मुस्लिम समाज के लोगों ने विशेष रूप से स्वागत की व्यवस्था की थी। हुसैन चौक पर मकसूद साहब, शफीउल हक, जावेद, रफीक समेत कई लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शरबत और पानी पिलाकर उनका अभिनंदन किया। वहीं गनीमत चौक पर समाजसेवी मो० जमाल उद्दीन, वार्ड संख्या 20 के पार्षद प्रतिनिधि शादिक अली, वार्ड 23 के पार्षद राजा हुसैन, वार्ड 22 के पार्षद जावेद अख्तर, फसीउर रहमान, महफूज, आसिफ इकबाल सहित अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर श्रद्धालुओ को पानी फ्रूटी एवं शरबत देकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान दोनों समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को राम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश फैलाया। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम और एकता को मजबूत करता हैं। रामनवमी के अवसर पर एक ऐसा नजारा सुपौल में देखने को मिला यह नजारा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी संस्कृति की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करता है। इस तरह के आयोजन समाज में सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूती प्रदान करते हैं।


रामनवमी जुलूस के बीच शरबत वितरित करते मुस्लिम समुदाय के लोग



## विजेता प्रतिभागीयो को जिला पदाधिकारी ने किया पुरस्कृत




प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान करते डीएम व डीएओ

**सुपौल (एनएसबी)** । 24 मार्च को टाउन हॉल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी को डीएम सावन कुमार के हाथो पुरस्कार प्रदान किया। जिसमे वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं डल्ल’ल्ली मित्र उतने ही अच्छे होते हैं जितनी व्यक्तिगत मित्र में आरएसएम पब्लिक स्कूल सुपौल के आराध्या कुमारी एवं नंदनी कुमारी को पुरस्कृत किया गया । इसी प्रकार विद्यार्थी की सफलता के लिए खेल से ज्यादा किताबें महत्वपूर्ण हैं में विजेता टीम कबीर कृपानाथ प्लस टू विद्यालय हरिहरपुर (छातापुर) के पीयूष कुमार राय एवं नीलू कुमारी पुरस्कृत हुए । वही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव रचनात्मकता के लिए खतरा है के विजेता टीम एमएस मलहद्द, सुपौल की दीक्षा कुमारी एवं अंकित आनंद को पुरस्कार प्रदान किया गया। इंटरनेट एवं मोबाइल फोन एक वरदान है के विजेता टीम रहे प्लस टू विद्यालय सुखपुर के आयत अफरोज एवं खुशी कुमारी पुरस्कृत हुए । इसी प्रकार कोशी नदी बिहार के लिए अभिशाप है, या संपत्ति का स्रोत बन सकती है मे त्रिवेणीगंज की कोमल कुमारी एवं विभा परिहार विजेता रहीं। इसी तरह ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता, बिहार में बापू चम्पारण सत्याग्रह का प्रभाव की विजेता निशा कुमारी रहीं। साहित्य और बिहार में बारा एकमा की राजलक्ष्मी, भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 वर्गः प्रथमः जिज्ञासा सिंह, त्रिवेणीगंज, द्वितीयः श्रुति श्रेया बरुआरी एवं तृतीयः पिंटू कुमार, रसुआर विजेता रहे। वहीं कक्षा 9 से 12 में प्रथमः आर्यन राज आरएसएम पब्लिक स्कूल सुपौल, द्वितीयः राजनंदनी कुमारी, प्रतापगंज, तृतीयः वास्कोडिगामा, परसा उर्दू शामिल है । मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार का हुआ आयोजन, मामलो के निष्पादन की स्थिति दयनिय

**त्रिवेणीगंज/सुपौल।** भूमि संबंधी विवाद के निष्पादन को लेकर शनिवार को अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष में अंचलाधिकारी प्रियंका सिंह एवं थानाध्यक्ष राकेश कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया । इस दौरान जमीन संबंधी विवाद के मामलों की सुनवाई की गई इस बाबत अंचलाधिकारी प्रियंका सिंह ने जानकारी देते बताया कि त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के 51मामलों में 1 मामले का निष्पादन किया गया वहीं जदिया थानाक्षेत्र के 66 मामलों में 5 मामले का निष्पादन किया गया एवं 3 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं प्राप्त आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को साक्ष्य के साथ अगले जनता दरबार की तिथि को उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया है । मौके पर राजस्व अधिकारी राकेश कुमार मौजूद थे ।


जनता दरबार में उपस्थित पदाधिकारी ।

### सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर एवं प्राथमिक सह कन्या मध्य विद्यालय, बीरपुर द्वारा नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूकता कार्यक्रम

**सुपौल (एनएसबी)।** गौरव सिंह, कमांडेंट, 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के कुशल निर्देशन में प्राथमिक सह मध्य विद्यालय, बीरपुर में ड्रग अवेयरनेस (नशा मुक्ति) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के स्कूली बच्चों, शिक्षकगण एवं ग्रामीणों को नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कार्मिकों के साथ-साथ प्राथमिक सह मध्य विद्यालय, बीरपुर के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे । प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु जागरूक रहने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। बता दें कि सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में समय-समय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं ।




### आपदा पीड़ितों के लिए मेगा कैंप, 2.40 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि वितरित

**हाजीपुर (एनएसबी)।** समाहरणालय परिसर स्थित पुष्कर्णी सभागार में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में आपदा पीड़ितों को अनुग्रह अनुदान राशि वितरण के लिए मेगा कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 2 करोड़ 40 लाख 13 हजार 520 रुपये की राशि चेक के माध्यम से लाभुकों के बीच वितरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2019 से लंबित मामलों सहित अब तक प्राप्त सभी प्रकरणों का निष्पादन कर यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी पात्र लाभुक सहायता राशि से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि कई मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी या अन्य कारणों से विलंब हुआ था, लेकिन जिला प्रशासन ने फाइलों का पुनर्सृजन कर सभी लाभुकों को एकमुश्त सहायता प्रदान की है, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।मेगा कैंप में कुल 71 मामलों में अनुग्रह अनुदान राशि वितरित की गई। इनमें 46 मामले डूबने की घटनाओं से, 7 मामले ठनका (आकाशीय बिजली) से, 6 मामले सड़क दुर्घटना से तथा 9 मामले अग्निकांड से संबंधित थे। इसके अलावा अन्य आपदाओं से प्रभावित कुछ मामलों को भी सहायता राशि प्रदान की गई। वर्ष 2025 की बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर राघोपुर प्रखंड के पशुपालकों को पशु चारा मद में भी सहायता दी गई।जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार आपदा पीड़ितों के प्रति संवेदनशील है और मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## अगलगी में चार परिवार के घर व सामान जले

**सड़क नहीं रहने के कारण स्थल तक नहीं पहुंच पाई दमकल की गाड़ी**

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** जदिया पंचायत के फुलकाहा वार्ड 21 में शनिवार की सुबह अचानक लगी आग में चार परिवारों के पांच घर जलकर राख हो गया । आग इतना तेजी से फैला कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला.

अगलगी की घटना में गोसाय शर्मा, मिथलेश शर्मा, पप्पू शर्मा एवं खट्टर शर्मा का घर पूरी तरह से जल गया. पीड़ितों के अनुसार इस घटना में करीब 70 हजार रुपये नकद, दो साइकिल, अनाज, बर्तन, फर्नीचर, कपड़े व महत्वपूर्ण कागजात जलकर नष्ट हो गए. पीड़ित परिवारों के सामने अब रहने और खाने का संकट उत्पन्न हो गया है. घटना के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है. आशंका जताई जा रही है कि आग चूल्हे की चिंगारी या बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी हो सकती है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है. आग लगने के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. सूचना मिलने पर दमकल की भी गाड़ी पहुंच गई, लेकिन गांव तक रास्ता नहीं होने के कारण दमकल आगलगी स्थल तक नहीं पहुंच सकी, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुआ. घटना के बाद पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है. ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा देने और गांव में सड़क सुविधा बहाल करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके ।


जले घर व सामान को देखते परिजन।

## सिमराही में रामभक्तों की ऐतिहासिक शोभायात्रा

# जय श्री राम के नारों से गूंजा नगर

**राघोपुर (सुपौल)** । राम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर पंचायत सिमराही पूरी तरह भक्तिमय रंग में डूबा नजर आया। शनिवार को निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा ने पूरे नगर को मानो अयोध्या का स्वरूप दे दिया। हजारों की संख्या में उमड़े रामभक्तों ने ह्लजय श्री रामह्व के गगनभेदी नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

एनएच-27 किनारे स्थित रामजानकी ठाकुरबाड़ी सह बड़ी दुर्गा मंदिर से मनीष भगत की अध्यक्षता में निकली इस विराट शोभायात्रा में करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। माथे पर भगवा पाग, ललाट पर चंदन और हाथों में भगवा ध्वज व पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र लिए श्रद्धालुओं की टोली जब सड़कों पर उतरी, तो पूरा नगर भगवामय हो उठा।

**चार किलोमीटर लंबी यात्रा, हर रास्ता बना राममय :** शंखनाद के साथ दोपहर 12 बजे शुरू हुई शोभायात्रा राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी से निकलकर एनएच-27, जेपी चौक, हॉस्पिटल रोड, करजाइन रोड, पिपराही रोड, एनएच-106 होते हुए राघोपुर थाना और पोस्ट ऑफिस मार्ग से गुजरती हुई पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। करीब तीन से चार किलोमीटर लंबी इस यात्रा के दौरान हर गली, मोहल्ला और बाजार राममय हो गया।

**जगह-जगह सेवा शिविर, श्रद्धालुओं का हुआ स्वागत :** यात्रा मार्ग में स्थानीय लोगों द्वारा जगह-जगह शरबत, ठंडा पानी, लस्सी एवं अन्य खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने सेवा भाव से किए गए इस स्वागत की सराहना की।

**अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन बना आकर्षण :** पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ निकले युवाओं ने कई स्थानों पर रुककर प्रदर्शन किया, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।




जुलूस में गाजे बाजे के साथ शामिल श्रद्धालुजन ।

### झांकियों और ढाक की धुन ने मोहा मन

शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। घोड़ा सवारी, त्रिकालदर्शी, अघोरी, बाहुबली बजरंगी, अमेरिकी भूत और अन्य रचनात्मक झांकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। एक रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान के साथ मां काली के रूप में सजे बच्चों की जीवंत प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं महाकाल अघोरी ग्रुप का नाट्य प्रदर्शन और माता काली का सजीव रूप देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ढाक की गूंजती धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**मुस्तैद रहा प्रशासन, शांतिपूर्ण संपन्न हुई शोभा यात्रा :** शोभायात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसडीएम नीरज कुमार, एसडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, बीडीओ सतेंद्र कुमार यादव और थानाध्यक्ष अमित कुमार राय के नेतृत्व में महिला एवं पुरुष पुलिस बल पूरे रूट पर तैनात रहे। हर संवेदनशील स्थान पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

**ऐतिहासिक बनी इस बार की शोभायात्रा :** स्थानीय लोगों के अनुसार, सिमराही में हर वर्ष रामनवमी पर शोभायात्रा निकलती है, लेकिन इस बार की भीड़, भव्यता और झांकियों की विविधता ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। नगर ही नहीं, पूरे जिले में इस आयोजन की व्यापक चर्चा हो रही है।

## चैती नवरात्र में दशमी को माता की दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़


माता का दर्शन करते पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव व अन्य।

**किशनपुर स्थित हाट परिसर में मेला कमिटि द्वारा चैती दुर्गा पूजा का किया जा रहा है भव्य आयोजन**

**सुपौल - लालबहादुर।** किशनपुर प्रखंड के हाट परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में चैती नवरात्र में दशमी को पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी । बता दें कि सुबह से ही भक्तजन मंदिर पहुंचने लगे और मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना के साथ अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में विद्वान पंडित शशि झा के द्वारा किए जा रहे मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। पंडित श्री झा ने कहा कि नवरात्रा में दशमी का अलग ही महत्व है इस दिन सच्चे मन से पूजा आराधना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती है।

पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ पिक्कू के अनुसार बीते कई वर्षो से यहां चैती दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया जाता रहा है। पूजा की सफलता में कमिटि के सहयोगी साथीयों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि यहां पाठ के अलावे संध्या आरती एवं भजन काफी मनमोहक होता है लिहाजा काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं । उन्हानें कहा कि पूजा कार्यक्रम समापन के पश्चात भव्य दुर्गा मंदिर निर्माण की नींव रखी जाएगी, इसके लिए प्रबुद्धजनो की शीघ्र बैठकें बुलाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री दर्शन योजना के तहत छात्र-छात्राओ ने विष्णु मंदिर का किया दर्शन

**पिपरा (सुपौल)।** बिहार दर्शन योजना के तहत मध्य विद्यालय रामनगर के 50 एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोशली पट्टी के 61 सदस्यीय छात्र- छात्राओं का दल शनिवार को प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विष्णु मंदिर के लिए रवाना किया गया। छात्र-छात्राओं के दोनों दलों को प्रधानाध्यापक योगेन्द्र मंडल एवं अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस को रवाना करते हुए विद्यालय प्रधान योगेन्द्र मंडल ने कहा कि यह परिभ्रमण छात्र- छात्राओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थलों का भौतिक ज्ञान कराता है, जो कि रटने के बजाय अनुभव-आधारित शिक्षा प्रदान करता है। इसका उद्देश्य व्यावहारिक ज्ञान और शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देना है। इसलिए छात्र- छात्राओं को शिक्षा के साथ- साथ परिभ्रमण बहुत ही जरूरी है। वहीं प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को आध्यात्मिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि विष्णु मंदिर गणपतगंज तीर्थस्थल है। यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में पहचान प्राप्त की है। इन मंदिरों को छात्र-छात्राओं नजदीक से देखेंगे और उसका इतिहास जानेंगे। मौके पर सहायक शिक्षक हरि मोहन झा, मनीष कुमार सिंह, संतोष कुमार, संजय कुमार, चन्द्र भूषण शर्मा, राम किशुन कुमार, हरे राम कुमार, अरूण कुमार पासवान, कुमारी मधु मालती, अर्जुन मंडल, मनीष कुमार आदि मौजूद थे ।


विष्णु मंदिर परिसर में मौजूद छात्र व शिक्षक ।

## संक्षिप्त खबरें

### भजन सम्राट लखवीर सिंह लक्खा का किया अभिनंदन

**खगड़िया।** कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से मां कात्यायनी महोत्सव में आये सुप्रसिद्ध भजन सम्राट लखवीर सिंह लक्खा का कमल भारती ने जिले के कलाकारों की ओर से आत्मीय मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारती ने जिले में कला एवं साहित्य के प्रति लोगों के समर्पण एवं कलाकारों के प्रति अपार स्नेह की बात कही। उन्होंने करीब 34 वर्ष पूर्व लक्खा सिंह के साथ राज्य के अनेक शहरों में कई मंच साझा किए जाने का स्मरण भी कराया। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा करीब 34 वर्ष बाद जिले में बिहार दिवस पर वॉलीवुड सिंगर अल्तमश फरीदी और मां कात्यायनी महोत्सव में लक्खा सिंह के कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार समेत जिले के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी घनश्याम कुमार एवं सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार भी उपस्थित थे।

### पत्नी ने दहेज के लिए मारपीट करने का लगाया आरोप

**गोगरी।** नगर परिषद के वार्ड 13 में नवविवाहिता के साथ मायके से दहेज लाकर नहीं देने पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले मे उक्त वार्ड की रुकसाना खातून ने गोगरी थाने में आवेदन देकर अपने पति फिरदौस अंसारी एवं रौशन खातून पर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त आरोपी आपस में भाई-बहन हैं। दोनों द्वारा मुझे प्रताड़ित किया जाता है कि अपने बाप से कहो दो लाख रुपये दहेज के रूप में देगा। यदि नहीं देगा तो तुम्हें घर से भगा देंगे या जान से मार देंगे। मेरी ननद द्वारा यह धमकी भी दी जाती है कि तुम दोनों में तलाक भी दिलवा देंगे। पीड़िता द्वारा कहा गया कि उसका पिता बर्फ बेचकर किसी तरह अपना जीवन व्यतीत करता है। इतना दहेज कहां से दे पायेगें। शुक्रवार को उनलोगों द्वारा मुझसे मारपीट भी की गयी, तब अंत में मुझे आवेदन देना पड़ रहा है। इस मामले मे गोगरी थानाध्यक्ष परशुराम सिंह ने कहा कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एमएलसी ने पंचायतों का किया दौरा, समस्याओं से हुए अवगत



**गोगरी।** प्रखंड के सर्किल नंबर एक स्थित बलतारा, पौरा मैरा, पकरेल आदि पंचायत का एमएलसी राजीव कुमार ने दौरा किया। इस दौरान जन प्रतिनिधि की समस्याओं से अवगत हुए। पंचायत के वार्ड सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं से एमएलसी को बताया। एमएलसी राजीव कुमार ने विभिन्न समस्याओं के बारे में आश्वासन दिया कि आपलोगों की समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। मौके पर गोगरी के एमएलसी प्रतिनिधि राजू चौधरी मणिभूषण राय, सुशील बिहारी, गोविन्द शंकर, अमित कुमार, मैरा मुखिया सूर्यनारायण मुनि, बलतारा उपमुखिया काजल कुमारी, इनकू कुमार, संजीत कुमार, पकरेल उप मुखिया मुन्नी देवी, उपमुखिया चंदन चौधरी के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में बच्चों को कई बीमारियों के संबंध में दी गयी जानकारी



**खगड़िया।** जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार के तहत मस्तिष्क ज्वर एईएस, जेई से बचाव के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को बताया कि एईएस, जेई से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। साफ सफाई एवं मच्छरदानी का उपयोग सबसे बेहतर विकल्प है। शिक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि जापानी इंसेफ्लाइटिस जेई यानि जापानी इंसेफ्लाइटिस बीमारी जानलेवा होने के साथ-साथ संक्रमण भी फैलाती है। इस बीमारी की पहचान कर एवं लक्षण के अनुसार प्रथम चरण में ही ठीक किया जा सकता है। बीमारी से बचाव का उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग बेहतर विकल्प है। इसके अलावा इस बीमारी से बचने के लिए शुद्ध पानी का उपयोग करना, जल जमाव से दूर रखना, खाने से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोना, मच्छरदानी का उपयोग करने से बहुत हद तक इस घातक बीमारी से बचा जा सकता है। जलीय पक्षी सारस, बगुला, बत्तख के कारण भी मस्तिष्क ज्वर होता है। पक्षी का जूठा फल खाने से भी यह बीमारी होती है। बच्चों को तेज धूप से बचाएं। बच्चों को दिन में दो बार स्नाान कराएं। शिक्षक सिद्धार्थ और निरंजन कुमार ने बताया कि अपने घर के आसपास नाली को साफ सुथरा रखें। साफ सुथरा पानी छानकर पीएं तथा मच्छरदानी लगाकर सोने से हम मस्तिष्क ज्वर से बच सकते हैं। मौके पर शिक्षक रामविनोद साह, रामलाल पंडित, उत्कर्ष कुमार, सार्थक कुमार, दर्श कुमार, प्रियांशु कुमार, निक्की कुमारी, आराधना कुमारी, शिवानी कुमारी, साक्षी कुमारी, संध्या कुमारी, आदित्य कुमार, प्रेम कुमार, आयुष कुमार, बालवीर कुमार, आर्यन कुमार, निधि कुमारी, रक्षा कुमारी, करीना कुमारी और राजदीप कुमार समेत सैकड़ों छात्र और छात्राएं मौजूद थे।

# पसराहा में लगेगा स्टील प्लांट : सम्राट

नवसंदेश ब्यूरो

**युवाओं को मिलेगा रोजगार**



मेले का उद्घाटन करते गिरिराज सिंह व सम्राट चौधरी।

**महद्दीपुर में चार दिवसीय राजकीय चैती दुर्गा मेला के शुभारंभ के मौके पर बोले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी**

**केंद्रीय मंत्री गिरिराज का सनातन मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर**

**खगड़िया।** जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत महद्दीपुर में सुप्रसिद्ध चार दिवसीय राजकीय चैती दुर्गा मेला का विधि-विधान के साथ शुभारंभ किया गया। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समारोह के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार, बेलदौर विधायक पन्नालाल पटेल, परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत, जिलाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार शामिल थे।

मेले के उद्घाटन के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सनातन मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने धर्म की रक्षा को समाज की उन्नति के लिए आवश्यक बताया।

वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने खगड़िया के साथ अपने गहरे जुड़ाव को साझा करते हुए कहा कि परबत्ता की जनता का उन्हें सदैव अपार स्नेह मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हो रहे चहुंमुखी विकास की चर्चा करते हुए भविष्य के रोडमैप पर भी प्रकाश डाला। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि पसराहा में साइलो गोदाम के निर्माण से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से क्षेत्र में आगामी स्टील फैक्ट्री की स्थापना की घोषणा भी की, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र का औद्योगिक विकास सुनिश्चित होगा।

## राशन में कमी और गुणवत्ता का मामला संसद में गूंजा

**खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने उठाया मामला**

**बोले-राशन का पांच किलोग्राम का पैकेट सीधे एफसीआई गोदाम से डीलरों तक पहुंचे ताकि सबको निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण अनाज मिल सके**



लोकसभा में अपनी बात रखते सांसद राजेश वर्मा।

**खगड़िया (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में 80 करोड़ लोगों को राशन दिया जा है। बिहार के खगड़िया समेत कई जिलों में राशन की गुणवत्ता पर प्रश्न उठ रहे हैं। वहीं उपभोक्ताओं को पांच किलोग्राम के बजाए चार किलो राशन मिलने की भी बात सामने आई है। खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा जब आमजनों के बीच पहुंच रहे हैं तो उन्हें शिकायत मिली कि जरूरतमंदों को सरकार के मानक के अनुरूप राशन नहीं मिल रहा है।

सांसद ने डीलरों से इसकी समीक्षा की तो उन्हें जानकारी मिली कि गोदाम से कम मात्रा में उन्हें अनाज मिल रहा है। आमलोगों और सरकार के बीच बिचौलियों का स्थान न बने इसके लिए उन्होंने लोकसभा के पटल पर इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। सांसद ने पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत मिल रहे राशन को लेकर कहा कि सबसे बड़ी कल्याणकारी योजना के तहत 80 करोड लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है।

मेरी लोकसभा खगड़िया सहित बिहार के कई जिलों में देखा जा रहा है कि जितने भी उपभोक्ता हैं उन्हें 5 किलो अनाज मिलना चाहिए लेकिन उन्हें 4 किलो ही मिल रहा है। जब राशन के डीलरों के पास जाकर हम लोग इस बात की समीक्षा करते हैं तो पता चलता है कि गोदाम से उन्हें कम अनाज मिल रहा है। इस कारण डीलर उपभोक्ताओं को कम अनाज दे पा रहे हैं और कई जगह गुणवत्ता पर भी प्रश्न उठ रहा है। मेरा सुझाव मात्र इतना है कि राशन का पांच किलोग्राम का पैकेट सीधे एफसीआई गोदाम से डीलरों तक पहुंचे ताकि सबको निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण अनाज मिल सके।

## अभाविप दक्षिण बिहार की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ

**खगड़िया (एनएसबी)।** अभाविप दक्षिण बिहार की तीन दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी परिषद बैठक का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में बिहार के शिक्षा, शैक्षणिक सुधार, छात्र शक्ति एवं युवा हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी।

बैठक का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश चंद्र गुप्ता, प्रांत संगठन मंत्री दिनेश यादव, विभाग संगठन मंत्री पशुपति नाथ अभिमन्यु एवं व्यवस्था प्रमुख अजय पटेल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि यह प्रदेश कार्यकारिणी बैठक केवल छात्र हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि बिहार के युवाओं और समाज से जुड़े व्यापक मुद्दों पर विचार-विमर्श का मंच है।

प्रांत संगठन मंत्री दिनेश यादव ने अभाविप के पिछले सत्रों के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मां कात्यायनी की पावन धरती पर पुनः प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं का एकत्रित होना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। स्वागत प्रमुख नलिन सिंह ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का मां कात्यायनी की धरती पर हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

व्यवस्था प्रमुख अजय पटेल ने कहा कि खगड़िया के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि पूरे बिहार से आए छात्र प्रतिनिधियों के बीच अभाविप की आगामी योजनाओं की रूपरेखा यहीं तय की जाएगी। मौके पर जिला संयोजक नीतीश पासवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रौशन कुमार, अनुज आनंद, रौशन राणा प्रताप, अमन पाठक, अंशु पाठक, निलेश कुमार, साक्षी कुमारी, दिव्या कुमारी, अनिक कुमारी, भरत सिंह जोशी, पप्पू पांडेय, अनिमेश आनंद, कुमार गौरव, नवीन कुमार रय, लक्की सिंह, दिलखुश सहित प्रदेश भर से आए अनेक छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए एक से बढ़कर एक दांव-पेंच

**मोहनपुर में रामनवमी मेला में आयोजित दंगल देखने उमड़ी भीड़**

**चौथम (एनएसबी)।** चौथम प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर गांव में रामनवमी मेला के अवसर पर शनिवार को दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में देश के कोने कोने से आए पहलवानों ने भाग लिया। दंगल में पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दांव पेंच का खेल दिखाया। इससे पहले दंगल का उद्घाटन स्थानीय जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मिथलेश यादव ने पहलवानों से हाथ मिलाकर किया। दंगल में रोहियार के बलबीर पहलवान और अयोध्या से आए वीरेंद्र पहलवान के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। वहीं रोहियार के कर्मवीर पहलवान ने मध्य प्रदेश के भीम पहलवान को हराया जबकि रोहियार के दुर्गेश पहलवान ने बक्सर से आए विशाल पहलवान को हरा दिया। इसके अलावा कई अन्य पहलवानों ने भी अपने दांव पेंच दिखाया। इधर दंगल को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। उद्घाटन के मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मिथलेश यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि मोहनपुर गांव में वर्षों से रामनवमी मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला से गांव में एकता और सामाजिक भावना और आपसी भाईचारा बढ़ती है। मेला को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह, सचिव मुरारी सिंह, बबन सिंह, भूपेश सिंह, छोटू सिंह, राजीव सिंह, शक्ति, कार्तिक सिंह, शिवन सिंह आदि मौजूद थे।

## आंधी-तूफान से तोरण द्वार गिरा, दुकानदारों को नुकसान

**देर रात आयी बारिश ने चैती मेला की रौनक पर लगाया ब्रेक**

**दुकानदारों द्वारा लगाए गए तिरपाल और अस्थायी शेड उड़ गए, जिससे कई दुकानों का सामान भी भीगकर खराब हो गया**

**परबत्ता (एनएसबी)।** देर रात आई तेज आंधी और बारिश ने चैती मेला की रौनक पर अचानक ब्रेक लगा दिया। मोजाहिदपुर में आयोजित चैती मेला के दौरान परबत्ता हटिया और रहिमपुर मोड़ पर बनाए गए भव्य तोरण द्वार तेज हवा के कारण गिरकर पूरी तरह तहस-नहस हो गए। आंधी के साथ हुई बारिश ने मेले में लगे दुकानों को भी काफी नुकसान पहुंचाया।

दुकानदारों द्वारा लगाए गए तिरपाल और अस्थायी शेड उड़ गए, जिससे कई दुकानों का सामान भी भीगकर खराब हो गया। इस अप्रत्याशित मौसम बदलाव से दुकानदारों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा। कुछ देर के लिए मेले का माहौल अस्त-व्यस्त हो गया और लोगों की भीड़ कम हो गई। हालांकि मौसम सामान्य होने के बाद धीरे-धीरे मेला फिर से पटरी पर लौटने लगा।

### बारिश ने किसानों को एक बार फिर डाल दिया चिंता में

**अगर बारिश के साथ पत्थर भी गिरे तो खेतों में बची हुई फसल भी हो जाएगी पूरी तरह बर्बाद**

**बीते दिनों हुई बारिश से गेहूं, मकई, आम तथा तेलहन फसल की काफी हुई थी क्षति**

**मुआवजे के लिए किसान सरकार के समक्ष रख रहे अपनी मांग**

**खगड़िया (एनएसबी)।** शुक्रवार की रात से शुरू हुई बारिश ने किसानों को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है। किसान चिंतिंत हैं कि यदि इस बार बारिश के साथ तूफान और पत्थर गिरे जो खेतों में बचे हुये फसल हैं वह भी बर्बाद हो जायेगें। हलांकि षुक्रवार की रात बारिश हुई है। आंधी और ओलावृश्टि नही होने से किसान थोड़ी राहत की सांस जरूर लिये हैं। जानकारी हो कि बीते दिनों हुई बारिश से किसानों के गेहूं, मकई, आम तथा तेलहन फसल की काफी क्षति हुई थी। किसान पहले से ही मुआवजा की मांग में जुटे हुये हैं। किसानों को मुआवजा मिले इसके लिये जनप्रतिनिधियों से लेकर विधायक तक आबाज उठा चुके हैं।

## अफवाह फैलाने और जमाखोरी करने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में तेल कंपनियों के प्रबंधकों व एलपीजी वितरकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिले के संबंधित तेल कंपनियों के प्रबंधकों एवं एलपीजी गैस वितरकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। कॉन्फ्रेसिंग में भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम इंडियल ऑयल के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी गैस वितरकों को उनकी मांग के अनुरूप स-समय गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से गैस की संभावित कमी संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही है, जिससे आम लोगों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले एवं जमाखोरी करने वाले या गैस की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि जैसा कि तेल कंपनियों के प्रबंधकों ने गैस की पूर्ण उपलब्धता की जानकारी दी है उसके आलोक में गैस उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अतिरिक्त गैस सिलेंडर की बुकिंग या घरों में गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से गैस उपलब्ध हो सके।

## मानसी का जनता इंटर विद्यालय बनेगा रोल मॉडल स्कूल : मंडल



प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते विधायक बबलू कुमार मंडल।

**विधायक की अध्यक्षता में हुई विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक**

**हाल ही में यहां की दो बेटियों ने टॉपर बनकर विद्यालय का नाम किया है रोशन**

**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर विधायक सह उच्च विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने शनिवार को जनता इंटर विद्यालय, मानसी में प्रबंधकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक से पूर्व विधायक ने पूरे विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत संरचना और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के विकास को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक बबलू मंडल ने कहा कि जनता इंटर विद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान है, जिसे और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में मानसी की दो बेटियों ने बिहार टॉपर बनकर इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह यहां के छात्रों में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक माहौल का परिणाम है। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि जनता इंटर विद्यालय को जिले का रोल मॉडल स्कूल बनाया जाए। इसके लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्लासरूम, समृद्ध लाइब्रेरी और आधुनिक प्रयोगशालाओं का निर्माण कराया जाएगा, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। मानसी के समग्र विकास पर जोर देते हुए विधायक ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह त-संकल्पित हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने विधानसभा में मानसी में कॉलेज निर्माण की मांग उठाई है, ताकि स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी, विद्यालय प्रधान सह उच्च विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव मेनू कुमारी, अनुसूचित महिला प्रतिनिधि नीलम देवी, भू-दाता मीरा देवी, प्रियेश रौशन, शिक्षा प्रेमी अशोक कुमार विद्यार्थी, कुमार प्रभाष महिला कॉलेज खगड़िया के प्रतिनिधि, संजीव कुमार मंडल, सुभाष कुमार यादव, अब्दुल अहद, राजेश आनंद, अभिजीत आनंद, श्रवण कुमार सिंह, सुषमा कुमारी, रवि कुमार, मुरारी कुमार, रिपु रंजन, राजनीति प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद सिंह, गोलू सिंह, आयुष सिंह, अशोक कुमार विद्यार्थी समेत अन्य लोग भी बैठक में शामिल हुए।

## प्रशिक्षण से आता है सेवा और समर्पण का भाव : आलोक




**पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2025-26**

**खगड़िया (एनएसबी)।** भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2025-26 के तहत जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को राष्ट्रव्यापी वैचारिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण दे रही है। 07 मार्च से 14 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को सेवा समर्पण एवं वैचारिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण देना है।

अलौली विधानसभा अंतर्गत अलौली दक्षिणी मंडल मोहराघाट प्रास स्थित सरस्वती स्थान प्रांगण में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी आलोक कुमार विद्यार्थी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य एकात्म मानववाद, अंत्योदय, पार्टी कार्य पद्धति, राष्ट्र निर्माण, सोशल मीडिया प्रभावी उपयोग मैं निपुण बनाना है क्योंकि हमारे संगठन में पद का अर्थ केवल सेवा भाव है। यही कारण भी है कि भाजपा सरकार की योजनाओं और संगठन के नीतियों के निर्माण में जनता और राष्ट्र सेवा का भाव सदैव प्रमुख होता है। यह प्रशिक्षण वर्ग विशिष्ट, अद्भुत और अनोखा कार्य पद्धति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य सक्षम कार्यकर्ता बनाना है।

इस प्रशिक्षण में सात विषय तय किए गए हैं जिसमें वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण केवल राजनीतिक कौशल नहीं बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और दायित्व बोध भी विकसित करता है। प्रशिक्षण वर्ग से संगठन को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने और संगठन की रीति-नीति समझ कार्य पद्धति में सुधार जन सेवा के संकल्प को सुदृढ़ करना यह कार्यकर्ताओं को नई उर्जा प्रदान करता है अनुभव साझा करने का अवसर देता है और संगठन के नीतियों को जमिनी स्तर तक ले जाने में मदद करता है। प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार धमाका, महामंत्री अनिल कुमार गुप्ता वर्ग प्रमुख जामुन साह, रामप्यारी देवी, मनोज ठाकुर, ब्रह्मदेव भगत, रामजतन रजक, डिना सदा, गोरेलाल सदा, विजय कुमार यादव जिला मंत्री भी उपस्थित थे।

## युवक की हत्या मामले में बेलदौर प्राथमिकी दर्ज

**बेलदौर (एनएसबी)।** बेलदौर थाना क्षेत्र के बेला नौवाद गांव से शुक्रवार को बेलदौर थाना पुलिस के युवक का शव बरामद किया था। युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान कुशो शर्मा के पुत्र जय कृष्ण कुमार शर्मा के रूप में हुई थी।

मामले में थानाध्यक्ष अजीत कुमार के अनुरोध पर चलंत फॉरेंसिक जांच टीम भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिए थे। साथ ही गोगरी एसडीपीओ साक्षी कुमारी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले में पूछताछ की थी। अब मामले को लेकर मृतक की पत्नी पुनीता कुमारी के आवेदन पर गांव के ही मनोज शर्मा, रणवीर शर्मा, पंकज शर्मा एवं सार्जन शर्मा पर हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने शनिवार की शाम चार बजे बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन पर कांड संख्या 98/26 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेला में हुई छेड़खानी को लेकर हुई मारपीट

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के मसौमात तलाव केशोपुर के चौती दुर्गा मेला में बीते रात्रि महिला श्रद्धालु के साथ हुए छेड़खानी मामले में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में कुछ श्रद्धालु घायल भी हुए हैं। छेड़खानी लेकर हुए मारपीट की घटना को पूजा समिति के हस्तक्षेप से मामला शांत कर दिया गया। वहीं मेले में तैनात पुलिस कर्मी छेड़खानी की घटना को देखते रह गए।

### सरस्वती विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन

**जमालपुर (मुंगेर)।** सरस्वती विद्या मंदिर दौलतपुर जमालपुर में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन के अवसर पर चार सत्रों में विभक्त कार्यक्रम में 40 आचार्य-आचार्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान शिक्षण-शिक्षा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।कार्यशाला में वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद अभिभावक संपर्क, कार्यशाला का वृतांत, केंद्रीय आधारभूत विषय के क्रियान्वयन, आचार्य कल्याण कोष तथा मातृ घोष्ठी सम्मेलन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही 30 मार्च को विद्यालय में आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव की तैयारियों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य छठु साह, अखिल भारतीय राष्ट्रीय मंत्री कमल किशोर सिन्हा,अध्यक्ष डा़ बच्चन सिंह, समिति सदस्या शैल दीदी,कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, सचिव चंद्रशेखर खेतान सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आचार्यो को प्रेरित किया और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, संस्कार तथा निरंतर विकास पर बल दिया। कार्यशाला आचार्यो के कौशल विकास, विद्यालय की प्रगति तथा समग्र शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर जमालपुर लगातार ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार के शिक्षा जगत में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।कार्यशाला के सफल समापन पर सभी आचार्य-आचार्याओं ने संतोष व्यक्त किया और आगामी वार्षिकोत्सव को भव्य रूप देने का संकल्प लिया।

### जनसेवा ट्रेन में मोबाइल एवं पर्स की छिनतई पैसेंजर ट्रेन में हुई मारपीट

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर भागलपुर और कियूल रेलखण्ड पर अपराधी तत्वों का कहर जारी है। एक बार फिर से चलती ट्रेन में न सिर्फ महिला यात्री का मोबाइल, आभूषण और राशि ट्रेन से ले उड़े। जबकि महिला यात्री रेल थाना जमालपुर में घटना को लेकर आवेदन देने उपरांत लौटने के क्रम में छिनतई करने वालो की पहचान की और विडिओ बनाया। जिसपर ट्रेन में ही करीब 14 अपराधी तत्व महिला सहित उनके पुत्र और एक रेलकर्मी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता भागलपुर जिला के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के तिलकपुर निवासी मनोज कुमार मिश्रा की पत्नी नीतू देवी है। उन्होंने बताया कि उनके पति झारखंड के बोकारो में पुलिस जवान है। उन्होंने बताया कि धनवाद से सुल्तानगंज घर अपने पुत्र प्रियांशु के साथ लौटना था। कियूल स्टेशन से ट्रेन मुजफ्फरपुर भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़े और जमालपुर स्टेशन से रतनपुर के बीच सुरंग के पास ट्रेन धीमी हुई, तभी अचानक एक युवक झपट्टा मारकर मेरी मोबाइल और पर्स लेकर चलती ट्रेन से कूद गया। चोर चोर चिल्लाने के बाद ट्रेन का चेन पुलिंग की और में भी कूदकर पीछा किया, लेकिन हाथ नहीं आया। ट्रेन के एस्कोट पार्टी को बोलने के बाद भागलपुर ले गए। जहां से जमालपुर रेल थाना गई। दोपहर में यहां घटना की जानकारी और आवेदन दिया। मेरे साथ मेरा पुत्र और एक पाटम निवासी सह रेलकर्मी भी साथ थी। शाम करीब 6 बजे जमालपुर भागलपुर पैसेंजर ट्रेन पकड़कर घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जमालपुर से ट्रेन खुलते ही छिनतई करने वाला मेरे सीट के सामने मिल गया। पाटम वाले साथी और पुत्र ने विडिओ बनाना शुरू किया। जिसका विरोध करने लगा और उनके साथ करीब 14 और लोग आ धमके और मुझे, मेरा पुत्र और साथ के साथ मारपीट की। इधर रेल थानाध्यक्ष स्वाराज कुमार ने बताया कि मोबाइल और पर्स छिनतई करने की घटना की जानकारी पीड़िता द्वारा आवेदन देकर मिली है। घटना की जांच की जा रही है ताकि आगे की कारवाई की जा सके।

### तीसरी सुरंग और थर्ड-फोर्थ लाइन के लिए सर्वे के बाद 130 किमी घंटे की होगी ट्रेन की रफ्तार

# जमालपुर-भागलपुर रेलखंड विस्तृत सर्वे अभियान तेज

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर तीसरी सुरंग निर्माण और थर्ड-फोर्थ लाइन बिछाने की बहुप्रतीक्षित परियोजना अब रफ्तार पकड़ चुकी है। राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने विस्तृत सर्वे कर दूसरी सुरंग के दक्षिणी हिस्से में करीब 40 फीट क्षेत्र को चिन्हित करते हुए तीसरी सुरंग के निर्माण का आधार तय किया।सर्वे टीम नक्शों के साथ भागलपुर, नाथनगर, सुल्तानगंज, बरियारपुर, रतनपुर होते हुए जमालपुर के बरियाकोल सुरंग क्षेत्र तक पहुंची। इस दौरान अप लाइन के दक्षिण दिशा में लगातार मापी की जा रही है।

कहीं 50 फीट, तो कहीं 60 और 82 फीट तक भूमि को अधिग्रहण के लिए चिति किया गया है। रेलवे अधिकारियों के साथ राजस्व कर्मी और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की है। दोनों दिशाओं में ट्रेनों का दबाव कम होगा और परिचालन अधिक सुचारू बनेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद ट्रेनों की अधिकतम रफ्तार 110 से बढ़ाकर 130 किमी घंटा तक की जा सकेगी। परियोजना के तहत करीब 200 घरों और कई एकड़ जमीन को अधिग्रहण के दायरे में लाया गया है। रतनपुर से लेकर भागलपुर तक प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन किया जा चुका है। रेलवे प्रशासन का लक्ष्य है कि वर्ष के अंत तक निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए। रेलखंड पर तीसरी लाइन करीब 52.81 किलोमीटर तक बिछाई जाएगी, जिस पर लगभग 1094.53 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस लाइन के बनने से मालगाड़ियों को अलग ट्रैक मिलेगा, जिससे सवारी गाड़ियों की समयपालन क्षमता में बड़ा सुधार होगा।

वर्तमान में दोनों लाइनों पर करीब 200 ट्रेनों का दबाव है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती है। इस बारे में सीपीआरओ कोलकाता शिब्रम माझी ने बताया कि यह पूरी परियोजनाएं से जहां रेल यात्रा सुरक्षित व सुगम होगा, वहीं रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाएगी। ट्रेनों की स्पीड, संख्या, ससमय परिचालन को जोर देगी।



जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर पहले एवं दूसरी रेल सुरंग।

## श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए सेवा शिविर की विधायक ने की सराहना

**जमालपुर (मुंगेर)।** चौती दुर्गा के मौके पर कलिंग्स इंटरनेशनल स्कूल की ओर से सेवा शिविर लगाकर मेले में आए श्रद्धालुओं की सेवा की है। स्कूल की ओर से आयोजित सेवा शिविर की प्रशंसा जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल एवं जदयू जिला अध्यक्ष सौरभ निधि सहित जदयू के कई नेता कार्यकर्ता ने किया।

वही शिविर में पहुंचे विधायक एवं जिला अध्यक्ष का स्वागत अंग वस्त्र स्कूल के संस्थापक उमेश सिंह, डायरेक्टर पंकज कुमार सिंह एवं प्राचार्य राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विधायक ने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं की सेवा करना आस्था एवं समर्पण जैसे कार्यो को बढ़ावा देने के समान है। स्कूल मैं पठन-पाठन के साथ इस तरह का सेवा भाव जैसे कार्य को बढ़ावा देना निश्चित रूप से वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्रा ओजस्वी एवं चरित्रवान बनेंगे।




सेवा शिविर में आभार जताते विधायक।

## डीलर के खिलाफ जनता जनप्रतिनिधि की बैठक

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदार के मनमानी के खिलाफ वार्ड नंबर 24 मैं जानता जनप्रतिनिधि की बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार ने बताया कि डीलर संजय कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य गरीबों के राशन पर हाकमरी कर रहे हैं। प्रति यूनिट 1 किलो अनाज कम देकर लाभुक के साथ दुर्गा व्यवहार भी करते हैं।डीलर के मनमानी पूर्ण रवैया पर विभागीय कार्रवाई नहीं होगी तो जनता इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरेगी। बैठक में विभीषण पासवान, समा देवी, शीला देवी,पूनम देवी, बबीता देवी, राजनंदनी,शोभा देवी, उर्मिला देवी, मनोज दास, दिलीप शर्मा,सदानंद दास सहित कई मौजूद थे ।

## लखीसराय में एलपीजी की कालाबाजारी रोकने को प्रशासन सख्त, बनाया गया कंट्रोल रूम

**लखीसराय (एनएसबी)।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच लखीसराय जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। गैस एजेंसियों और विक्रेताओं के पास उमड़ने वाली संभावित भीड़ और कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्षों के नेतृत्व में त्रिस्तरीय धावा दल का गठन किया गया है। यह दल लगातार भ्रमणशील रहकर कालाबाजारी पर रोक लगाएगा। अब तक जिले में कुल 50 निरीक्षण किए जा चुके हैं। प्रशासन ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्रों में सघन छापेमारी कर रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को सौंपें और दोषियों के विरुद्ध गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। साथ ही, गैस वितरकों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडर की जमाखोरी न की जाए। यदि कोई भी वितरक ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया, तो उस पर विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने किया लखीसराय मंडल कारा का निरीक्षण

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लखीसराय के सचिव विधानंद सागर के नेतृत्व में शनिवार को जिला मंडल कारा लखीसराय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरे में सचिव के साथ चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रजापति झा और सहायक एलएडीसीएस कमलेश कुमार भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने जेल के भीतर बंदियों को मिल रही बुनियादी सुविधाओं और उन्हें दी जा रही विधिक सहायता की बारीकी से जांच की। निरीक्षण दल ने मंडल कारा में स्थित बहुउद्देशीय कक्ष और जेल अस्पताल का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बीमार बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की। इस अवसर पर सचिव ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि जो बंदी आर्थिक तंगी के कारण अपना निजी अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पूरी तरह निरूशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जेल प्रशासन की ओर से निरीक्षण टीम को अवगत कराया गया कि बंदियों के पुनर्वास और कौशल विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## यात्री का सामान लेकर भाग रहे चोर गिरफ्तार, सामान बरामद

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन खड़ी ट्रेन विक्रमशिला के यात्री के कीमती सामान लेकर भाग रहे एक शातिर चोर को रेलवे सीआईबी एवं आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर के बारे में जानकारी देते हुए सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि विक्रमशिला ट्रेन से कुछ संदिग्ध चेहरे की गतिविधि है।

इसी सूचना पर जमालपुर स्टेशन खड़ी विक्रमशिला ट्रेन में सर्च अभियान चलाया गया जिस दौरान एक यात्री सामान लेकर भागने लगा। जब तक संदिग्ध चेहरे को पुकरते तब तक अपने सहयोगी को सामान दे दिए। हालांकि संदिग्ध चेहरे को पकड़ लिया गया। जिसकी पहचान सफियासराय थाना क्षेत्र के इंद्ररुख गांव निवासी रवीश कुमार के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि रवीश कुमार के पास से बरामद सामान भागलपुर जिले के विक्रमपुर गांव निवासी नितेश कुमार का बताया गया है।

उक्त यात्री ने भी लिखित शिकायत कार्रवाई को लेकर पोस्ट में दिया है। इधर आरपीएफ सीआईबी इंस्पेक्टर के लिखित आवेदन पर कार्रवाई करते हुए रेल पुलिस को मामला लिखित रूप से आगे बढ़ाने को लेकर भेज दिया।




गिरफ्तार एवं बरामद सामान की जानकारी देते आरपीएफ।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन

### मंदिर समिति ने विधायक सहित अन्य का किया स्वागत सम्मान

**जमालपुर (मुंगेर)।** जोगी बाबा दुर्गा स्थान रामपुर में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जिसका उद्घाटन अतिथि विधायक नचिकेता मंडल एवं जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पूर्व मंदिर समिति के ओर से दोनों अतिथियों का स्वागत सम्मान माता का चुनरी एवं चादर भेंट कर किया।

दोनों अतिथि ने पहले माता के चरणों में अपने सिर झुकाते हुए पूजा अर्चना करते हुए भक्ति जागरण कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने की अपील पूजा समिति से किया। इधर भक्ति जागरण कार्यक्रम में सहरसा एवं जिले के स्थानीय कलाकार निर्मल सक्सेना, दिलखुश डिंपी कुमार, रिचा कुमारी, नीलू ,प्रीति भाव नृत्य के साथ आकर्षक एवं मनमोहक झांकी भोलेनाथ, मां दुर्गे का प्रस्तुत किया। जबकि भजनों के मीठी-मीठी बोल चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है..मारो अंगना पधारो श्री गणेश.. दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा..राम सिया राम सिया राम जय जय राम..श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में.. जय जय मां अंबे मां.. जय जय मां जगदंबे मां की प्रस्तुति ने श्रोता धर्म प्रेमियों को खूब झुमाया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष किसान संजय सिंह, सचिव राजा कुमार, टुनटुन सिंह, अजय सिंह,विपिन सिंह,पप्पू, सन्नू,सौरभ, राहुल,गौरी साहिल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।



भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक सहित अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### किउल स्टेशन पर लावारिस झोले से 15 बोतल विदेशी शराब बरामद

#### हरियाणा निर्मित शराब लखीसराय उत्पाद थाना को सुपुर्द

**लखीसराय (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत किउल रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे श्अपरेशन सतर्कश् के तहत आरपीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार को स्टेशन पर गश्त के दौरान उप निरीक्षक रमेश कुमार, आरक्षी नवीन कुमार और मनीष कुमार ने प्लेटफार्म संख्या 05 स्थित फुट ओवर ब्रिज के नीचे से एक लावारिश काले रंग का झोला बरामद किया। काफी पूछताछ के बाद भी जब किसी यात्री ने सामान पर अपना दावा पेश नहीं किया, तो संदेह होने पर यात्रियों की मौजूी में झोले की तलाशी के दौरान कुल 15 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसमें 09 बोतल श्रयल स्टैग प्रीमियरश और 06 बोतल श्रयल ग्रीन क्लासिक ब्लेंडेड व्हिस्कीश शामिल हैं। बरामद सभी बोतलें 750 एमएल क्षमता की हैं और उन पर श्फर सेल इन हरियाणाश अंकित है। जब्त शराब की कुल मात्रा 11.250 लीटर आंकी गई है। आरपीएफ ने मौके पर वीडियोग्राफी कराते हुए सुबह 07रू30 बजे जब्ती सूची तैयार की। बरामद शराब को अग्रिम कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज हेतु लिखित शिकायत के साथ उत्पाद थाना लखीसराय को सौंप दिया गया है।आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन परिसर में अवैध गतिविधियों और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।




बरामद शराब की खेप।

### मुंगेर प्रमंडल आयुक्त ने विधि-व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों के संचालन की समीक्षा की

**लखीसराय (एनएसबी)।** मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु जिले में विधि-व्यवस्था को सुढ़ बनाना, अपराध नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाना तथा पुलिस थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान आयुक्त ने जिले की वर्तमान विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से थानों में अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि कैमरों का रखरखाव बेहतर रखा जाए और किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैमरों की नियमित मनिटरिंग से न केवल अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को भी और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। लखीसराय से इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पदाधिकारी श्री मिथिलेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमार और वरीय उपसमाहर्ता शशि कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दें और तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें।



बैठक में भाग लेते डीएम-एसपी।

### सदर अस्पताल में एचआईवी/एड्स एवं सामाजिक सुरक्षा पर संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित

**लखीसराय (एनएसबी)।** शनिवार को सदर अस्पताल लखीसराय के परिसर में सिविल सर्जन ड. जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एचआईवीध्एड्स एवं सामाजिक सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच एचआईवीध्एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों को जड़ से मिटाना तथा संक्रमित मरीजों को सरकार द्वारा दी जा रही सामाजिक सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सिविल सर्जन ड. जयप्रकाश सिंह ने एचआईवीध्एड्स के कारणों और इससे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचआईवी मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई के दोबारा उपयोग, संक्रमित रक्त के चढ़ाने तथा संक्रमित माता से उसके शिशु में फैलता है। उन्होंने समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करते हुए कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ बैठने, हाथ मिलाने या साथ भोजन करने से यह बीमारी नहीं फैलती है। ड़ सिंह ने जोर देकर कहा कि समाज को अपनी सोच बदलनी होगी ताकि संक्रमित व्यक्तियों को भेदभाव का सामना न करना पड़े और वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। बैठक के दौरान एचआईवी एवं एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के विभिन्न प्रावधानों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस कानून के तहत संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और उन्हें उपचार के साथ-साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव के विरुद्ध कानूनी संरक्षण प्राप्त है। इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं, निःशुल्क एआरटी (एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी) और मुफ्त जांच एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मियों और अधिकारियों ने समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संचारी रोग पदाधिकारी सह जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी ड़ श्री निवास शर्मा, उपाध्यक्ष ड़ राकेश कुमार, एड्स नियंत्रण पदाधिकारी अरविंद कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।



बैठक में भाग लेते अधिकारी।

# रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने झोंकी ताकत

## एलपीजी गैस वितरण एवं प्रबंधन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**आरा (एसएनबी)।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में एलपीजी गैस वितरण एवं प्रबंधन को लेकर जूम के माध्यम से एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी एलपीजी गैस सप्लायर आईओसीएल, बीसीसीएल, एचपीसीएल को निर्देश दिया कि जिले में पर्याप्त मात्रा

**जिलाधिकारी ने समयबद्ध आपूर्ति के दिए निर्देश**



गैस आपूर्ति को लेकर हालात का जायजा लेते डीएम तनय सुल्तानिया।

में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की गैस सिलेंडर की कमी नही हो। जिला पदाधिकारी ने सभी एलपीजी गैस वितरकों को निर्देश दिया कि होम डिलीवरी की औसत समय-सीमा 3-4 दिनों के भीतर सुनिश्चित की जाए, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की नियमित जांच करें और इस पर सख्ती से रोक लगाएं। इसके अतिरिक्त, जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की निगरानी करें, ताकि वहां घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल के प्रतिनिधि, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## जिले में घरेलू गैस र्प्याप्त मात्रा में उपलब्ध : डीएम

**आरा (एसएनबी)।** भोजपुर जिला में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। भोजपुर जिला में गैस की आपूर्ति हेतु इण्डेन के कुल 30 वितरक है, जिनके पास कुल 6516 गैस सिलेण्डर, भारत गैस के कुल 06 वितरक है, जिनके पास कुल 2468 एलपीजी सिलेण्डर एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कुल 09 वितरक है, जिनके पास कुल 2074 गैस सिलेण्डर है, इस प्रकार कुल 11058 एलपीजी सिलेण्डर आज वितरण हेतु उपलब्ध है। वर्तमान में एलपीजी सिलेण्डर डिलीवरी के उपरान्त अगला बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं देहाती क्षेत्रों में 45 दिन पर ही होगा। अपने मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर भेण्डर के माध्यम से ही गैस सिलेण्डर प्राप्त करें।

गैस एजेंसी द्वारा होम डिलेवरी करना प्रारंभ कर दिया गया है, इसलिए गैस एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगायें एवं पैनिक बुकिंग न करें। समस्या समाधान हेतु गैस कम्पनी के पभोक्ता आपातकालीन हेल्पलाइन (टोल-फ्री) मुफ्त क्रमांक-1906, आईओसीआई के टोल-फ्री नंबर-1800-23333-555, बीपीसीएल के टोल-फ्री नंबर-1800-22-4344 एवं एचपीसीएल के टोल-फ्री नंबर-1800-2333-555 पर सम्पर्क करें। जिला में एलपीजी गैस वितरण से संबंधित शिकायत के निराकरण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष गठित की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06182-248702 एवं अनुमंडल स्तर पर सदर आरा अनुमंडल का 06182-233325, पीरो अनुमंडल का 06181-223301, जगदीशपुर अनुमंडल का 06181-223048 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सभी अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा होटल/रेस्टोरेन्ट एवं मिठाई दुकानों में छापामारी की जा रही है। दिनांक 28.03.2026 को कुल 12 एजेंसी एवं 05 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कुल 17 जगहों पर छापामारी किया गया है।

## पीएनजी उपयोग बढ़ाने को लेकर बैठक

**आरा (एसएनबी)।** डीएम तनय सुल्तानिया ने जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन के विस्तार को लेकर पीएनजी सप्लायर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में डीएम ने निर्देश दिया कि जिले में पीएनजी उपभोक्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ाई जाए, ताकि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी की समस्या को दूर किया जा सके। बैठक में पीएनजी सप्लायर द्वारा बताया गया कि जिले में वर्तमान में लगभग 10 हजार सक्रिय पीएनबी उपभोक्ता हैं।

**डीएम बोले-घरेलू एलपीजी की पैनिक बुकिंग नही करें**

साथ ही एजेंसी द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि लगभग 15 हजार उपभोक्ताओं ने पंजीकरण एवं भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को अविलंब पीएनजी कनेक्शन प्रारंभ किया जाए, ताकि वे शीघ्र इस सुविधा का लाभ उठा सकें। साथ ही पीएनजी कनेक्शन हेतु लोगों को अधिक जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वर्तमान सक्रिय पीएनजी उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल को उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि लोगों को पीएनजी के उपयोग के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। जिला पदाधिकारी ने सभी पीएनजी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पैनिक बुकिंग नही करें और पीएनजी का अधिकतम उपयोग करें, जिससे गैस की उपलब्धता सभी उपभोक्ताओं के लिए सुनिश्चित हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा जख्मी

**आरा (एसएनबी)।** कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर बाजार के समीप शनिवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार छपरा निवासी सहित दो दोस्तों को रौंद दिया। हादसे में एक की मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त ट्रक सहित अन्य ट्रकों के शीशे को क्षतिग्रस्त कर हंगामा किया। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच उक्त ट्रक को जब्त कर लिया है। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव निवासी महेंद्र डोम का 22 वर्षीय पुत्र संजू कुमार जख्मी उसका दोस्त सारण (छपरा) जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र के नगरांव टोला निवासी मैनेजर महतो का 28 वर्षीय पुत्र विकास कुमार है। शनिवार की दोपहर जब दोनो वापस बाइक द्वारा अपने दोस्त विकास कुमार के साथ बहन के ससुराल से फुलवारी शरीफ ड्यूटी पर लौट रहा था। पुलिस द्वारा संजू कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद कोईलवर पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया।

### इंटर में स्क्रूटिनी व विशेष परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**आरा (एसएनबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम जारी होने के बाद स्क्रूटिनी (उत्तरपुस्तिका पुनर्मूल्यांकन) और विशेष परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो छात्र अपने एक या अधिक विषयों के अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगी। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रति विषय 120 रुपये शुल्क जमा कर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को ह्यजाँच-पड़ताल के लिए आवेदन करेंह्ल लिंक पर क्लिक कर रोल कोड, रोल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करनी होगी। इसके बाद विषय चयन कर शुल्क का भुगतान करना होगा। बोर्ड के अनुसार, स्क्रूटिनी के दौरान कॉपियों में दिए गए अंकों का पुनर्मिलान, जोड़ में त्रुटि सुधार और छूटे हुए प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में अंकों में वृद्धि, कमी या कोई बदलाव नहीं भी हो सकता है। इसके अलावा, जो छात्र अधिकतम दो विषयों में फेल हैं, वे स्क्रूटिनी के साथ-साथ इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा 2026 के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यह अवसर छात्रों को अपने परिणाम सुधारने का एक और मौका प्रदान करता है।

### सदर अस्पताल के इमरजेंसी में बैठे रहे मरीज डॉक्टर गायब, व्यवस्था पर फिर उठ रहे सवाल

**आरा (एसएनबी)।** अपने कारनामे को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाला आरा का सदर अस्पताल एक बार फिर चर्चा में है जहां की सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से घंटो डॉक्टर गायब रहे और मरीज परेशान रहे। यह वाकया 1 घंटे से ज्यादा तक चला जिसके बाद एक बार फिर सदर अस्पताल की व्यवस्था और सिस्टम पर कई सवाल खड़े हो रहे है। बताया जा रहा है कि सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में 2:00 बजे से डॉक्टर महावीर प्रसाद गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन एक घंटा बीत जाने के बाद भी वह नहीं पहुंचे और मरीज एवं उनके परिजन इधर-उधर भटकते दिखे। डॉक्टर के नहीं रहने से उनका काफी परेशानी का सामना करना पड़ा बाद में इसकी सूचना सदर अस्पताल के सिविल सर्जन को दी गई और तकरीबन 1 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद दूसरे डॉक्टर को वहां बुलाया गया तब जाकर मरीजों का इलाज शुरू हुआ लेकिन तब तक मरीज इधर-उधर बिना इलाज के घूमते रहे इस संदर्भ में सिविल सर्जन सदर अस्पताल डॉक्टर शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि रोस्टर में डॉक्टर महावीर प्रसाद गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन उनका फोन लगाने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया और ड्यूटी पर नहीं पहुंचे हैं जो की घोर लापरवाही है इस पर उन्होंने कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई करने की बात कही है अब देखने वाली बात यह होगी कि इस मामले के सामने आने के बाद लापरवाह डॉक्टर पर क्या कार्रवाई हो पाती है।

### सड़क हादसे में जख्मी बुजुर्ग की मौत

**आरा (एसएनबी)।** सड़क हादसे में जख्मी बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक जगदीशपुर थाना के जगदीशपुर वार्ड नंबर-10 निवासी 80 वर्षीय वाल्मीकि भर थे। मृतक के बेटे अनिल भर ने बताया कि वह गुरुवार की दोपहर साइकिल द्वारा घास लाने के लिए बधार में जा रहे थे। उसी दौरान जगदीशपुर बरसी काली माई मंदिर के समीप तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी।

### ट्रक चालक लूटकांड में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (एसएनबी)।** चांदी थाना पुलिस द्वारा ट्रक चालक से लूट कांड में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव से की। गिरफ्तार आरोपित चांदी थाना क्षेत्र के हरदास टोला गांव निवासी नमेन्द्र राय का पुत्र मोनू कुमार है। पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें की इसी वर्ष 15 जनवरी को चांदी थाना क्षेत्र के जोकटा गांव निवासी स्व. राजीव नंदन सिंह के पुत्र सह ट्रक चालक अमोद कुमार सिंह अपना ट्रक लेकर खनगांव पुल के पास से गुजर रहे थे। तभी एक अपाची बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और पिस्टल के बल पर ट्रक चालक के पास रहे 20 हजार रुपये नगद एवं सोने का लॉकेट लूट लिया था।

### यूजी सेमेस्टर चार के परीक्षा फॉर्म दो अप्रैल तक भरे जाएंगे

**आरा (एसएनबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने अकादमिक कैलेंडर को पटरी पर बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में परीक्षा समिति से स्वीकृत कैलेंडर के अनुसार यूजी और पीजी समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में स्नातक सेमेस्टर-4 (सत्र 2024-28) की परीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सेमेस्टर-4 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि भी घोषित कर दी है। नामांकित छात्र-छात्राएं आगामी 2 अप्रैल तक ऑनलाइन माध्यम से अपने परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे।

### ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा (एसएनबी)।** आरा स्टेशन एवं जगजीवन हाल्ट के बीच शनिवार की सुबह घर वापस लौट रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक गजराजगंज ओपी क्षेत्र के चैकीपुर गांव निवासी स्व. चंद्रदेव पासवान का 18 वर्षीय पुत्र श्याम बाबू है।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अंतर-विभागीय बैठक

**आरा (एसएनबी)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, भोजपुर द्वारा बताया गया कि यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए लगाया जाता है। यह टीका 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को लगाया जाएगा। जिले के अंतर्गत कार्यरत अस्पतालों (सदर अस्पताल, आरा तथा रेफरल अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) में यह टीकाकरण पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए लक्षित बालिकाओं को अपने अभिभावक के साथ पहचान पत्र एवं मोबाइल नंबर लेकर आना होगा, ताकि टीकाकरण के साथ ही आप जीत गए पोर्टल पर उनका पंजीकरण किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जन-भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग तथा जीविका समूह के समन्वय से किया जाएगा। बैठक में उपस्थित भारतीय चिकित्सा संघ (भारतीय सैन्य अकादमी) के अध्यक्ष डॉ. पी. सिंह तथा स्त्री रोग विशेषज्ञों की संस्था एफ ओ जी एस आई की अध्यक्षा डॉ. रंजना वर्मा ने आश्वासन दिया कि वे अपने मरीजों एवं उनके अभिभावकों को जागरूक करेंगे। इसके लिए उन्होंने प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराने की आवश्यकता जताई। जिला पदाधिकारी ने इस विषय पर अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त भोजपुर, सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी ने दिया निर्देश- टीकाकरण के लिए करें प्रचार-प्रसार**

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महिला कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

# जल संरक्षण पर किया गया जागरूक

**आरा (एसएनबी)।** जिला गंगा समिति, भोजपुर द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निदेर्शानुसार गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आओ गंगा को जानें एवं जल संरक्षण विषय पर महिला महाविद्यालय, आरा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला गंगा समिति भोजपुर के निदेर्शानुसार किया गया।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच गंगा नदी की स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इस दिशा में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। इस अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे द्वारा पी पी टी प्रजेंटेशन के माध्यम से देश में जल की वर्तमान स्थिति के साथ साथ 100 वर्ष पूर्व की स्थिति तथा आने वाले 100 वर्षों में संभावित चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला जल एवं सुरक्षा समिति के समन्वयक ने जल के महत्व पर प्रकाश




जल संरक्षण विषय पर महिला महाविद्यालय, आरा में संगोष्ठी।

डालते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में जन-जागरूकता लाने में अत्यंत सहायक होते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई प्राध्यापक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. अंजु कुमारी, डॉ. अवधेश, डॉ. अनुपमा, अमरजीत मिश्रा, राघवेंद्र नारायण विकास, डॉ. प्रीति, डॉ. सरोज देवी, डॉ. रश्मि एवं डॉ. विजय बहादुर शामिल थे। कार्यक्रम संचालन बि सी ए विभाग प्राध्यापक अमरजीत मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन राघवेंद्र नारायण विकास, ने किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी, डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने किया।

# बारिश-आंधी ने बिगाड़ी किसानों की सेहत गेहूं, दलहन व सब्जियों पर प्रतिकूल असर

दिलीप ओझा

**शाहपुर।** एक त बबुआ अपने गोर, दूसरे लेले कमरी ओढ़। इन दिनों मौसम की मार झेल रहे किसानों की हालत कुछ इसी कहावत को चरितार्थ कर रही है। पहले ही बाढ़ व वर्षा से खरीफ फसल बर्बाद हो चुकी थी, अब असामयिक वर्षा व तेज हवाओं ने रबी फसलों पर भी संकट खड़ा कर दिया है। किसानों के सामने दोहरी मार की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

भोजपुरी की प्रचलित कहावत है कि अगहन दूना, पुषे सवाई, फागुन चइत बरिसी त घरहुं से जाई। यानी अगहन व पुष माह की बारिश जहां फसलों के लिए लाभकारी मानी जाती है, वहीं फागुन और चैत में होने वाली वर्षा खेती को पूरी तरह बर्बाद कर देती है। इन दिनों हो रही बेमौसम बारिश ने इसी कहावत को साकार कर दिया है। शुक्रवार की देर रात तेज रफ्तार हवा के साथ हुई बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। कई



जगहों पर गेहूं के पौधे जड़ समेत उखड़ गए हैं। इससे बालियों में लगे दानों के छोटे रहने और वजन कम होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट तय मानी जा रही है। सहजौली के किसान रविन्द्र चैधरी व खांटी एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक उमेश चंद्र पांडे ने बताया कि बारिश और तेज हवा के संयुक्त प्रभाव से गेहूं की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। खेतों में गिरी फसल अब सड़ने की स्थिति में पहुंच सकती है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। वहीं सब्जी की खेती पर भी मौसम की मार साफ दिख रही है। परवल की लताओं में लगे फूल टूटकर गिर गए हैं, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ना तय है। शाहपुर के किसान हरेराम महतो ने बताया कि नेनुआ, लौकी, बोरो व भिंडी की फसल भी तेज हवा और बारिश से प्रभावित हुई है।

## एसपी ने किया जगदीशपुर एसडीपीओ कार्यालय एवं धनगाई थाना का निरीक्षण

**जगदीशपुर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा शनिवार को जगदीशपुर एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने जगदीशपुर थाना के सभी अनुसंधानकताओं के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना अंतर्गत लंबित सभी कांडों की गहन समीक्षा की और अनुसंधान की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावे स ं ब ं ध ि त अधिकारियों को अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख्तिय, दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत राज में थाना में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अनुसंधानकताओं को मामले के शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी अनुसंधान व निष्पादन सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण, अपराध नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने तथा जनता को त्वरित व बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया एवं पुलिस कार्यों में पर्दाशिता बनाए रखने का भी निर्देश दिया।



केस डायरी को नियमित रूप से अधतन करने एवं सभी मामलों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्वक निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक ने धनगाई थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्था, सीसीटीएनएस, अभिलेखों के संधारण,

## शाहपुर नगर पंचायत को मिला नया ईओ, रुके कार्यों को मिलेगी रफ्तार

**शाहपुर (एसएनबी)।** बिहिया नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने शाहपुर नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने नगर के विकास कार्यों को गति देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में जो भी कार्य लंबे समय से लंबित हैं। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। इसके साथ ही शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। गौरतलब है कि शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी को प्रधान सचिव द्वारा निलंबित किए जाने के बाद से यह पद खाली था। ऐसे में नए ईओ के प्रभार संभालने से नगर के विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के नन्हे सितारों ने रची कहानियां, हुआ विमोचन

# वार्षिक रिजल्ट डे के दिन विश्व पटल पर छाई पुस्तकें

**आरा (एसएनबी)।** ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय ने 28 मार्च, अपने वार्षिक रिजल्ट डे को ऐतिहासिक बना दिया। विद्यालय के 14 बाल लेखकों की स्वरचित पुस्तकों का भव्य विमोचन हुआ। स्थानीय ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के नन्हें लेखकों ने अपनी कल्पनाशीलता के आधार पर प्रेरक कहानियों की पुस्तकें रच दीं।

इन पुस्तकों का विमोचन डॉ. सविता रूंगटा, प्रो. रणविजय कुमार, डॉ. तुषार आर्या, निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन, प्राचार्या सीपी जैन, डॉ. हर्षित बिजय जैन ने संयुक्त रूप से किया। प्रो. रण विजय कुमार ने कहा कि इन नन्हे बाल लेखकों ने कमाल कर दिया है। इमेजिनेशन तो सभी कर लेते हैं, लेकिन उन्हें कलमबद्ध करना एक सराहनीय




कहानियों का विमोचन करते नन्हें साहित्यकार व अतिथिगण।

कदम है। डॉ. सविता रूंगटा ने कहा कि आज की इस आधुनिक युग में दादी-नानी की कहानियां विलुप्त हो रही हैं। आज के डिजिटल जमाने में इस प्रकार बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्हें इतना अच्छा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय अपनी स्थापना काल से ही शिक्षा के साथ-साथ छात्रा-छात्राओं को कलात्मक और रचनात्मक कार्यो के लिए प्रेरित करता रहा है।

प्राचार्या डॉ. सीपी जैन ने बताया कि जब विद्यालय में छात्र-छात्राओं को ये सूचना दी गई कि आप अपनी कल्पना से कहानियां लिखें, तो बाल लेखकों की होड़ लग गई। पुस्तक प्रिंट की कॉर्डिनेटर जिनवाणी जैन ने लेखन से प्रकाशन तक के सफर पर प्रकाश डालते हुए सभी 14 बच्चों का नाम बताया। ये वर्ग 4 से 9 तक के सुधाकर सिंह, रवनीत कुमार, सारिका भारद्वाज, वैष्णवी, आस्था रानी, नव्या जैन, राजवीर सिंह, साक्षी परमार, श्रेष्ठ बिजय जैन, श्रेया, नायरा कश्यप, सात्विक वर्मा, आन्वी आर्या, आरण्य शिवाली हैं। कार्यक्रम में दीपक अकेला, अरिहन्त बिजय जैन, चतुरानन ओझा, रोमू जैन, दीपक उपाध्याय, अभय कुमार, भीम, विरेन्द्र, आशुतोष दीक्षित, विकास आदि समेत सैकड़ों अभिभावकगण उपस्थित थे।




संकल्प सभागार, 1 अणे मार्ग में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करते नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव।

## रसोई गैस की किल्लत तथा पेट्रोल-डीजल व बिजली दरों में संभावित बढ़ोतरी के खिलाफ चरणबद्ध विरोध करेगी कांग्रेस

**राहत मिलने तक कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी : राजेश राम**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर एलपीजी की भारी किल्लत, पेट्रोल-डीजल एवं बिजली की दरों में संभावित बढ़ोतरी के खिलाफ राज्य में चरणबद्ध विरोध कांग्रेस पार्टी करेगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि आम जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से त्रस्त है। रसोई गैस की उपलब्धता में भारी कमी और पेट्रोल-डीजल व बिजली की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि 31 मार्च को वरिष्ठ नेताओं के द्वारा जिला और प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया जाएगा जिसके बाद 2 अप्रैल 2026 को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर कांग्रेसजनों द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। इसके बाद 3 अप्रैल को राज्य मुख्यालय पर व्यापक प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में आयोजित होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों तथा प्रदेश पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित कर बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करें। राजेश राम ने कहा कि जब तक आम जनता को एलपीजी, महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से राहत नहीं मिलती, तब तक कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रविवार को फीट पटना मेराथन को लेकर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**पटना (एसएनबी)।** रविवार 29 मार्च को जे.पी. गंगा पथ पर फीट पटना मेराथन ' का आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। सुबह 04:00 बजे से 10:00 बजे तक जे.पी. गंगा पथ (मरीन ड्राइव) जे.पी. गंगापथ पार्किंग जोन से कमिश्नर गोलंबर (हर हर गंगे अंडरपास' तक वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। दीघा गोलंबर से कमिश्नर गोलंबरः उत्तरी लेन में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वैकल्पिक व्यवस्थाः गंगा पथ पर वाहनों का परिचालन केवल दक्षिणी लेन में होगा। इसी तरह अटल पथ पर पश्चिमी लेन के वाहनों का परिचालन पूर्वी लेन में किया जाएगा। ट्रैफिक एसपी सागर कुमार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि कृपया ट्रैफिक नियमों का पालन करें, वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करें और इस आयोजन को सफल बनाने में पटना पुलिस का सहयोग करें!

### अयोध्या में जीयर स्वामी जी द्वारा आयोजित यज्ञ का समापन

**आरा (एसएनबी)।** राजघाट अयोध्या में जीयर स्वामी जी द्वारा आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आज समापन हो गया। यज्ञ मंडप में आज 5000 यजमानों द्वारा अंतिम आहुति के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति कर दी गई। धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण भारत सहित देश के कोने-कोने से सैकड़ों की संख्या में संत महात्मा व पीठाधीश्वर आदि लोगों का मंच पर जीयर स्वामी तथा उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सबको अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। संतों में प्रमुख रूप से गादी स्वामी जी महाराज अहोबिल जीयर स्वामी जी महाराज. चिन्ना जीयर स्वामी जी महाराज। श्री विलुपुनूर जीयर स्वामी जी महाराज. श्री विशेष प्रसन्न तीर्थ स्वामी जी महाराज। श्री जगतगुरु वल्लभाचार्य द्वारकेश लाल जी महाराज डॉ संत स्वामी जी महाराज श्री स्वामी श्रुति प्रकाश जी महाराज श्री शुभम बलराम दास जी महाराज श्री आत्मतत्व दास जी महाराज श्री मन्नारगुडी स्वामी जी महाराज श्री बद्री भट्टा स्वामी जी महाराज श्री वरदराजन जी महाराज श्री आत्मानंद जी महाराज श्रीनिवास राघवन जी महाराज श्री निधि स्वामी जी महाराज सहित सैकड़ो की संख्या में साधु संत एक मंच पर विराजमान थे। श्री गादी स्वामी जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा की धन्य है ऐसे लोग जो अयोध्या जैसे पावन धरती पर इस तरह का यज्ञ कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि इस मौके पर उत्तर प्रदेश बिहार झारखंड दिल्ली दक्षिण भारत सहित जगहों से हजारों की संख्या में भक्तगण धर्म सम्मेलन में हिस्सा लेने हेतु पहुंचे थे। कार्यक्रम को देखकर श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज कर रहे थे तथा इसे सफल बनाने में मलू उपाध्याय राहुल सिंह वीरेंद्र दुबे कमलेश सिंह तथा बच्चा दुबे व परमानंद जी महाराज लग रहे।

### ट्रेनों में अवैध वसूली करने वाले राजस्थान और पंजाब की 12 महिलाएं गिरफ्तार

**आरा (एसएनबी)।** आरा जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष अभियान के दौरान ट्रेनों में यात्रियों से डरा-धमकाकर अवैध वसूली करने वाली राजस्थान और पंजाब की रहने वाली कुल 12 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के निर्देशन में यह कारवाई की गई। सूचना मिली कि ट्रेनों में जबरन पैसे वसूलने और यात्रियों को परेशान किया जा रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों के साथ बदसलूकी और जबरन पैसे मांगने की शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुँच रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए आरा आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने एक विशेष टीम का गठन किया। शनिवार को सउनि पी.के. भारती और आरक्षी कन्हैया कुमार ने विभिन्न ट्रेनों में सघन तलाशी अभियान चलाया और मौके से एक दर्जन महिलाओं को रंगे हाथ धर दबोचा। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि इन महिलाओं के खिलाफ रेल अधिनियम की कड़ी धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई का संदेश स्पष्ट है कि रेलवे परिसर और ट्रेनों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ह्यह्ययात्रियों की सुरक्षा और उनका सुखद सफर हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ट्रेनों में अवैध वसूली या किसी भी तरह का उत्पीड़न करने वालों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।ह्यह्य

### आरा के एसबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मीना कुमारी की अध्यक्षता में बैठक

**बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी, बिना जांच नहीं मिलेगा प्रवेश**

**आरा (एसएनबी)।** एस बी कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष परीक्षा, सत्र 2025-27 के सफल एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. मीना कुमारी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. नीतू देवी ने बताया कि परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों की सघन जांच की जाएगी। बिना प्रवेश-पत्र के किसी को भी अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा और किसी भी प्रकार की अतिरिक्त सामग्री ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, थैला अथवा किसी प्रकार का कागज ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। इसके साथ ही किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश और फोटोग्राफी पर भी सख्त रोक रहेगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिकता परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्राधीक्षक, वीक्षक एवं संबंधित अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी को भी पत्र भेजकर सहयोग का अनुरोध किया गया है।

### शराब सहित बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार

**बिहिया (एसएनबी)।** बहोरनपुर थाने की पुलिस ने गश्ती के दौरान बाइक पर लादकर ले जा रहे अंग्रेजी शराब सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर बहोरनपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी मनोज यादव का पुत्र सोनू कुमार यादव है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त तस्कर यूपी से गंगा नदी के रास्ते शराब लेकर बिहार में आ रहा था। पुलिस ने तस्कर को पुरुषोत्तमपुर गांव के समीप मोड़ के पास से उसे धर दबोचा। तस्कर के पास से पुलिस ने झोले में रखे 180 एमएल की मात्रा वाले 82 पैकेट टेट्रा पैक शराब जब्त किया है। पुलिस ने बाइक और शराब को जब्त करते हुए पकड़े गए तस्कर से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# 25 करोड़ के ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर चढ़े पटना पुलिस के हत्थे

**पुलिस का जवान ही निकला ड्रग्स तस्कर गिरोह का मास्टरमाइंड, तलाश जारी**

नव संदेश ब्यूरो



**एसएसपी ने संवाददाता सम्मेलन में दी जानकारी**

**आलमगंज थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में चल रहा था धंधा, पुलिस पहुंची तो भागने लगे दोनों धंधेबाज**

**पटना।** शराब बंदी के बाद सूबे में मादक पदार्थों की तस्करी कर बाजार में नशे के कारोबार को बढ़ाया जा रहा है। मादक पदार्थों की बढ़ती तस्करी को लेकर पटना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 करोड़ के ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को दबोचा है। पुलिस ने आलमगंज और रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में कार्रवाई की है।

मामले की जानकारी एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने पत्रकारों को दी। पुलिस के मुताबिक 27 मार्च को गुप्त सूचना मिली कि आलमगंज थानाक्षेत्र स्थित ईस्ट ऑफ गाँधी सेतु होप रॉयल ग्रीन अपार्टमेंन्ट सोसाइटी एसोशिएशन के कमरा न0-401 में कुछ तस्कर नशीला पदार्थ का बड़ा खेप कही से लेकर आये है। त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना के सत्यापन करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिटी-1 के नेतृत्व में विशिष्ट आसूचना ईकाई के टीम एवं अपर थानाध्यक्ष आलमगंज के साथ छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल द्वारा उक्त स्थान पर पहुँच कर अपार्टमेन्ट का घेराबंदी करते हुए कमरा न0-401 के अंदर जा कर छापामारी किया गया, पुलिसबल को देख कर वहाँ उपस्थित दो व्यक्ति भागने लगे, उपलब्ध पुलिस बल के सहयोग से दोनो व्यक्ति पकड़ कर पूछताछ किया गया तो अपना नाम जितेन्द्र कुमार और नितीश कुमार बताये। इन दोनो के सहमती से कमरा की विधिवत तलाशी लिया गया तो कमरे से तैयार ब्राउन शुगर जिसका कुल वजन-1.681 किलोग्राम एवं नगद 02 लाख 15 हजार रुपए 07 मोबाईल एवं एक टेम्पू बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र कुमार के निशानदेही पर रामकृष्णानगर थानान्तर्गत खेमनी चक स्थित हिमाशु प्रभाकर के किराये मकान के कमरे से 1. एक प्लास्टिक के झोला में स्मैक का "कट" जिसका कुल वजन 16 किलोग्राम (पत्थर एवं पाउडर सहित) 2. "पावर" जिसका कुल वजन 3.500 किलाग्राम 3. तीन छोटा डिजिटल इलेक्ट्रीक तराजु बरामद किया गया है। बरामद मादक पदार्थ (स्मैक / ब्राउन सुगर) का अंतर्राष्ट्रीय मुल्य करीब 25 करोड़ रुपए है। इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी किया जा रहा है। इस संदर्भ में आलमगंज थाना कांड दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि ब्राउन शुगर मामले में पुलिस का जवान मास्टर माइंड है, पुलिस उसके साथ अन्य की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### खाद की कालाबाजारी से स्पष्ट हो गया कि लूट वाली सरकार चल रही : एजाज

**पटना (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि बिहार में सरकार किस तरह से चल रही है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है ये उसी तरह से है कि किसी की टोपी किसी का सर ? सत्ता की कवायद में मलाई के लिए लड़ाई चल रही है जिसके कारण बिहार के किसान और मजदूर के साथ आमजन बेहाल है ,और उनके प्रति सरकार का कोई सोच नहीं है।

बिहार में सत्ता के मद में सत्तारूढ़ दल के नेता जनता के हितों और बिहार के विकास के कार्यों को छोड़कर सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी में लगे हैं। और इस बात में लगे हुए है कि किसी भी तरह से मोदी और अमित शाह खुश हो जाए, जिससे कि उनकी राजनीतिक आभा बनी रहे। एजाज ने कहा कि बिहार के कृषि मंत्री भी अपने विभाग का काम छोड़कर इन दोनों नेताओं को खुश करने की राजनीति में बड़ी-बड़ी बातें कह रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि बिहार में खाद की किल्लत और कालाबाजारी हो रही है। और अब बीज में भी धांधली की बातें सामने आ रही है सरकार में बैठे हुए मंत्री किसानों के हित में कोई कार्य नहीं कर रहे हैं ऐसा लगता है कि किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है और यह अपने राजनीतिक गोटी सेट करने में लगे हुए हैं।

## भाजपा-जदयू को बस सत्ता की चिंता, जनता की नहीं : अरुण

**पटना (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने नीतीश-भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है, इसीलिए अपराधियों में पुलिस और कानून का डर नहीं है। राज्यभर में बेखौफ अपराधी तांडव मचा रखा है। राज्यभर में अपराधी प्रत्येक दिन दिलदहलाने वाली आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है, निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दे रहा है। वहीं शासन प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है।

उन्होंने ने कहा कि पिछले 48 घण्टे के अंदर राज्यभर में अपराधियों ने दर्जनों लोगों की निर्मम हत्या कर दी। भागलपुर के नाथनगर में अपराधियों ने युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी। रोहतास में एक युवक की हत्या कर दी गई। सासाराम के मुरादाबाद इलाके में एक व्यक्ति की दिनदहाड़े बीच सड़क पर पीट पीटकर हत्या कर दी गई। सिवान में अलग-अलग घटना में तीन युवकों को गोली मार दी गई। नालंदा के हरनौत में एक 16 वर्षीय छात्रा की घर मे घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उदाहरण मात्र है। राज्यभर में ऐसा एक भी दिन नही है जिस दिन दर्जनों हत्या नहीं होती है।

राज्यभर में ऐसा लग रहा है कि मानो राज्य में कानून का राज नहीं, बल्कि अपराधियों का राज स्थापित हो गया है। सरकार में बैठे लोगों को जनता की चिंता नहीं है। सरकार में बैठी भाजपा-जदयू को बस सत्ता, कुर्सी और कमीशनखोरी से अवैध कमाई की चिंता है। राज्य की जनता भगवान भरोसे जीने को मजबूर है।

### नवयुवक संघ ने शरबत और शीतल जल से किया रामभक्तों का स्वागत

**जगदीशपुर (एसएनबी)।** भव्य शोभा यात्रा के दौरान रामभक्तों की सेवा के लिए नवयुवक संघ द्वारा जगदीशपुर के डीएम रोड में शरबत और शीतल जल का स्टॉल लगाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि नवयुवक संघ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी परंपरा को निभा रहा है। सेवा कार्य का अवलोकन करने पहुंचे नगर के गणमान्य नागरिक सुरेंद्र साह, अर्जुन प्रसाद, गणेश सोनार और ने कार्यकताओं के इस प्रयास की जमकर सराहना की। उन्होंने सतीश कुमार गुप्ता को आशीर्वाद देते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से जनसेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और युवाओं को ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मौके पर सतीश कुमार गुप्ता, अप्पू जी, मिलन कुमार, नीरज कुमार सुनील जी, टिंकू जी, अर्जुन मास्टर, संतोष कुमार, दिलीप कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत में एलपीजी व पेट्रोल पर नहीं होगा इजरायल-ईरान युद्ध का असर : प्रभाकर

**भाजपा प्रवक्ता बोले-सरकार के पास है हर संकट का समाधान**

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि इजरायल-ईरान युद्ध का भारत पर असर नहीं पड़े, इसके लिए केंद्र सरकार तत्पर है। देश में एलपीजी और पेट्रोल की कोई कमी नहीं होगी। हां, यह जरूर है कि वैश्विक स्थिति को देखते हुए लोगों को बुद्धिमता के साथ इस्तेमाल करना चाहिए। बिहार में भी एलपीजी की कोई कमी नहीं है, इसलिए किसी को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है।

श्री मिश्र ने आज यहां कहा कि भाजपा पर देश को भरोसा है और पीएम मोदी के प्रति देशवासियों का अटूट विश्वास है। लोग जानते हैं, पीएम मोदी के पास हर संकट का समाधान है। कोरोना काल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो साहस के साथ साथ समाधान निकाला, उसका पूरी दुनिया कायल है। भारत ने पड़ोसी समेत विश्व के कई देशों को वैक्सीन भेजकर आपदा के समय मदद की। श्री मिश्र ने कहा कि निश्चित तौर पर युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। भारत हमेशा विश्व शांति के मार्ग पर चला है और किसी भी विवाद को सं वाद के माध्यम से हल ढूंढ़ने का हिमायती रहा है। यही वजह है कि जब दो देशों के बीच युद्ध की स्थिति बन जाती है, तो समाधान के लिए पूरा विश्व उम्मीद भरी नजरों से भारत की ओर देखता है। यह वैश्विक फलक पर भारत की बढ़ती साख को दशार्ता है। भारत की नीतियों की आज हर तरफ सराहना हो रही है।

## पारंपरिक बिहारी स्वाद के साथ अब मिलेगा बीकानेरवाला का खास अंदाज

**भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सगुना मोड़ में बिहार-झारखंड के पहले बीकानेरवाला आउटलेट का किया शुभारंभ**



**पटना (एनएसबी)।** राजधानी पटना के सगुना मोड़, दानापुर में बिहार-झारखंड क्षेत्र के पहले बीकानेरवाला आउटलेट (स्वीट हाउस एवं रेस्टोरेंट) का भव्य शुभारंभ पूर्व सांसद एवं लोकप्रिय भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

शुभारंभ के दौरान दिनेश लाल यादव ह्यनिरहुआह्न ने कहा कि बीकानेरवाला अपने उत्कृष्ट स्वाद, गुणवत्ता और भरोसे के लिए देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पहचान बना चुका है। अब बिहार की धरती पर इसका आगमन यहां के लोगों के लिए एक नई सौगात है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता खाने-पीने की शौकीन है और यहां के लोग अच्छे स्वाद को तुरंत स्वीकार करते हैं। उन्हें विश्वास है कि यह आउटलेट स्वाद प्रेमियों के बीच खास पहचान बनाएगा। इस दौरान उन्होंने चाट-पापड़ी का स्वाद भी लिया और इसकी सराहना करते हुए कहा कि यहां का जायका लोगों को बार-बार आने के लिए प्रेरित करेगा।

बीकानेरवाला के एमडी श्याम सुंदर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पटना में पहला आउटलेट शुरू करना हमारे लिए गर्व और खुशी का विषय है। यह बिहार-झारखंड क्षेत्र में हमारी यात्रा की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्ध संस्कृति और विविध खान-पान परंपरा को ध्यान में रखते हुए यहां ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता, स्वच्छता और बेहतरीन सेवा के साथ स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि बीकानेरवाला केवल स्वाद का केंद्र ही नहीं, बल्कि परिवारों के लिए एक पसंदीदा मिलन स्थल भी बने। इस अवसर पर डायरेक्टर राधे मोहन अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, करण गोयल, सीईओ सुरेश गोयल, सीओओ अनुराग शर्मा, जीएम सुनील त्रिपाठी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और उपस्थित लोगों ने नए आउटलेट का स्वाद चखते हुए अपनी खुशी व्यक्त की।

**एएन कॉलेज के संपत्ति कर/सेवा कर से संबंधित 13 करोड़ रुपये के बकाया का हुआ समाधान**

## वन टाइम सेटलमेंट के तहत चुकाये 4.37 करोड़




**पटना (एनएसबी)।** ए. एन. कॉलेज, पटना के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में वर्ष 1995 से लंबित महाविद्यालय के संपत्ति कर/सेवा कर से संबंधित लगभग 13 करोड़ रुपये के बकाया दायित्व का सफलतापूर्वक समाधान कर लिया गया है।

विदित हो कि वर्ष 1995 से अब तक महाविद्यालय द्वारा संपत्ति कर/सेवा कर का भुगतान नहीं हो सका था, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 13 करोड़ रुपये की बड़ी राशि बकाया के रूप में लंबित हो गई थी। यह मामला वर्ष 1995 से अब तक महाविद्यालय के पिछले लगभग 12 प्राचार्यों के कार्यकाल के दौरान भी लंबित रहा, परंतु इसका समाधान नहीं हो सका था।

वर्तमान प्राचार्या प्रो. रेखा रानी के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रशासन ने इस दिशा में सक्रिय पहल करते हुए बिहार सरकार द्वारा लागू वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाया। इस योजना के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा 4,37,50,087/- (चार करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार सतासी) रुपये का एकमुश्त भुगतान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कुल लगभग 9, 07, 66, 166 (नौ करोड़ सात लाख छियासठ हजार एक हजार छियासठ) रुपये की छूट प्राप्त हुई। इस प्रकार वर्तमान प्राचार्या प्रो. रेखा रानी के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रशासन ने वर्षों से लंबित कर दायित्व से महाविद्यालय को पूर्णतः मुक्त करते हुए कुल लगभग 9 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय बचत सुनिश्चित की है। प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने इस उपलब्धि को महाविद्यालय के वित्तीय सुद्दढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इस निर्णय से महाविद्यालय के शैक्षणिक विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण तथा छात्र-हित से संबंधित योजनाओं को भविष्य में और गति मिलेगी। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के दीर्घकालीन हित में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल बताया है।

### काली मईया होखऽ ना सहईया ए रामा...

**तरारी (एसएनबी)।** मां बरेजी ट्रस्ट के तत्वाधान में, रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रखंड के जेठवार काली मंदिर में श्री छोटन राय उर्फ नागा जी की पुण्य स्मृति में ह्लरात जागा चैता समारोहह्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विदित हो कि श्री छोटन राय उर्फ नागा जी की पावन स्मृति में पिछले 5 वर्षों से चैता कार्यक्रम का भव्य आयोजन होता आ रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया मुन्ना कुमार व ट्रस्ट के जन संपर्क अधिकारी, समाजसेवी विनय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया मुन्ना कुमार ने अपने संबोधन में नागा जी को याद करते हुए कहा कि नागा जी जिले के प्रसिद्ध पारंपरिक ढोलक वादक थे। विनय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि छोटन राय उर्फ नागा जी ने कई प्रतियोगताओं में जीत दिला प्रखंड और जिले का मान सम्मान बढ़ाया।